ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • माघ शुक्ल पक्ष 02 • विक्रम संवत 2079 • सोमवार, 23 जनवरी 2023 • वर्ष-23 • अंक-348 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50

आज है नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती (पेज-8)

हैवानों की शिकार बनी महिला हारी जिंदगी की जंग

हजारीबाग की है घटना, 15 दिनों बाद अस्पताल में महिला ने तोड़ा दम

बदमाशों ने दुष्कर्म के बाद जला दिया था जिंदा

रिम्स के सर्जरी वार्ड में चल रहा था इलाज

नवीन मेल संवाददाता। रांची

हजारीबाग के चरही में बीते सात जनवरी को एक महिला के साथ कुछ बदमाशों ने सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास किया। साथ ही उसका हाथ बांधकर जिंदा जला दिया। गंभीर रूप से झुलसी महिला को रिम्स में भर्ती कराया, जहां वह मौत से जंग लड़ रही थी।

आखिरकार 15 दिन बाद रविवार को उसने दम तोड़ दिया। पीड़ित के पिता ने बताया कि पिछले 15 दिन से उनकी बेटी का इलाज रिम्स के सर्जरी वार्ड में डॉ. आरएस शर्मा की निगरानी में चल रहा था। डॉक्टरों ने पहले ही बता दिया था कि उसकी बेटी 70 फीसदी जल चुकी है, ऐसे में उसका बचना मुश्किल है। उन्होंने आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की है। उनकी बेटी ने मजिस्ट्रेट के सामने बयान दिया था कि उसके पति के दो भांजे और पड़ोसियों समेत चार लोगों ने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया और खटिया में बांधकर उसे जिंदा जलाने की कोशिश की।

पुलिस ने पीड़ित परिवार को इंसाफ का भरोसा दिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपितों की गिरफ्तारी की कोशिश जारी है। उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि घटना सात जनवरी को दोपहर एक बजे की है। तीन साल पहले ही शादी हुई थी।

रिम्स को जल्द मिलेंगे 21 नए स्पेशलिस्ट डॉक्टर

तीन नेफ्रोलॉजिस्ट और तीन प्लास्टिक सर्जन करेंगे ज्वाइन

ओपीडी से लेकर इनडोर तक मरीजों को मिलेगी राहत

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड के सबसे बड़े सरकारी हॉस्पिटल रिम्स को तीन नेफ्रोलॉजिस्ट और तीन प्लास्टिक सर्जन समेत 21 नए डॉक्टर मिलने वाले हैं। इसके लिए प्रबंधन ने कार्य शुरू कर दिया है। इसमें प्लास्टिक सर्जरी तीन, न्यूरोलॉजी दो, मेडिकल ओंकोलॉजी चार, सर्जिकल ओंकोलॉजी दो, नेफ्रोलॉजी तीन, पेडियाट्रिक सर्जरी तीन, नियोनेटोलॉजी तीन और एक अन्य शामिल हैं।

21 स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए 27 जनवरी को वाक इन इंटरव्यू रखा गया है। इसके बाद 21 सीनियर रेजीडेंट डॉक्टर रिम्स का हिस्सा बन जाएंगे। इन डॉक्टरों की बहाली तीन साल के लिए होगी। इससे ओपीडी से लेकर इनडोर तक मरीजों को राहत मिलेगी।

बीते माह भी मिले थे चार नए डॉक्टर

इससे पहले बीते दिसम्बर माह में भी रिम्स प्रबंधन ने 4 नए डॉक्टर की बहाली की थी। जिसमें डेंटल कॉलेज के लिए तीन एसोसिएट प्रोफेसर भी शामिल हैं। पीरियोडोंटोलॉजी एंड ओरल इंप्लांटोलॉजी में डॉ. शिवा मंजूनाथ आरजी, कंजर्वेटिव इंडोडोंटिक्स एंड एस्थेटिक डेंटिस्ट्री में डॉ. गौरव कुमार और आथोर्डोंटिक्स एंड डेंटोफेशियल आथोर्पेडिक्स में डॉ. अभय कुमार जैन है। वहीं, न्यूरोलॉजी में एक सीनियर रेजीडेंट डॉ. रितु राशि को नियुक्त किया गया है।

NEWS इन ब्रीफ

पीएम ने क्षेत्रीय भाषाओं में फैसलों के सीजेआई के विचार का किया स्वागत

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ के इस सुझाव का स्वागत किया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने एक ट्वीट में कहाः हाल ही में एक समारोह में माननीय सीजेआई न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ ने क्षेत्रीय भाषाओं में सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों को उपलब्ध कराने की दिशा में काम करने की बात कही। यह एक प्रशंसनीय विचार है, जो कई लोगों की, विशेष रूप से युवाओं की मदद करेगा। (पेज-12 भी देखें)

मुख्यमंत्री की आज सिमडेगा में खतियानी जोहार यात्रा

रांची। सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की खतियानी जोहार यात्रा सोमवार को सिमडेगा में होगी। जिसमें मुख्यमंत्री सरकार के कार्यों से सिमडेगा की जनता को अवगत कराएंगे। इस दौरान हेमंत सोरेन करोड़ों रुपए की परिसंपत्ति का वितरण सहित कई योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे।

अगले डीजीसीए प्रमुख होंगे विक्रम देव दत्त

नई दिल्ली। केंद्र ने आईएएस अधिकारी विक्रम देव दत्त की विमानन नियामक महानिदेशालय (डीजीसीए) के अगले प्रमुख के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने डीजीसीए के अगले महानिदेशक के रूप में दत्त की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

धनबाद में गोली मार कर युवक की हत्या

धनबाद। जिले के कतरास थाना क्षेत्र अंतर्गत ईस्ट कतरास में रविवार की दोपहर बाइक सवार बदमाशों ने मनोज यादव (40) की गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जाता है कि उसकी हत्या वर्चस्व को लेकर हुई है। पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया है। बाइक सवार चार अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया। मनोज के सिर और पेट में गोली लगी है।

शाहरुख ने सरमा से 'पठान' की रिलीज के लिए मांगा समर्थन

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को कहा कि अभिनेता शाहरुख खान ने शनिवार की देर रात उन्हें फोन किया और गुवाहाटी में बजरंग दल के कुछ सदस्यों द्वारा उनकी आगामी फिल्म 'पठान' के पोस्टर को जलाने पर चिंता व्यक्त की। सरमा ने उन्हें आश्वासन दिया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना राज्य सरकार का कर्तव्य है।

मुठभेड़... बंदी

चाईबासा में सुरक्षा बलों और पीएलएफआई के बीच मुठभेड़

सर्च ऑपरेशन के दौरान आधी रात को हुई मुठभेड़

दोनों ओर से करीब 30-35 राउंड हुई फायरिंग

नवीन मेल नेटवर्क। रांची

पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव थाना क्षेत्र के बांगुर जंगल में शनिवार की रात सुरक्षा बलों व पीएलएफआई उग्रवादियों के बीच मुड़भेड़ हो गई। दूसरी ओर रविवार को नक्सलियों की झारखंड बंद की घोषणा को देखते हुए पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर सभी जिले की पुलिस अलर्ट पर रही।

जानकारी के अनुसार आधी रात के करीब जिला पुलिस व सीआरपीएफ के साथ पीएलएफआई उग्रवादियों की उस समय मुठभेड़ हो गई जब सुरक्षा बलों द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। इस दौरान दोनों ओर से करीब 30-35 राउंड फायरिंग भी हुई। हालांकि, सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख जंगल व अंधेरे का फायदा उठाकर उग्रवादी भागने में सफल रहे। सुरक्षबलों ने सर्च अभियान में एक 315 बोर का रायफल, जिंदा गोली व दैनिक उपयोग की सामग्री को बरामद किया है।

पश्चिमी सिंहभूम जिला के एसपी आशुतोष शेखर ने रविवार को बताया कि जिले के घोर नक्सल प्रभावित बांगुर जंगल में दिकी लता गांव के समीप पीएलएफआई नक्सलियों का एक ग्रुप आने की सूचना पुलिस को मिली थी। घटना के बाद 109 बटालियन सीआरपीएफ, जैप और झारखंड पुलिस के जवानों के साथ बंदगांव थाना प्रभारी विकास कुमार के नेतृत्व में नक्सलियों के विरुद्ध सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान कनसिया और दिकीलता गांव के बीच बांगुर जंगल में पुलिस और नक्सलियों का आमना-सामना हो गया। एसपी ने बताया कि आगे भी नक्सलियों के विरूद्ध अभियान जारी रहेगा। मुठभेड़ के बाद रातभर छापामारी अभियान चलाया गया है। गौरतलब हो कि पुलिस की ओर से लगातार अभियान चलाने के बाद भी चाईबासा जिले में नक्सलियों का तांडव थमने का नाम नहीं ले रहा है। नक्सली कभी भवन, कभी सड़कों को उड़ाकर, तो कहीं पोस्टरबाजी और केन बम आदि लगाकर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं।

राज्य में माओवादी बंदी का दिखा मिलाजुला असर

रांची मार्ग की बसें रहीं बंद, खनन गतिविधियां रहीं सामान्य

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर सभी जिले की पुलिस रहीं अलर्ट पर

नवीन मेल नेटवर्क। रांची

15 लाख के इनामी भाकपा माओवादी के रिजनल कमिटी मेंबर सह उत्तरी छोटानागपुर जोनल कमिटी के सचिव कृष्णा हांसदा की गिरफ्तारी के विरोध रविवार को घोषित झारखंड बंद का राज्यभर में मिलाजुला असर दिखा। नक्सल प्रभावित इलाकों से गुजरनेवाले यात्री बसें स्टैंड में खड़ी रहीं। पश्चिम सिंहभूम से रांची के लिए चलनेवाली बसें बंद रहीं। वहीं, अन्य मार्गों की बसों का परिचालन आम दिनों की तरह सामान्य रहा। नक्सल प्रभावित इलाकों को छोड़ अन्य क्षेत्रों में आम जन-जीवन के साथ सामान्य दिनों की तरह सभी खदानों में उत्पादन व माल ढुलाई का कार्य सामान्य रहा।

इधर, बंद को देखते हुए पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर सभी जिले की पुलिस अलर्ट पर रही। नक्सल प्रभावित जिलों में पुलिस और सीआरपीएफ का सर्च अभियान लगातार जारी रहा।

चतरा में दिखा असर

चतरा जिले में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों के झारखंड बंद का रविवार को व्यापक असर देखा गया। जिले के टंडवा स्थित सीसीएल की मगध आम्रपाली परियोजना तथा पिपरवार के सीसीएल कोल परियोजना की खदानों में कोयला उत्पादन तथा ट्रांसपोर्टिंग कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा। कार्य प्रभावित होने से करोड़ों के राजस्व के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। बस पड़ाव में भी पूरी तरह से सन्नाटा पसरा रहा।

सुप्रीम कोर्ट ने 'संविधान को हाईजैक' किया

केंद्रीय कानून मंत्री ने न्यायमूर्ति आर.एस. सोढ़ी का इंटरव्यू शेयर किया

सोढ़ी ने इंटरव्यू में कहा : मुझे लगता है कि सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार संविधान को 'अपहृत' कर लिया है

एजेंसी। नई दिल्ली

न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर केंद्र और न्यायपालिका के बीच चल रहे विवाद के बीच कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की टिप्पणी का हवाला दिया कि सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायाधीशों की नियुक्ति का फैसला कर संविधान का 'अपहरण' किया है और कहा कि वह पूर्व न्यायाधीश के विचार को 'समझ वाला' मानते हैं। रिजिजू ने यह भी कहा कि ज्यादातर लोगों के विचार एकसमान हैं।

रिजिजू ने दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति आर.एस. सोढ़ी (सेवानिवृत्त) का साक्षात्कार साझा करते हुए ट्वीट किया : एक न्यायाधीश की आवाज... भारतीय लोकतंत्र की असली सुंदरता है- यह सफलता है। लोग अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से खुद पर शासन करते हैं। निर्वाचित प्रतिनिधि लोगों के हितों का प्रतिनिधित्व करते हैं और कानून बनाते हैं। हमारी न्यायपालिका स्वतंत्र है और हमारा संविधान सर्वोच्च है।

न्यायमूर्ति सोढ़ी ने साक्षात्कार में कहा है कि कानून बनाने का अधिकार संसद के पास है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय कानून नहीं बना सकता, क्योंकि उसके पास ऐसा करने का कोई अधिकार नहीं है। सोढ़ी ने कहा : क्या आप संविधान में संशोधन कर सकते हैं? केवल संसद ही संविधान में संशोधन करेगी। लेकिन यहां मुझे लगता है कि सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार संविधान को 'अपहृत' कर लिया है। 'अपहरण' के बाद उन्होंने (शीर्ष अदालत) कहा कि हम खुद (न्यायाधीशों की) नियुक्ति करेंगे और इसमें सरकार की कोई भूमिका नहीं होगी। सोढ़ी ने यह भी कहा कि उच्च न्यायालय सर्वोच्च न्यायालय के अधीन नहीं हैं, लेकिन उच्च ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

कैशकांड : विधायकों को ईडी का दोबारा समन

कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ साजिश से जुड़े कैशकांड में ईडी ने कांग्रेस के तीनों विधायकों इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी को दोबारा समन भेजा है। तीनों विधायक को ईडी ने समन भेजकर पूछताछ के लिए ईडी के रांची जोनल ऑफिस में बुलाया है। ईडी द्वारा भेजे गये समन में इरफान अंसारी को छह फरवरी को, राजेश कच्छप को सात फरवरी और नमन विक्सल कोंगाड़ी को आठ फरवरी को ईडी ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी ईडी ने तीनों निर्लंबित विधायकों को समन भेजा था। ईडी ने विधायक इरफान अंसारी को 13 जनवरी, राजेश कच्छप को 16 जनवरी और नमन विक्सल को 17 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन तीनों अनुपस्थित रहे थे।

साहिबगंज डीसी से अवैध खनन में आज होनी है पूछताछ

रांची। साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव से अवैध खनन के मामले में सोमवार को ईडी के जोनल कार्यालय में पूछताछ होनी है। रामनिवास यादव पहले आईएएस अधिकारी हैं, जिनसे अवैध खनन के मामले में ईडी पूछताछ करेगी। ईडी ने डीसी रामनिवास यादव को समन भेजकर सोमवार को दिन के 11 बजे अपने रांची जोनल कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। साहिबगंज में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के राजनीतिक संरक्षण में एक हजार करोड़ का अवैध खनन व उसकी मनी लाउंड्रिंग का दावा ईडी ने अबतक की जांच में किया है।

यूजीसी **विश्वविद्यालयों व कॉलेजों के संसाधन साझा करने की योजना**

दूसरे कॉलेजों में रिसर्च कर सकते हैं छात्र

लेबोरेटरी, लाइब्रेरी, रिसर्च लैब और स्पोर्ट्स फैसिलिटी का कर सकेंगे इस्तेमाल

गणेश भट्ट। नई दिल्ली

विभिन्न विश्वविद्यालयो और उनसे जुड़े कॉलेजों में पढ़ रहे छात्र अपने कॉलेज के अलावा किसी दूसरे कॉलेज या विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी और लैबोरेट्री का इस्तेमाल कर सकेंगे। इतना ही नहीं विभिन्न कॉलेजों के छात्र दूसरे कॉलेजों में जाकर रिसर्च कर सकते हैं या फिर दूसरे कॉलेजों की स्पोर्ट्स फैसिलिटी का लाभ भी उठा सकते हैं। दरअसल, यूजीसी ने छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालयो व कॉलेजों के संसाधन साझा करने की एक महत्वपूर्ण योजना बनाई है। यूजीसी के चेयरमैन प्रोफेसर एम जगदीश कुमार कहा कि विश्वविद्यालय, कॉलेज या फिर अन्य उच्च शिक्षण संस्थान आपसी सहमति से छात्रों को इस प्रकार की सुविधाएं दे सकते हैं। उसके तहत शिक्षण संस्थान दूसरे कॉलेजों या विश्वविद्यालयों में पढ़नेवाले छात्रों को अपने यहां, लेबोरेटरी, साइंस रूम, कंप्यूटर लैब, रिसर्च, लाइब्रेरी, ई-लाइब्रेरी के इस्तेमाल की इजाजत दे सकते हैं। पढ़ाई के अलावा उच्च शिक्षण संस्थान स्पोर्ट्स फैसिलिटी भी साझा कर सकेंगे, जिसके तहत दूसरे शिक्षण संस्थानों के छात्रों को स्पोर्ट्स ग्राउंड, सेमिनार हॉल और स्टेडियम आदि इस्तेमाल करने की अनुमति मिलेगी। ऐसे ही यदि किसी एक कॉलेज का छात्र किसी दूसरे कॉलेज के रिसर्च संसाधनों का इस्तेमाल करना चाहे तो वह अपने कॉलेज के बाहर दूसरे कॉलेज में भी रिसर्च कर सकता है। इस व्यवस्था को योजनाबद्ध करने के लिए यूजीसी ने विशेष गाइडलाइन बनाई है।

यूजीसी के मुताबिक, विशेष गाइडलाइन के आधार पर राज्य यूनिवर्सिटी के विश्वविद्यालयों को केंद्रीय विश्वविद्यालय और ऐसे उच्च शिक्षण संस्थानों के संसाधनों का ज्यादा प्रयोग करने का अवसर मिलेगा। खास बात यह है कि इन संसाधनों के मेंटेनेंस का खर्च यूजीसी की ओर से वहन किया जाएगा। यूजीसी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

संसाधन उपलब्ध कराने के लिए कोई विवि बाध्य नहीं

शिक्षण संस्थान भी कम संसाधन वाले शिक्षण संस्थानों में पढ़ रहे छात्रों के लिए खासी उपयोगी साबित हो सकते हैं। लेकिन ऐसा नहीं है कि अनिवार्य तौर कोई विश्वविद्यालय, अन्य विश्वविद्यालयों को अपने संसाधन उपलब्ध कराने के लिए बाध्य होगा। यह कार्य दो कॉलेजों और अथवा विश्वविद्यालयों के बीच समन्वय व सहमति के आधार पर संभव हो सकेगा। यूजीसी की गाइडलाइंस में इसके लिए समय भी तय किया गया है। यूजीसी का कहना है कि पोस्ट ग्रेजुएशन और पीएचडी के छात्र इस योजना के तहत सुबह आठ बजे से शाम आठ बजे तक दूसरे शिक्षण संस्थानों की सुविधाओं का प्रयोग कर सकते हैं।

मोदी की आलोचना वाली बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री

रिटायर्ड जजों, नौकरशाहों ने ब्रिटिश साम्राज्य के पुनरुत्थान का भ्रम बताया

एजेंसी। नई दिल्ली

सेवानिवृत्त न्यायाधीशों, नौकरशाहों और सशस्त्र बलों के दिग्गजों के एक समूह ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करनेवाली बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री को ब्रिटिश साम्राज्य के पुनरुत्थान का भ्रम बताया। पत्र में कहा गया है : इस बार नहीं। हमारे नेता के साथ नहीं। भारत के साथ नहीं। हमारी निगरानी में कभी नहीं!

एक बार फिर, भारत के प्रति बीबीसी की नकारात्मकता और कठोर पूर्वाग्रह एक वृत्तचित्र के रूप में फिर से सामने आया है, 'इंडिया : द मोदी क्वेश्चन'। उच्चतम संपादकीय मानकों के अनुसार और 'भारत के हिंदू बहुमत और मुस्लिम अल्पसंख्यक के बीच तनाव की जांच करता है और उन तनावों के संबंध में भारत के पीएम नरेंद्र मोदी की राजनीति की पड़ताल करता है और उनके द्वारा लागू की गई विवादास्पद नीतियों की एक श्रृंखला है।

पत्र में कहा गया है : तो अब हमारे पास भारत में ब्रिटिश अतीत के साम्राज्यवाद का आदर्श है, जो खुद को न्यायाधीश और जूरी दोनों के रूप में स्थापित कर रहा है, हिंदू-मुस्लिम तनावों को फिर से जीवित करने के लिए, जो ब्रिटिश राज की फूट डालो और राज करो की नीति का निर्माण कर रहे थे। बीबीसी की सीरीज भ्रमपूर्ण और स्पष्ट रूप से एकतरफा रिपोर्टिंग के आधार पर बनी है। हमने इसे अब तक जो देखा है, उसे देखते हुए यह एक स्वतंत्र, लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में भारत के अस्तित्व के 75 साल पुराने भवन की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

तीन बदमाशों ने युवक से मार पीटकर जेवरात लूटी

रांची। तिलैया के रहने वाले महेंद्र कुमार वर्मा से तीन बदमाशों ने मारपीट की और उनसे नगदी समेत 60 हजार रुपए के जेवरात की छिनतई कर ली। इस संबंध में महेंद्र ने सदर थाने में दिपू, सन्नी व अन्य लोगों के खिलाफ सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। महेंद्र ने आरोप लगाया है कि वह प्रतिदिन रांची से गिरिडीह बिजय रथ गाड़ी का परिचालन करवाता हूं। बीते 21 जनवरी को दोनों बदमाश पहुंचे और उनके साथ मारपीट करने लगे। इसी क्रम में बदमाशों ने उनसे 20 हजार रुपए नगदी के अलावा 40 हजार रुपए कीमत का सोने का चेन की छिनतई कर ली।

कमेटी में एकजुटता बनाए रखने की जरूरत है : रामानंद बेदिया

सिल्ली। सिल्ली प्रखंड झामुमो की एक बैठक का आयोजन रामपुर पुल घाट पर रविवार को किया गया। जिसमें तिन पंचायत स्तर कमेटी का गठन किया गया। हाकेदाग पंचायत अध्यक्ष दिलीप बेदिया उपाध्यक्ष योगेंद्र लाल माझी सचिव अर्जुन बेदिया कोषाध्यक्ष रघुनाथ बेदिया आदि सदस्य चुना गया। वही पिस्का एवं हलमाद में भी कमेटी का गठन किया गया। सदस्यों को संबोधित करते हुए झामुमो के रांची जिला उपाध्यक्ष सह विधानसभा प्रभारी रामानंद वेदियां ने कहा कि कमिटी में एकजुटता बनाए रखना बहुत ही जरूरी है सभी सदस्य अपने अपने कर्तव्य को सही ढंग से पालन करें जो भी गांव की समस्या होगी उसे कमेटी के माध्यम से समाधान करें।

आमसभा का आयोजन

सिल्ली। सिल्ली के राधा माधव आश्रम में सबकी योजना सबका विकास के तहत लपुंग पंचायत की जीपीडीपी की पंचायत स्तरीय विशेष आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा की अध्यक्षता ग्राम प्रधान पद्मावती देवी ने की। आमसभा में सर्व सम्मति से पंचायत के विभिन्न गावं के लिये आजीविका एवं सामाजिक योजनाओ का चयन किया गया। योजनाओ में 15वे वित्त मद से बनने वाले चबूतरा नाली, कुआं, आजीविका योजनाओ में दीदी बाड़ी, बकरी व पशुपालन की योजनाएं व शेड का निर्माण समेत कई योजनाओं का चयन किया गया।

स्व. कुणाल कुमार मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित

सिल्ली। सिल्ली ग्राम विकास विद्यालय मैदान में रविवार को स्व कुणाल कुमार मेमोरियल एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि सिल्ली के पाटका गांव निवासी 31 वर्षिय कुनाल कुमार का पिछले 15 अप्रैल 2022को आकस्मिक निधन गया था।वे क्षेत्र के जाने माने क्रिकेट खिलाड़ी थे उनके याद में उनके साथी खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता का आयोजन किया । प्रतियोगिता में रांची, बोकारो, झालदा, मुरी समेत आसपास के कुल आठ टिमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच अब्बु इलेवन झालदा और भानु इलेवन सिल्ली के बीच खेला गया । जिसमें भानु इलेवन ने निर्धारित 5 ओवर में 7 विकेट खोकर 55 रन बनाया।

झामुमो सिल्ली प्रखंड का तीनों पंचायत कमेटी का गठन

सिल्ली। रविवार को रामपुर पुल घाट के समीप सिल्ली प्रखंड अंतर्गत पंचायत-हालमाद, हाकेदाग और पिसका का झामुमो पंचायत कमेटी का गठन रांची जिला उपाध्यक्ष सह सिल्ली विधानसभा प्रभारी रामानंद बेदिया एवं सिल्ली झामुमो प्रखंड कमेटी के नेतृत्व में किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियो ने कहा कि हम लोग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा लगन और ईमानदारी के साथ करेंगे तथा पार्टी के सिद्धांत को हर घर तक पहुंचाएंगे और पार्टी की मजबूती करण को लेकर हर संभव प्रयास करेंगे।

जमीन ब्रोकर को गोली मारने के मामले में सात पर केस दर्ज

नवीन मेल संवाददाता। रांची



कांके के होचर ब्रिज के पास जमीन कारोबारी राजू साहू को गोली मारकर घायल करने के मामले में पुलिस जांच में जुट गयी है। इस मामले में जमीन कारोबारी राजू के बयान पर सात लोगों के खिलाफ कांके थाने में प्राथमिक दर्ज की गई। दर्ज प्राथमिकी में हदीस अंसारी, शाहीद अंसारी, जलील अंसारी, आसिफ अंसारी, राजेश मिश्रा, अंकित मिश्रा और रामलाल साहू को मामले में आरोपी बनाया गया है। इधर, दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। पुलिस उस इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी उनकी गिरफ्त में होंगे। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि गढ़हुसीर स्थित एक जमीन जिसका खाता नंबर 86 है, उस पर कब्जे को लेकर हदीस, शाहीद, जलील व आसिफ के साथ उनका विवाद चल रहा है। इन आरोपियों ने पूर्व में ही उनकी हत्या का प्लान बनाया था। इसकी जानकारी आरोपियों के एक करीबी से उन्हें पता चला है। वहीं आरोपी राजेश व अंकित को उन्होंने हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजवाया था। हाल के दिनों में वे लोग जेल से छूटकर बाहर निकले हैं। उन लोगों ने भी सरस्वती पूजा से पहले उनकी हत्या की योजना बनायी थी। इसका सारा प्लान गांव के ही रामलाल साहू ने तैयार किया है। उनका दावा है कि नामजद आरोपियों ने ही उन्हें गोली मारकर घायल किया है।

जमीन कारोबारी की रेकी कर मारी गोली : जमीन कारोबारी राजू साहु की रेकी कर अपराधियों ने उन्हें गोली मारकर घायल किया है। राजू ने पुलिस को बताया कि वह शाम चार बजे घर से फ्रेश होने के बाद अपने होचर ब्रिज के समीप मार्केट के पास पहुंचे। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधी पहुंचे। एक अपराधी पिस्टल लेकर उनके पास पहुंचा। उन्हे देखते ही वे हल्ला करते हुए बुलेट में बैठकर भागने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान अपराधियों ने उन पर गोली चला दी। गोली उनके कंधे में लगी। इसी क्रम में उनके पिता नरेश साहु पास में ही बैठे थे। अपराधियों को देखते ही वे भी दौड़े। मगर अपराधी मौके से भाग निकले।

कोकर सुंदर विहार फ्लैट से डेबिट कार्ड की चोरी

रांची। सदर थाना क्षेत्र के कोकर सुंदर विहार कॉलोनी स्थित एक फ्लैट से डेबिट कार्ड समेत अन्य की चोरी की। इसके बाद डेबिट कार्ड से चोरों ने 16 हजार रुपए की खरीदारी भी कर ली। घटना बीते 21 जनवरी की है। इस संबंध में मिहिर कुमार ओझा नामक व्यक्ति ने सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। मूलरूप से बिहार के सारण जिले के रहने वाले मिहिर ओझा वर्तमान में सुंदर विहार कॉलोनी स्थित एक फ्लैट में किराए पर रहते हैं। बीते 21 जनवरी की दोपहर उनके कमरे से आधार, डेबिट, आरसी कार्ड आदि की चोरी हो गयी। दिन के साढ़े तीन बजे उनके मोबाइल पर 16 हजार रुपए खरीदारी का मैसेज आया। इसके बाद वह सीधे अपने घर पहुंचे तो देखा कि सारा सामान चोर अपने साथ ले गए। इसके बाद वह सदर थाना पहुंचकर मामला दर्ज कराया है।

दो बाइक की टक्कर में एक की मौत, पांच लोग घायल

नवीन मेल संवाददाता। बुढ़मू

बुढ़मू व मांडर मुख्य मार्ग में शुभम पेट्रोल पंप के पास 2 बाईक की आपसी टक्कर में 1 व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक का नाम सज्जाद अंसारी है, जो कंजिया के रहने वाले थे। वहीं घटना में 5 लोग घायल भी हैं। घायलों में कंजिया निवासी सुहेब अंसारी (16) वर्ष, साहिल अंसारी (17) वर्ष, बुढ़मू थाना क्षेत्र के मुरूवे निवासी विकास मुंडा (13) वर्ष, राजदीप मुंडा (16) और मंजू देवी (27) है और नाम शामिल है। जानकारी के अनुसार शुभम पेट्रोल पंप से राजदीप मुंडा पेट्रोल लेकर मुरूवे की ओर जाने के लिए निकल रहे थे, इसी दौरान मांडर की ओर से तेज गति से आ रही मोटरसाईकिल से राजदीप की मोटरसाईकिल टकरा गयी। सभी घायलों को स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू में इलाज किया गया,और बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया।, और घटना में शामिल मृतक सजाद अंसारी को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है।

बच्चों के खिलाफ अपराध रोकने पर विचार करना होगा : प्रधान जिला जज

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के अध्यक्ष सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में रविवार को जिला स्तरीय मल्टी स्टैक होल्डर्स का कंस्लटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के अध्यक्ष ने कहा कि आज इस वर्ष इस प्रकार का पहला कार्यक्रम है, जिसमें सभी विभागों को अपना-अपना दायित्व कानून के दायरे में रहकर पूर्ण करना है। उन्होंने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं और उनके साथ अपराध को किस प्रकार रोका जाए और कैसे उसको त्वरित न्याय प्राप्त हो, इस पर हमें विचार करना है। अगर किसी बच्चे द्वारा अपराध हो जाता है, तो उसे समाज की मुख्यधारा से बच्चे को किस प्रकार जोड़ा जाए और उसके परिवार को किस तरह का कानूनी सहयोग देना है, उसी पर यह कार्यक्रम है। पुलिस अधीक्षक सह डालसा सदस्य अमन कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी क्षेत्र जिले के सभी प्रखण्डों के थानों द्वारा लोगों को जगह-जगह पर जागरूक किया जाता है। बच्चों की सुरक्षा के लिए पुलिस के रूप में नहीं, बल्कि एक अभिभावक के रूप में काम करना है। जिला जज प्रथम ने कहा कि पोक्सो मामले में बच्चों का ब्यान तुरन्त दर्ज हो और उसको सभी प्रकार के भय से मुक्त कराना होगा। डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि आज सभी विभागों के अध्यक्ष मौजूद हैं और बच्चों के जीवन को कैसे सुदृढ़ और साकारत्मक बनाया जाए तथा बच्चों से संबंधित उत्पन्न किसी भी समस्या का समाधान तुरन्त कैसे निकले, उसी से संबंधित यह विचार मंथन समन्वय कार्यक्रम झालसा द्वारा लगातार आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब हमसब को मिलकर सहयोगात्मक व्यवहार के साथ बच्चों के हित को ध्यान में रखकर काम करना होगा। एसी ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन जिले में एक ऑबजर्वेशन होम हो, इसके लिए प्रशासन प्रयास करेगा तथा बच्चों के हित में काम करता रहेगा। कार्यक्रम में जिले के पुलिस अधीक्षक सह डालसा सदस्य अमन कुमार, जिला जज प्रथम संजय कुमार, बाल कल्याण समिति के सदस्य, किशोर न्याय बॉर्ड के सदस्य, महिला थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे।

चार दिवसीय हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ

खूंटी। जिले के मुरहू प्रखंड के रूईटोला गांव में सांसद खेल महोत्सव के तहत चार दिवसीय हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ रविवार को हुआ। टूर्नामेंट का पहला मैच हेठगोवा बनाम कुदासुद के बीच खेला गया। खिलाड़ियों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी और भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री जगन्नाथ मुंडा ने कहा कि हॉकी हमारा राष्ट्रीय खेल है और हम सभी के लिए यह गौरव की बात है कि खूंट जिले से मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा जैसे हॉकी के कई दिग्गज खिलाड़ी निकले हैं, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय जगत में भी हमारे देश और झारखंड का नाम रोशन किया है। आप सभी युवा खिलाड़ियों को भी मारंग गोमके को प्रेरणाश्रोत बनाते हुए अपनी प्रतिभा से जिले का नाम रोशन करना चाहिए।

श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रविवार को 69 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन संस्था के सदस्य एवं गुरु महाराज के परम भक्तिभावी शिष्यों और उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एवं धार्मिक संस्था एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। संस्था के सदस्यो एवं समाज के सेवाभावी धर्म प्रेमीजनों के सौजन्य से अभी तक लगातार 68 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण कर चुके है। रविवार को 69 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण कर सफलतापूर्वक संचालन किया गया। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 50 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी(राधा-कृष्ण) मंदिर के प्रांगण मे संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल एवं पवन पोद्दार की देखरेख में संस्था के वरिष्ठ सदस्य पुरणमल सर्राफ, चन्दा देवी अग्रवाल एवं संतोष देवी अग्रवाल के द्वारा वहाँ के जरूरतमंद एवं अभावग्रस्त ग्रामीणों मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओं, जरुरतमंद परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 69 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। आज संस्था के सदस्यों ने श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान एवं गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद अर्पित कर वहां उपस्थित महिलाओं और पुरूष श्रद्धालुओं को चंदन का तिलक व भजन संकीर्तन कर 69वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण शुरू किया गया।

23 मुखिया एक्सपोजर विजिट पर जाएंगे महाराष्ट्र

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्य के 23 मुखिया एवं पंचायती राज विभाग के तीन पदाधिकारियों को 23 से 28 जनवरी तक महाराष्ट्र सरकार के प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान, यशवंतराव चव्हाण विकास प्रशासन प्रबोधिनी, पूणे में प्रशिक्षण करने के लिए भेजा जाएगा। सभी मुखिया समाजसेवी अन्ना हजारे के गांव रालेगांव सिद्धि पंचायत, महाराष्ट्र में पेसा क्षेत्रों एवं अन्य ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेंगे।उल्लेखनीय है कि 20 जनवरी को रांची, गुमला, सिमडेगा और लातेहार से पंचायत के मुखिया का एक प्रतिनिधिमंडल पूणे, महाराष्ट्र के लिए रवाना हुआ है। इस प्रतिनिधिमंडल में कई ऐसे प्रतिनिधि भी हैं, जो पहली बार एक्सपोजर विजिट में जा रहे हैं और वे सभी लोग यशदा में प्रशिक्षण लेकर झारखंड के गांव पंचायतों को सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जो योजनाओं के क्रियान्वयन में सकारात्मक भूमिका होगी।

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने अपनी तीन पुस्तकों पर की चर्चा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह की तीन पुस्तकों पर रविवार को एक संवाद और अनुभव कार्यक्रम आयोजित हुआ। इन पुस्तकों के नाम हैं 'कलश', 'पथ के प्रकाश पुंज' और 'सृष्टि का मुकुट : कैलास मानसरोवर'। रांची प्रेस क्लब की ओर से आयोजित संवाद कार्यक्रम में हरिवंश ने पुस्तक लिखने के पीछे की मंशा और अपने अनुभव को साझा किया।

हरिवंश ने कहा कि उनके लिकी तीनों पुस्तकों को पढ़कर पाठक जान सकते हैं कि कैसे शिखर पर पहुंचे लोग आध्यात्म की ओर चले जाते हैं और कैसे किसी व्यक्ति का संकल्प असंभव को संभव कर सकता है। अपनी पुस्तक 'कलश' की बात करते हुए हरिवंश ने कहाः इसमें कुल 32 आलेख हैं। अखबार में काम करते हुए जिन लोगों से उनकी मुलाकात और संवाद होती रही और जिन्हें वे मानते रहे, उसके बारे में उनका निजी अनुभव है। इस काम को करने के लिए उन्हें जिन लोगों से प्रेरणा मिली, उनकी कार्यशैली का भी इस पुस्तक में जिक्र है। इसमें आजादी की लड़ाई में शामिल रहे अच्युत पटवर्धन का नाम सबसे पहले आता है। आजादी मिलने के तत्काल बाद उन्हें लगा कि नए ढंग से जो बातें उन्होंने सोची थी, वह नहीं मिला, तो उन्होंने आध्यात्म को अपना लिया। अर्थशास्त्र के विद्वान एवं लोहिया और जयप्रकाश के करीबी, चिंतक व सलाहकार रहे प्रो। कृष्णनाथ जो बाद में धर्म-आध्यात्म की ओर आर्कषित हुए। इसी तरह गहन तप और साधना के बाद अपने अनुभव को बदलने वाले रामकृष्ण परमानंद, महर्षि अरविंद जैसे विलक्षण क्षमता वाले व्यक्ति के अनुभवों को पहले उन्होंने जाना और पुस्तक में शामिल किया। हरिवंश ने पाठकों से अनुरोध किया कि वे पुस्तक को पढ़ें और जानें कि आखिर क्यों ऐसे लोग शिखर तक पहुंचकर अलग राह में चल दिए। हरिवंश ने बताया कि दूसरी पुस्तक 'पथ के प्रकाश पुंज' में कुल 27 लेख हैं। इसमें उन लोगों की जीवन यात्रा और कार्य क्षेत्र में किए विलक्षण कामों को लिखा गया है, जिनसे वे सीधे तौर पर प्रभावित हुए। ऐसे लोगों द्वारा शिक्षा, सामाजिक, राजनीतिक, उद्योग, पत्रकारिता आदि में किए गए कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा, जब लोग द्वंद्व, चिंता, भय और संशय की स्थिति में रहते हैं, तो ऐसे लोगों से काफी प्रेरणा मिलती है। किसी व्यक्ति का संकल्प कैसे असंभव को संभव कर सकता है, वह भी इस किताब को पढ़ने के बाद समझा जा सकता है। इसमें स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी, लोहिया, बाबा आमटे, जॉर्ज वाशिंगटन, क्यूरी मैडम (रेडियम खोजने की साहस इनमें देखा जा सकता है), रांची के प्रख्यात डॉक्टर रहे केके सिन्हा (डॉक्टरी सेवा करने के बाद भी इतिहास और संगीत के इतने बड़े साधक और जानकार), बैंकिंग क्षेत्र में बेहतरीन काम करने वाले आरके तलवार जैसे लोगों के अनुभव शामिल हैं। हरिवंश ने बताया कि उनकी तीसरी पुस्तक ह्यसृष्टि का मुकुट : कैलास मानसरोवर' में कुल 16 अध्याय हैं। पुस्तक में रांची में स्थित चिन्मय आश्रम में रहने वाले स्वामी माधवानंद जी से मुलाकात और उनके अनुभवों की चर्चा है। उन्होंने बताया कि 2011 में उन्होंने कैलास मानसरोवर यात्रा की थी। कैलास मानसरोवर यात्रा में जिन कठिनाइयों का उन्होंने अनुभव किया, उसका वर्णन है। पुस्तक में कैलास मानसरोवर की स्थिति, इसकी परिक्रमा करने में आने वाली कठिनाई, सृष्टि की वह अनसुलझी बातें आदि का प्रमुखता से जिक्र है। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार बलवीर दत्त, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार, रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजय मिश्र, रवि प्रकाश समेत कई पत्रकार, फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

हादसा डीजल की चोरी करने के सयम घटी यह घटना

शॉर्ट सर्किट होने से टैंकर में लगी आग, हादसा टला

नवीन मेल संवाददाता। ओरमांझी

थाना क्षेत्र के राजमार्ग 33 उखरीद चौक के गुड्डू साहू के चारदीवारी के अंदर अवैध डीजल और पेट्रोल का प्रतिदिन टैंकर से काटकर चोरी किया जाता है। रविवार को भी डीजल टैंकर नंबर जेएच 02 ए एल/ 8907 से अवैध रूप से डीजल चोरी कर रहा था। इसी दौरान टैंकर में अचानक आग लगा लग गया। आग की लपटे देखते ही देखते टैंकर को पुरी तरह ले लिया और टेंकर धू-धू कर जलने लगा। टैंकर को जलता देख आसपास के ग्रामीण दौड़कर घटनास्थल पर आए और बोरिंग मशीन चलाकर पानी का फव्वारा मारकर आग को बुझाने में लग गए। टैंकर में आग लगने की सूचना ओरमांझी पुलिस को दिया। आग से काबू पाने के लिए ओरमांझी पुलिस ने अग्निशामक वाहन को बुलाया और टैंकर में लगा आग को बुझाया गया । जिससे एक बड़ा हादसा होते होते टला गया। घटना के संबंध में आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 33 के किनारे घनी आबादी वाला गांव उकरीद है। इसके बावजूद इस गांव में गुड्डू साहू के द्वारा विगत 20 वर्षों से अवैध रूप से डीजल और पेट्रोल की चोरी किया जाता है। इससे पहले भी एक बार डीजल टैंकर में आग लग गया था जिसे चोरी छुपे बुझा लिया गया था । इसकी सूचना ओरमांझी पुलिस को भी दिया गया था। इसके बावजूद भी गुड्डू साहू के चारदीवारी के अंदर घर में घुसाकर डीजल और पेट्रोल टैंकर से डीजल पेट्रोल की चोरी किया जाता है। जिससे साबित होता है कि पुलिस का संरक्षण में टैंकर से तेल की चोरी किया जाता हैं।

चोरी किया हुआ पेट्रोल और डीजल को क्षेत्र मैं चलने वाले क्रेशरों एवं पत्थर खदानों में बेचा जाता है। बताया जाता है कि टैंकर के बैटरी में शॉर्ट सर्किट होने के कारण टैंकर में आग लगा था आग लगने के एक घंटा बाद दमकल आया और टैंकर के आग आग पर काबू पाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस प्रशासन और ग्रामीणों की मदद से टैंकर के आग बुझाया गया। टैंकर में आग लगने की सूचना पर आसपास के ग्रामीण काफी संख्या में जुट गए और आग को बुझाया गया। आग लगने से टेंकर का आधा हिस्सा जलकर पूरी तरह राख हो गया है। दमकल गाड़ी को आने में और थोड़ा देर होता तो निश्चित तौर से बड़ी घटना घटता।

योगा मानव जागृति संघ ने छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

ओरमांझी। प्रखंड के बारीडीह पंचायत के पुरना टोली आनन्दी गांव में क्षेत्र के बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से योग मानव जागृति संघ द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि समाजसेवी शैलेन्द्र मिश्र ,उपमुखिया बनवारी लाल साहू, मुखिया प्रतिनिधि चांद बाबू पुजा समिति आनन्दी के अध्यक्ष दुर्गा चरण साहू , वार्ड सदस्य रीता देवी, देवन्ती देवी के द्वारा बच्चों को पेन कापी देकर सम्मानित किया। मौके पर मुख्य अतिथि शैलेन्द्र मिश्र ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा सिखने का चीज है। इसमें रूचि बना कर सिखे । इसके चार तरीका है। सुनना, बोलना, लिखना व पढ़ना और एक कोई भी लक्ष्य लेकर चले कामयाबी जरूर मिलेगा। आज बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार व खेल पर ध्यान देने की जरूरत है।

छात्र शिवम की मौत के मामले में संचालक समेत छह पर हत्या का आरोप

नवीन मेल संवाददाता। रांची

डोरंडा कॉलेज के छात्र शिवम मिश्रा की तोरपा के पांडु पुडिंग फॉल में डूबने से हुई मौत के मामले में उनके पिता का बरियातू थाने की रिम्स कैंट में बयान दर्ज किया गया है। दर्ज बयान में पिता ने छह लोगों पर उनके पुत्र की हत्या करने का आरोप लगाया है। जिन पर हत्या का आरोप लगाया है उसमें मुकेश कुमार, प्रिया गुप्ता, मो इरफान आलम, मीना मांझी, ममता हेम्ब्रोम और निकिता कुमारी शामिल हैं। बता दें कि शिवम अरगोड़ा थाना क्षेत्र के ढेलाटोली में किराए के मकान में रहता था। मूलरूप से शिवम हजारीबाग का रहने वाला है। बयान के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

इरफान ने फॉल में शिवम को दिया था धक्का : पिता ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र डिजिटल आईटी कंप्यूटर सेंटर में कोचिंग करता था। बीते 21 जनवरी को सेंटर की ओर से उनके पुत्र को पिकनिक के लिए ले जाया गया। उन्होंने शाम में जब वह सेंटर की संचालिका प्रिया गुप्ता से पिकनिक कर लौटने की जानकारी मांगी, तब उन्होंने उन्हें बताया कि हम लोग गाड़ी बैठ चुके हैं। घर के लिए निकलने वाले हैं। कुछ देर बाद प्रिया ने उन्हें बताया कि इरफान ने शिवम को गाड़ी से उतारकर पांडुपुडिंग फॉल के नजदीक ले गया और उसे धक्का दे दिया। इरफान ने हल्ला किया कि शिवम फॉल में गिर गया है। फिर प्रिया ने उन्हें बताया कि शिवम को जख्मी हालत में तोरपा अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे रांची रिम्स रेफर किया गया है। रिम्स पहुंचने के बाद मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद उनके परिजन रिम्स पहुंचे।

NEWS इन ब्रीफ

रांची में अफीम की फसल को किया नष्ट

रांची। रांची के अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न थाना क्षेत्र तमाड़, बुंडू, दशम फॉल, राहे जैसे जगहों के सुदूरवर्ती इलाकों में जाकर क्षेत्र में लगे अफीम की फसल को नष्ट किया जा रहा है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार ने रविवार को बताया कि फरवरी-मार्च के महीने में फसल तैयार हो जाती है। इसी को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर अफीम की फसलों को नष्ट किया जा रहा है। कांची नदी के किनारे लगे अफीम के फसलों को संज्ञान में लिया गया है। जल्द ही उन्हें नष्ट किया जाएगा।

रांची में हाथी ने वृद्ध को पटक कर मार डाला

रांची। अनुमंडल के तमाड़ वन क्षेत्र अंतर्गत उलीडीह के बड़वा टोला के समीप रविवार को हाथी ने झामुमो कार्यकर्ता सुखराम सिंह मुंडा (65) को मार डाला। ग्रामीणों का कहना है कि बीते दो दिनों से हाथियों की झुंड से अलग यह हाथी यहां वहां जाकर फसलों को नष्ट कर रहा है। साथ ही झाड़ में छिपकर लोगों पर हमला भी कर रहा है। मंगल सिंह मुंडा को तालाब पर मछली पकड़ने के दौरान हाथी ने उसे पटक कर कुचल डाला। सूचना पर वन विभाग की टीम तथा स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। आजसू नेता मानकी विजय सिंह ने विभाग से मृतक के परिजन को तत्काल मुआवजा दिलाया।

राज्य के तीन जिलों में बनेंगे 17 मॉडल स्कूल

रांची। राज्य के तीन जिलों में 17 मॉडल स्कूल की स्थापना की जायेगी। इसको लेकर शिक्षा विभाग की ओर से आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। विभाग ने टेंडर जारी कर दिया है। टैंडर भरने की अंतिम तिथि 3 फरवरी शाम तीन बजे तक निर्धारित की गयी है।

झारखंड में चल रही है परिवर्तन की लहर

सन्नी टोप्पो हजारों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

नवीन मेल संवाददाता। रांची/ मांडर
रांची के मांडर में सोसई आश्रम में भाजपा के मिलन समारोह में कांग्रेस नेता सन्नी टोप्पो ने हजारों समर्थकों के साथ पार्टी का दामन थामा। सन्नी साल 2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर मांडर से चुनाव लड़ चुके हैं। मिलन समारोह में प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश और भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी मुख्य रूप से उपस्थित थे। भाजपा नेताओं ने सन्नी टोप्पो का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए इनके आने से पार्टी को मजबूती मिलने की बात कही। दीपक प्रकाश ने कहा कि इस कार्यक्रम में उपस्थित भीड़ ने साबित कर दिया कि झारखंड में परिवर्तन की लहर चल रही है। मक्कार, झूठी, गरीब, आदिवासी, मूलवासी युवा विरोधी इस सरकार को सत्ता में 1 मिनट भी रहने का हक नहीं है। 5 लाख युवाओं को नौकरी, नौकरी नहीं तो बेरोजगारी भत्ता सहित मुंगेरीलाल के कई हसीन सपने दिखाकर यह सरकार सत्ता पर आई। बेरोजगारी भत्ता नहीं तो राजनीति से हेमंत सोरेन ने सन्यास लेने की बात कही थी। वादा तो पूरा किया नहीं, आखिर मुख्यमंत्री किस तिथि को सन्यास लेंगे, यह उन्हें बताना चाहिए।

पहला राज्य जहां नियोजन नीति नहीं : दीपक प्रकाश ने कहा कि भारत की पहली सरकार है जहां नियोजन नीति नहीं है। प्रदेश जंगलराज की तरफ बढ़ रहा है। कानून व्यवस्था ठप्प है। महिलाओं के साथ 3 वर्ष में 4800 से अधिक बलात्कार की घटना घटी है। जिन बलात्कारियों को फांसी होनी चाहिए, वैसे अपराधियों को संरक्षण मिल रहा है। अवैध खनन से पूरा प्रदेश त्रस्त है। इसमें शामिल लोग जेल में बंद है और उनके रिश्ते भी जगजाहिर हैं। दीपक प्रकाश ने कहा कि बिहार का रहने वाला झारखंड को लूटने वाला कौन है पंकज मिश्रा ? पंकज मिश्रा से सीएम के क्या रिश्ते हैं यह उन्हें स्पष्ट करनी चाहिए। राज्य का बालू, कोयला लोहा तो लूट ही लिया गया।

लक्ष्य के अनुरूप विकास की योजनाओं को पूरा करें : शैलेश

रांची। केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास सचिव शैलेश कुमार सिंह ने रविवार को ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग के सचिवों के साथ बैठक की। इससे पूर्व उन्होंने खूंटी जिले का भी दौरा किया और योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली। सचिव ने वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन इत्यादि में समय पर लाभुकों को पेंशन का भुगतान हो इसे सुनिश्चित करने को कहा। शैलेश कुमार ने झारखंड के अधिकारियों को ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया है। सचिव ने लक्ष्य के अनुरूप काम करने को कहा है। उन्होंने पीएमजीएसवाई योजना के तहत राज्य में बन रही ग्रामीण सड़कों की प्रगति पर भी जानकारी ली। जिन योजनाओं की केंद्र से स्वीकृति मिल गयी है उसका टेंडर इत्यादि कर काम प्रारंभ करने को कहा है। पीएम आवास योजना में लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश उन्होंने दिया।

43 लावारिस शवों का किया गया सामूहिक दाह संस्कार

नवीन मेल संवाददाता। रांची
मुक्ति संस्था ने रविवार को जुमार नदी के तट पर 43 लावारिस शवों का सामूहिक रूप से अंतिम संस्कार किया। जुमार नदी के तट पर सामूहिक चिता सजाकर विधि-विधान से दाह संस्कार किया गया। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने मुखाग्नि दी। उन्होंने कहा कि मुक्ति संस्था ने अबतक कुल 1492 लावारिश शवों का अंतिम संस्कार किया है। इस मौके पर रवि अग्रवाल, आशीष भाटिया, राहुल चौधरी, आर के गांधी, गौरी शंकर शर्मा, शिवशंकर शर्मा, सुमित अग्रवाल, हरीश नागपाल, केवल किशोर, संदीप पपनेजा, पंकज खिरवाल, संदीप कुमार, सुनील अग्रवाल, आदित्य राजगढ़िया, राजेश विजयवर्गीय, राहुल चौधरी, अमित अग्रवाल, नीरज खेतान, राहुल जायसवाल, नवीन गाड़ोदिया, नरेश प्रसाद और मनोज पाठक सहित अन्य उपस्थित थे।

पूर्व महिला हॉकी खिलाड़ी पहुंची सिमडेगा, अध्यक्ष ने किया स्वागत

नवीन मेल संवाददाता। रांची
पिछले 12-14 वर्ष पूर्व भारतीय महिला हॉकी टीम की मजबूत स्तंभ माने जाने वाली अंतर्राष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ी सुभद्रा प्रधान, जिन्होंने राष्ट्रमंडल खेल, एशिया कप, एशियन गेम सहित कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारतीय महिला हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी है और वर्तमान समय में रांची रेलवे में कार्यरत हैं। कल हेथमा में आयोजित गोंद महा सभा में भाग लेने के बाद रविवार को रांची लौटने के क्रम में एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम पहुंची, जहां हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मैं कल समाज के महासभा में शामिल होने आई थी और रात्रि विश्राम पूर्व विधायक विमला प्रधान के यहां थी जहां से मुझे पता चला इस एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम के निर्माण की शुरूआत कैसे हुई यहां की खिलाड़ी कैसे बढ़ी तो मैं अपने आप को रोक नहीं पाई और इस एस्टोटर्फ में पहुंचकर जो कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को जननी है उसका नमन करूं। मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई कि हमारे राष्ट्रीय खेल हॉकी को आगे बढ़ाने के लिए किस तरह सिमडेगा जिला हॉकी संघ के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और प्रशासन आपस में समन्वय बनाकर काम करते रहे हैं इसका परिणाम आज सिमडेगा से इतने अधिक खिलाड़ी निकल रहे हैं। मैं सिमडेगा पूर्व में भी आ चुकी हैं और हमारे साथ खेलने वाली और विभाग में कार्यरत वर्तमान हॉकी खिलाड़ी भी यहां की व्यवस्था के विषय में बतलाते थे लेकिन आज आकर मुझे साफ-साफ देखने को मिला। यही कारण है कि कम सुविधा होने के कारण आज सिमडेगा से इतने अधिक खिलाड़ी निकल रहे हैं हम सभी लोगों का सहयोग आप लोगों के साथ हैं इसी तरह समन्वय बनाकर काम करें ताकि आने वाले दिनों में भी यह रफ्तार रुके नहीं।

बिरसा कृषि विवि का दीक्षांत समारोह दो फरवरी को

रांची। कांके स्थित बिरसा कृषि विवि का दीक्षांत समारोह दो फरवरी को होगा। मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यपाल रमेश बैस के शामिल होंगे। इसमें करीब 12 सौ डिग्रियां बांटी जाएगी। इसकी तैयारी की जा रही है। जानकारी के मुताबिक दीक्षांत समारोह में यूजी, पीजी, पीएचडी डिग्री विद्यार्थियों को दी जाएगी। इसमें यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडल और चांसलर गोल्डी मेडल भी दिया जाएगा। बिरसा कृषि विवि स्थापना वर्ष 1981 में हुई है। इसके बाद से अब तक छह दीक्षांत समारोह हुए हैं। इसमें विद्यार्थियों को डिग्री बांटी गई है। ये 7वां दीक्षांत समारोह होगा। करीब तीन साल के अंतराल पर दीक्षांत समारोह आयोजित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में विवि के अंतर्गत 10 कॉलेज संचालित हैं। इसमें उद्यान, एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग, डेयरी टेक्नो.लॉजी, फिशरीज और कृषि संकाय भी शामिल हैं।

बढ़ते अपराध की घटनाओं को लेकर समाज में आक्रोश : हरिनाथ साहू

नवीन मेल संवाददाता। कांके
राजधानी रांची में आये दिन अपराध की घटना बढ़ती जा रही है। लोगों की हत्या एक आम बात हो गयी है। हालांकि पुलिस इस अपनी तरफ से अंकुश लगाने का प्रयास कर रही है लेकिन अभी पूरी तरह से सफलता हासिल नहीं हो सकी है। शहर के लोग घटना की बढ़ती ग्राफ से काफी डरे सहमे रहते हैं। शहर में पुलिस की गश्ती भी तेज कर दी गयी है। फिर भी अपराधी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। कुछ इसी तरह का मामला विगत शनिवार को शाम लगभग 5:00 बजे दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार अपराधियों के द्वारा युवा समाजसेवी राजू साहू को उनके रिंग रोड, होचर पुल स्थित ऑफिस के सामने जान मारने की नियत से गोली मारकर जख्मी कर दिया गया था। जिसका इलाज रांची महावीर मेडिका हॉस्पिटल में चल रहा है। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। ज्ञात हो उक्त घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज में अपराधियों के गतिविधियों सहित भागने के क्रम में अपराधियों का मोबाइल फोन एवं एक देसी कट्टा भी कांके थाना को बरामद हुई है, पुलिस के द्वारा घटना की छानबीन हो रही है किंतु अभी तक किसी भी अपराधी को नहीं पकड़ा गया है। इस तरह की अपराधिक घटनाएं कांके क्षेत्र में लगातार बढ़ने से विशेषकर व्यवसायिक वर्ग एवं आम जनता भी खुद को असुरक्षित व भयभीत महसूस कर रही है। राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन कांके प्रखंड के तत्वधान में उक्त घटना को लेकर भामाशाह नगर रिंग रोड पर एक आपातकालिक बैठक कर घटना का घोर निंदा करते हुए, प्रशासन से मांग किया है, कि यदि तीन दिनों के अंदर अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होती है,तो राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन सड़क पर उतर कर गिरती कानून व्यवस्था के खिलाफ उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

झारखंड राज्य वुशु ओरिएंटेशन प्रोग्राम प्रारंभ

नवीन मेल संवाददाता
रांची। रविवार को झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन कार्यालय परिसर में झारखंड राज्य वुशु ओरिएंटेशन प्रोग्राम प्रारंभ हो गयी। इसकी जानकारी देते हुए राज्य संघ के प्रेसिडेंट चंचल भट्टाचार्य ने बताया कि झारखंड वुशु एसोसिएशन के द्वारा पहली बार इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसका मकसद जिला एसोसिएशन के पदाधिकारियों को डॉक्यूमेंटेशन की ट्रेनिंग दी जाएगी। आज यहां आयोजित प्रथम ओरिएंटेशन कार्यक्रम में जिला संघ के उपस्थित पदाधिकारियों को जिला स्तरीय खेल कैलेंडर तैयार करने, बैठक की कार्यवाही की सूचना और उसका व्योरा तैयार करने और उसका प्रॉपर रिकॉर्ड मेंटेन करने, ऑडिट रिपोर्ट की तैयारी करने के लिए एकाउंट्स का व्योरा रखने, सोशल मीडिया पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने ताकि खिलाड़ियों तक उनकी सीधी पहुंच स्थापित हो सके, जिला खेल पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर खेल का विकास करने, कोचेस के लिए राज्य संघ की मदद से उच्चस्तरीय प्रशिक्षण की व्यवस्था करने पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से चंचल भट्टाचार्य, शिवेन्द्र दुबे ने पदाधिकारियों को संबोधित किया। आज के इस कार्यक्रम में रांची, गुमला, ईस्ट सिंहभूम, बोकारो आदि जिलों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

विधायक ने चडरी तालाब के सौंदर्यीकरण का किया शिलान्यास

रांची। चडरी सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा की अनुशंसा पर विधायक कोष से चडरी तालाब में दशकर्म स्थल का चबूतरा, शेड, गेट निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास रांची विधायक सीपी ने रविवार को किया। इस अवसर पर सीपी सिंह ने कहा कि चडरी तालाब में हर दिन धार्मिक अनुष्ठान होते हैं। यहां दशकर्म स्थल वर्षों से नहीं था। चडरी तालाब में दशकर्म स्थल नहीं होने से लोगों को परेशानी होती थी। विधायक कोष से 22 लाख की लागत से तालाब का सौंदर्यीकरण का काम किया जाएगा।

जिमनास्टिक प्रतियोगिता आयोजित

नवीन मेल संवाददाता। रांची
रविवार को मधुकम में कॉम्बैट जिम्नास्टिक्स ट्रेनिंग क्लब द्वारा जिमनास्टिक प्रतियोगिता कराई गई जिसमें बच्चों की योग्यता देखी गई इस प्रतियोगिता मे मुख्य अतिथि कांग्रेस सचिव झारखंड प्रदेश के अमरेंद्र सिंह ने बच्चों को अपने वचनों से उत्साहित किया तथा आगे बढ़ने की कामना की, झारखंड जिमनास्टिक एसोसिएशन के सचिव निशिकांत पाठक ने बच्चों को काफी जानकारी दी तथा खेलने में टैलेंट को आगे बढ़ाने में समर्थन दिया, इसके साथ ही ज्ञानेंद्र कुमार राजीव रंजन, ट्रेसर गोविंद झा तथा आशुतोष श्रीवास्तव, विजय कुमार लिंबू, दीपक वर्मा, कार्तिक कुमार अतिथि गण मौजूद थे। सबने बच्चों का उत्साह बढ़ाया तथा कई जानकारियां दी इसके अलावा सब जूनियर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर खुशी कुमारी रहीं दूसरे स्थान पर अवनि कुमारी तथा तीसरे स्थान पर बानी छाबड़ा तथा आराध्या कुमारी रहीं जूनियर बॉयज कैटेगरी में प्रथम शशांक देव, दितीय श्रेणी में प्रणव कुमार तथा तीसरे स्थान पर आर्यमान बलूनीयां रहे जूनियर कैटेगरी गर्ल्स में प्रथम स्थान पर रश्मीत कौर, दूसरे स्थान पर परी कुमारी और तृषा रक्षिता, तृतीय -अनन्या मोदी और मानवी सब जूनियर बॉयज कैटेगरी प्रथम- समृद्ध सिंह, द्वितीय-आर्यन कुमार, कि तृतीय-हरजस सिंह खुराना, सीनियर गर्ल्स कैटेगरी कैटेगरी-प्रथम- खुशबू कुमारी, द्वितीय -खुशी कुमारी, तृतीय- छोटी कुमारी, सीनियर बॉयज कैटेगरी-प्रथम- विशाल कुमार, द्वितीय -सौरभ सुमन, तृतीय- आयांक रंजन थे। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में कोच सिंटू कुमार, रजनी कुमारी, सूरज कुमार , स्वास्तिका राज तथा आकाश कुमार शामिल थे।

देशप्रिय क्लब में प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

रांची। देशप्रिय क्लब की ओर से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर रविवार को चित्रांकन प्रतियोगिता, टॉफी रेस, बिस्किट रेस, थ्रो बॉल, अर्थमैटिक, स्पून रेस समेत कई अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिता को चार समूह में बांटा गया था। इसमें प्रतिभागियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। चित्रांकन प्रतियोगिता में सभी चार ग्रुप के विजेता- अहान कुमार, आयुषी चौरसिया, आध्या प्रिया, रोहित दास गुप्ता, सिद्धार्थ राजवीर, विभास दत्ता, दिव्यांश गुप्ता, तृषा राय, ईशानी, अलीशा मान्य क्षेत्री, दर्श कुमार, व्यंजना निधि, खुशी पॉल, सृष्टि शानवी, प्रियाश्री खां और अनीशा चौरसिया रहे।

सम्मान समारोह

चिन्मय गीता गायन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

नगर स्तरीय प्रतियोगिता के चयनित 6 नगरों को किया गया पुरस्कृत

नवीन मेल संवाददाता। रांची
चिन्मय गीता गायन प्रतियोगिता 2022 की नगरस्तरीय प्रतियोगिता के 12 में से 6 नगरों का पुरस्कार वितरण रविवार को सम्पन्न हुआ। ज्ञातव्य है कि इस प्रतियोगिता के 6 नगरों का पुरस्कार वितरण बीते 8 जनवरी को हो चुका है। शेष 6 नगरों के नगरस्तरीय प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना पुरस्कार चयनित प्रतिभागियों के बीच रविवार, 22 जनवरी 2023 को चिन्मय मिशन, रांची के आचार्य पूज्य स्वामी परिपूर्णानन्द के सानिध्य में पुरस्कृत किया गया। इससे पहले मंगलाचरण व दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। सभी छात्राओं द्वारा सामूहिक गीता के 10 श्लोकों का सस्वर गायन किया गया। इस गायन ने वहां उपस्थित अभिभावकों के मन में भी गायन सीखने की रूचि उत्पन्न की। चिन्मय मिशन के अध्यक्ष आरएस अग्रवाल ने छात्राओं व अभिभावकों के द्वारा चिन्मय मिशन के इस अभियान में सहयोग की भूरि-भूरि प्रशंसा की। चिन्मय मिशन, रांची के आचार्य पूज्य स्वामी परिपूर्णानन्द ने विजेता प्रतिभागियों और अभिभावकों को प्रेरणादायक आशीर्वचन दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अधिकतर व्यक्ति पढ़ें और लिखें हैं, वे पढ़े-लिखे नहीं हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को इसे सीखते रहने की प्रेरणा दीं। मौके पर उन्होंने अभिभावकों से कहा कि यह ज्ञान हमारे मनीषियों की संपदा है और इसकी इतनी शक्ति है जिसे सीखने पूरे विश्व से शिक्षार्थी भारत आते थे। चिन्मय मिशन के सचिव श्याम टोरका ने मिशन की विभिन्न गतिविधियों बाल विहार, युवा केंद्र, देवी मंडल, स्वाध्याय, वानप्रस्थ, आध्यात्मिक शिविर के बारे में जानकारी देते हुए इस महायज्ञ में आहुति देनेवालों के प्रति धन्यवाद अर्पित किया। आयोजन में सहयोगी को-ऑर्डिनेटर राजीव रंजन प्रसाद, प्रमोद कुमार, अशोक अग्रवाल, विजय सरायका, अशोक मंगल, बसंत शर्मा, बंकट गाड़ोदिया आदि के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन प्रतियोगिता के मुख्य को-ऑर्डिनेटर वेद प्रकाश बागला ने किया। उपस्थित निर्णायकों चंद्रमाधव सिंह, पृथ्वी राज सिंह, रम्या, स्वाति, संजय सुल्तानिया, बैजनाथ सिंह आदि के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय के को-ऑर्डिनेटरों व अभिभावकों के प्रयास की तारीफ की। मिशन के कार्यालय सहयोगी धीरज, अनिकेत, अभिनव के योगदान को भी बताया। चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण का संचालन को-ऑर्डिनेटर राजेश कौशिक ने सहयोगी विशाल सरायका आदि के सहयोग से सम्पन्न किया। कार्यक्रम में ट्रस्टी प्रेम प्रकाश आर्य, बालेश्वर चौधरी, रिम्स के सर्जन डॉ. आरएस शर्मा सहित बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति रही। शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

इन्हें किया गया सम्मानित

- डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम नगर : ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, चूटिया, डीएवी पब्लिक स्कूल, हेहल, स्प्रिंगडल्स नर्सरी स्कूल, हिनू, लाला लाजपत राय बाल मंदिर, कडरु, श्री शिव नारायण कन्या मध्य पाठशाला, अपर बाजार।

स्वामी तपोवन नगर : आनंद स्वामी डीएवी, हेहल, कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड, ब्रिजफॉर्ड स्कूल प्राइमरी विंग, करमटोली, विद्या विकास पब्लिक स्कूल, बोरेया, शारदा ग्लोबल स्कूल, बुकरू।

स्वामी विवेकानंद नगर : विवेकानंद विद्या मंदिर, धुर्वा।

सरमोक्षगुंडम विश्वेस्वराया नगर : जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली।

घनश्याम दास बिरला नगर : सरला बिरला पब्लिक स्कूल, महिलोंग।

जगदीश चंद्र बसु नगर : सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल, दीपाटोली, कोकर।

रामगढ़ उपचुनाव को लेकर आजसू महिला प्रभारियों की नियुक्ति

आजसू पार्टी

नवीन मेल संवाददाता। रांची
रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव के मद्देनजर आजसू पार्टी ने प्रखंड वार महिला प्रभारियों की नियुक्ति की है। आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत ने रविवार को कहा कि महिला प्रभारियों की नियुक्ति से उपचुनाव अभियान को मजबूती मिलेगी। गांव एवं वार्ड स्तर की महिला कार्यकर्ताओं की टीम को और मजबूत करने तथा सदस्यता अभियान की गति और तेज करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि सभी प्रभारी उपचुनाव की तैयारियों को लेकर ग्राम संवाद का नेतृत्व भी करेंगी। गोला प्रखंड में नीरु शांति भगत एवं निर्मला भगत, दुलमी में पार्वती देवी एवं सरिता देवी, चितरपुर में वीणा चौधरी, रामगढ़ ग्रामीण में वीणा देवी, रामगढ़ नगर में वर्षा गाड़ी एवं अनिता साहू, रामगढ़ छावनी में बबीता देवी की नियुक्ति हुई है। इसके साथ पार्टी ने रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत को मांडर विधानसभा क्षेत्र में संगठन का पुनर्गठन एवं विस्तार की जिम्मेदारी दी है। देवशरण भगत ने कहा कि निर्मला भगत मांडर विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने तथा वार्ड स्तर तक कार्यकर्ताओं की फौज तैयार करने की जिम्मेवारी पार्टी ने दी है। मांडर विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड मांडर, चान्हो, इटकी, बेड़ो, लापुंग में आजसू पार्टी के सांगठनिक कार्यक्रमों को गति देंगी। उन्होंने कहा कि हमारा मकसद है कि आजसू पार्टी की विचारधारा जन-जन तक पहुंचे और इसी दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री के घर का घेराव करने पहुंचे स्वास्थ्य कर्मी

नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर
झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्साकर्मी संघ नियमितीकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल रविवार को भी जारी रही । इस दौरान स्वास्थ्य कर्मी, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के कदमा स्थित आवास का घेराव करने पहुंचे हालांकि, पुलिस पूर्व से इसके लिए तैयार थी । पुलिस ने आवास से कुछ दूरी पर ही बैरिकेड लगाकर कर्मियों को सड़क पर ही रोक दिया । गुस्साए कर्मी सड़क पर ही बैठ गए और नारेबाजी करने लगे । इस दौरान कदमा मुख्य सड़क भी जाम हो गई थी। आपको बता दे कि नियमितीकरण को लेकर मंगलवार से ही स्वास्थ्य कर्मी हड़ताल पर है. इनमे एएनएम, जीएनएम, पैथोलॉजिस्ट, फॉर्मासिस्ट, लैब टेक्निशियन, एक्स-रे टेक्निशियन व अन्य कर्मचारी हैं । इनके सामूहिक हड़ताल पर जाने से जिले की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो गई है । संघ का का कहना है कि 10-15 वर्ष से लोग स्वास्थ्य विभाग में अनुबंध के आधार पर सेवा दे रहे हैं. अब तक उन्हें नियमित नहीं किया गया है जबकि अनुबंधकर्मियों के स्थायीकरण की बात सरकार के चुनावी घोषणा-पत्र में भी शामिल था। इधर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि इस मामले को लेकर वे मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री से बातचीत करेंगे। यह केवल 1 जिले का मामला नहीं है, बल्कि पूरे राज्य का मामला है। वे बीच का रास्ता निकालेंगे।

पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रोका

NEWS इन ब्रीफ

हाईकोर्ट के सेवानिवृत न्यायाधीशों की निःशुल्क कॉल सुविधा में बदलाव

रांची। झारखंड हाईकोर्ट के सेवानिवृत मुख्य न्यायाधीशों एवं सेवानिवृत न्यायाधीशों को दूरभाष प्राधिकार की ओर से अनुमान्य निःशुल्क कॉल संख्या के अलावा 1500 रुपये का निःशुल्क कॉल की सुविधा प्रदान करने के प्रावधान में संशोधन किया गया है। अब प्रति माह अनुमान्य 1500 रुपये के प्रावधानित सीमा के अंदर निःशुल्क कॉल की सुविधा के साथ एफटीटी एच, फाइबर टू द होम तथा इंटरनेट, कॉल सेवा के अन्य माध्यम के दावे भी जुड़े होंगे।

होली फेथ पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह

कुडू। होली फेथ पब्लिक स्कूल कुडू के वार्षिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने कहा की विद्या सबसे बड़ा धन है। शिक्षा के माध्यम से ही हम प्रगति कर सकते हैं। शिक्षकों और अभिभावकों से कहा की बच्चों पर अपनी इच्छा नहीं थोपें। उन्हें स्वाभाविक रूप से अपनी प्रतिभा के अनुसार आगे बढ़ने दें। उन्हें प्रोत्साहित कर उनके मनोबल को बढ़ाएं। बेटियों को पढ़ाने पर विशेष बल देते हुए कहा की शिक्षित नारी घर और समाज को बेहतर तरीके से संवारती है।

पांच दिवसीय शत चंडी यज्ञ का शुभारंभ

कुरडेग। प्रखंड थाना क्षेत्र के हृदय स्थली पर स्थित उमा महेश्वर महावीर मंदिर में रविवार सुबह पाँच दिवसीय शत चंडी यज्ञ हेतु भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे प्रखंड से करीब दो हजार लोगों ने भाग लिया। मौके पर बाजे गाजे के साथ भक्ति पूर्ण वातावरण में भजन कीर्तन करते हुए सभी लोग खलीजोरा नदी से जल उठाकर मंदिर पहुंचे जहाँ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंडप प्रवेश कराया गया। कलश रखने के बाद सभी श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया।

कंप्यूटर कक्ष-सामुदायिक पुस्तकालय का उद्घाटन

बानो। रा.म. विद्यालय बानो में इस बार गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा के अवसर पर कुछ नया देखने को मिलेगा। जिसकी तैयारी को लेकर रा. म. विद्यालय बानो में विगत दिनों विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक बाल संसद एवम शिक्षकों के साथ की गई।बैठक में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की चर्चा की गई। इस विषय पर सभी सदस्यों ने विद्यालय स्तर पर गणतंत्र दिवस सरस्वती पूजा , आनंद मेला , एवम भारतीय सभ्यता से संबंधित धरोहरों की प्रदर्शनी लगाने का निर्णय लिया गया।

बोलबा में विश्व हिंदू परिषद की बैठक

बोलबा। बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर में विश्व हिंदू परिषद का बैठक किया गया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के संजीत कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना दिवस 1925 ईस्वी में की गई थी। जिसको लेकर लगभग 100 साल पूरी होने के उपलक्ष में भारत के तमाम में प्रवचन एवं बच्चों के बौद्धिक ज्ञान में वृद्धि को लेकर 5 फरवरी को राजस्व ग्राम किलेसेरा में एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिला मुख्यालय से विहिप के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

सिमडेगा में बस ऑनर्स एसोसिएशन की बैठक

सिमडेगा। आज सूबे के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के आगमन को लेकर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में आयोजित की गई है।जिसको लेकर जिला प्रशासन की ओर से सारी तैयारियां की जा रही हैं।ज्ञात हो कि इस दिन विभिन्न विभागों के द्वारा लाभुकों के बीच विभिन्न परिसंपत्तियों का वितरण भी किया जाना है। जिसमें प्रखंड स्तर के लाभुक भी सम्मिलित हैं। डीटीओ ओमप्रकाश यादव ने जिला बस ऑनर्स एसोसिएशन के साथ एक बैठक आयोजित करते हुए उपस्थित बस संचालकों को विभिन्न प्रखंडों से लाभुकों को लाने एवं पहुंचाने हेतु बसों को उपलब्ध कराने की बात कही।

महिला से लूटपाट करने के मामले में तीन धराये

नवीन मेल संवाददाता। रांची
रांची की रातू थाना पुलिस ने हथियार के बल पर महिला से लूटपाट करने के मामले में तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो फर्जी नंबर लिखा बाइक, नंबर प्लेट बजाने में प्रयोग किया गया औजार, महिला का लूटा हुआ आधार कार्ड, टैब और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में शमशेर आलम अरविंद गोप और आकाश बैठा शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 13 जनवरी को महिला ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि वह रातू के कमड़े स्थित बंधन बैंक में फिल्ड ऑफिसर के पद पर कार्यरत है। वह आमटांड स्थित लीला देवी के घर से लोन का पैसा कलेक्शन कर के 38 हजार 40 रुपये बैंक में जमा करने जा रही थी। इसी दौरान संडे मार्केट से पहले बाइक सवार अपराधियों ने हथियार दिखाकर बैग लूट कर फरार हो गए। एसपी ने बताया कि रातू थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिद्दी थाना क्षेत्र में छापेमारी कर शमशेर आलम को गिरफ्तार किया। इसकी निशानदेही पर योजना में शामिल और रेकी करने वाले दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ विभिन्न थाना क्षेत्रों में पूर्व से 10 मामले दर्ज हैं। एसपी ने बताया कि छापेमारी टीम में थाना प्रभारी सपन कुमार महथा, हसनैन अंसारी, अभिषेक कुमार सिंह, अंजन कुमार, पिन्टु कुमार, उज्जवल कुमार सिंह, लालबाबू राय सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

विधायक ने किया तेलेंगा खड़िया नॉक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर
रविवार को प्रखंड मैदान में तेलेंगा खड़िया नॉक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन माननीय विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी द्वारा किया गया। साथ ही विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि क्रिकेट के खेल में कई विशेषताएं हैं। खेल की भावना से खेल खेलें और जीत और हार की चिंता किए बिना खेल की कला का आनंद लें। खेल में भाईचारे की भावना और जीवन के सर्वोत्तम गुण क्रिकेट के मैदान में पाए जाते हैं। हमें हमेशा इस लोकप्रिय खेल को उत्तरोत्तर बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। हमारे देश में अच्छे खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया है आप सभी खिलाड़ी अच्छे से खेले ताकि भारत का नाम खेल जगत में अग्रणी बने। क्रिकेट खेल हमारे देश में सबसे अधिक पसंद किया जाता है। इस खेल को लेकर हमारे देश में अलग ही तरह का जूनून है। जब यह खेल हमारी टीम यानी भारतीय टीम खेलती है, तो वह कैसा प्रदर्शन कर रही है यह जानने की हर देशवासी के मन में उत्सुकता रहती है आप लोग भी अच्छे खिलाड़ी बन कर भारत टीम तक जगह बनाए। प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने कहा कि खेल हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत आवश्यक और उपयोगी हैं। यह मूलतः हमारे सर्वांगीण विकास का भी एक साधन है इससे हमारा केवल शारीरिक ही नहीं अपितु मानसिक भी विकास होता है।

अवैध बालू लेकर भाग रहा ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
जिले के कुडू प्रखंड में अवैध खनन की सूचना पाकर छापेमारी करने पहुंची टीम की कार्रवाई से बचने के लिए अवैध बालू लेकर भाग रहा एक ट्रैक्टर पलट गया। घटना में ट्रैक्टर चालक कोलसिमरी गांव निवासी पुनित उरांव की दबकर मौत हो गई। खनन विभाग ने ट्रैक्टर को जब्त कर थाना को सौंप दिया है। घटना कुडू थाना अंतर्गत कोलसिमरी के बालू घाट में रविवार को घटी। जानकारी के अनुसार बालू की रोकथाम को लेकर खनन विभाग की छापेमारी टीम भ्रमण कर रही थी। इसकी सूचना ट्रैक्टर मालिकों को मिल गई। उन्होंने अपने ड्राइवरों को तुरंत नदी से गाड़ी हटाने को कहा। इसके बाद बालू घाट स्थित सभी गाड़ी भगाने लगे। भागने के क्रम में पुनित उरांव का ट्रैक्टर बालू घाट में ही पलट गया। जिससे दबकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इधर, घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया। इस दौरान पुलिस को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। चालक के परिजन मुआवजे की मांग कर रहे थे। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आज से देवघर में

नवीन मेल संवाददाता। रांची
प्रदेश भाजपा के कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक 23 और 24 जनवरी को देवघर में होगी। प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश की अध्यक्षता में होने वाली यह बैठक मैहर रिसॉर्ट, देवघर में आयोजित होनी है। 23 जनवरी को सुबह 10 बजे प्रदेश पदाधिकारी की बैठक शुरू होगी। दोपहर 2.30 बजे कार्यसमिति का विधिवत उद्घाटन होगा। अगले दिन 24 जनवरी की दोपहर 12 बजे इसका समापन होगा। इसी दिन बैठक के समापन के पूर्व राजनीतिक प्रस्ताव भी पास किए जाएंगे। बैठक में विधायक दल के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश प्रभारी एवं सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी सहित क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी और अन्य प्रमुख नेताओं का मार्गदर्शन पार्टी कार्यकर्ताओं को मिलेगा। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को लेकर पार्टी के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह 21 जनवरी से देवघर में जमे हुए हैं। साथ ही प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहु के अलावा बालमुकुंद सहाय, प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह समेत अन्य प्रमुख पदाधिकारी भी उनके साथ सारी व्यवस्थाओं को फाइनल करने में लगे हैं। मैहर रिसॉर्ट में करीब 500 पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के लिए जरूरी इंतजामों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा प्रदेश अध्यक्ष का चुटिया में स्वागत

प्रदेश संचालन समिति का गठन

नवीन मेल संवाददाता। रांची
रविवार को अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा झारखंड की एक बैठकहरिहर टोली चुटिया रांची में ब्राइट एंजल प्ले स्कूल में हुई. इस बैठक में श्री कुशवाहा राकेश महतो, राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा मनोनीत झारखंड महासभा के नए प्रदेश अध्यक्ष अभय कुशवाहा का अभिनंदन किया गया। महासभा के संगठनात्मक विस्तार पर चर्चा की गई। इस बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय सचिव श्री अवधेश कुशवाहा जी के द्वारा की गई एवं सभा का संचालन कुशवाहा ललित महतो द्वारा की गई। अभय कुमार के द्वारा झारखंड में सांगठनिक विचार हेतु कई सुझाव दिए गए। उन्होंने कहा कि झारखंड महासभा को पांच प्रमंडल में विभाजित किया जाय।

एक संचालन समिति का भी गठन किया गया, जिसमें चूड़ामणि महतो जी, पुष्कर महतो , केदारनाथ महतो, प्रवीण कुमार, कुशवहा शिवचरण , राजेश खन्ना, सूरज महतो, शिव शंकर , इंद्र नारायण कुशवाहा , इंद्रदेव एवं श्री अमरनाथ महतो जी को रखा गया है। संचालन समिति को कार्यभार दिया गया है कि झारखंड के हर जिला और राज्य में संगठनात्मक संरचना का प्रारूप और उनका नव निर्माण किया जाए। यह संचालन समिति अभय जी का एवं अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा झारखंड को सहयोग प्रदान करेगी। इस बैठक में प्रबुद्ध जनों ने अपने अपने विचार संगठन को मजबूत करने के लिए कई सुझाव रखे। महासभा में महिलाओं एवं युवाओं को भी जोड़ने पर बल दिया गया। राज्य में जितने भी विभागों के पदाधिकारी गण, व्यवसायी गण, किसान एवं जिस भी क्षेत्र में जिस भी व्यवसाय से लोग जुड़े हैं उन सब से समाज की प्रगति के लिए सहयोग करने की अपील की गई।

सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने पर चार युवकों के खिलाफ केस दर्ज

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा
सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत एकागुड़ी में शुक्रवार सुबह बालू माफियाओं के द्वारा पुलिस के साथ धक्का-मुक्की करते हुए पकड़े गए ट्रैक्टर को लेकर फरार करवाने के मामला पर सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान के लिखित बयान पर चार नामजद के खिलाफ धक्का-मुक्की करने एवं सरकारी काम में बाधा पहुंचाने तथा अल्टो कार से रेकी करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया गया है। दर्ज मामले में लोहरदगा थाना क्षेत्र के निगनी निवासी बहुरा साहू के पुत्र बजरंग साहू,शिव शंकर साहू के पुत्र संदीप कुमार साहू, सेन्हा थाना क्षेत्र के डांडू निवासी किशन उरांव के पुत्र राजकुमार उरांव तथा मेढो निवासी सह ट्रैक्टर चालक ब्रिज उरांव के पुत्र कमलेश उरांव के विरुद्ध कांड संख्या 14 /2023 दर्ज कर धारा 341, 330, 342, 353, 506, 379, 411, 504 एवं 34 भादवी के तहत मामला दर्ज कर सेन्हा थाना पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई। बताया जाता है कि शुक्रवार को सुबह पुलिस द्वारा अंचलाधिकारी को बालू की अवैध परिवहन मेढ़ो कोयल नदी से होने की सूचना देते हुए सेन्हा थाना पुलिस निकली थी। तभी एकागुड़ी मैदान के पास अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को रोक कर चलान की मांग किया गया। चलान नही दिखाने पर ट्रैक्टर में पुलीस जवान को बैठा कर थाना लाया जा रहा था की तभी अल्टो 800 कार नंबर डब्लू बी 2डी 1999 में सवार 3 लोगों ने रेकी करते पुराना बालू डंपिंग यार्ड के पास रोक कर पुलीस जवान के साथ धक्का मुक्की करते हुए बालू को ट्रैक्टर से गिरा कर ट्रैक्टर खेत के रास्ते ले कर भाग गया तथा सेन्हा थाना पुलिस वाहन को देख कार को छोड़कर कार सवार फरार हो गया।

लोहरदगा में बागेश्वर धाम वाले बाबा धीरेंद्र शास्त्री के समर्थन में उतरा जय श्री राम समिति

लोहरदगा। बागेश्वर धाम वाले बाबा धीरेंद्र शास्त्री जी के दरबार में 5 से 6 लाख लोगो के बीच जय श्रीराम समिति के जिला महामंत्री अजय साहू, एवं लक्की कुमार साहू पहुंच खुद अपने आंखों के सामने सच्चाई को देखे। जिला महामंत्री अजय साहू ने कहा आजकल सनातन समाज को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है हमने इस सच्चाई को देखने के लिए खुद उनके दरबार में पहुंच कर सब कुछ देखा वहां पर किसी भी प्रकार का अंधविश्वास की बातें नहीं थी। शास्त्री जी के ऊपर भगवान हनुमान की कृपा है जिनके हर शब्द लोगों को प्रेरित कर रही है यही कारण है शास्त्री जी के दरबार में कई लोग धर्म वापसी किया। यही कारण है सनातन विरोधी उनका विरोध कर रहे हैं कहा जा सकता है की सनातन समाज की बीड़ा उठाने वाले हर एक व्यक्ति पर षड्यंत्रकारी लगे रहते हैं।

प्रतियोगिता

किसान उवि. में प्रतिभा खोज सह सम्मान समारोह का आयोजन

आरजीएसएम पब्लिक स्कूल ने मारी बाजी

नवीन मेल संवाददाता। डंडई
प्रखंड मुख्यालय के किसान उच्च विद्यालय परिसर में रविवार को डंडई थाना के द्वारा प्रतिभा खोज सह सम्मान समारोह का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पुलिस इंस्पेक्टर केके साहू, थाना प्रभारी सुनील कुमार पटेल, जिला परिषद सदस्य मोहन पासवान,मुखिया धनवंती देवी , प्रमुख प्रतिनिधि घुरबिगन बैठा इत्यादि लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में प्रखंड के दर्जनों से भी अधिक सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया । इस दौरान प्रतियोगिता में सामान्य ज्ञान ,गणित, अंग्रेजी , विज्ञान सहित विभिन्न विषय आधारित ऑब्जेक्टिव सवाल पूछे गए । वही परीक्षा में भाग लिए छात्र-छात्राओं ने निर्धारित समय के बीच

प्रश्नों का उत्तर दिया । तत्पश्चात प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों का आकलन किया गया । जिसमें डंडाई के आरजीएन पब्लिक स्कूल का छात्र सूरज कुमार मेहता प्रथम स्थान और उसी विद्यालय के छात्र गुरुगोविंद सिंह ने भी तृतीय स्थान लाकर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया । जबकि जवाहर नवोदय विद्यालय गढ़वा का छात्र अंजनी कुमार द्वितीय स्थान प्राप्त किया । प्रतिभा खोज परीक्षा में आर जी एस एम पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं का जलवा रहा । प्रथम और तृतीय अंक पाकर प्रतिभागी के साथ-साथ उक्त विद्यालय के अन्य छात्र छात्राएं भी काफी उत्साहित थे ।वहीं अंक आकलन के पश्चात इंस्पेक्टर केके साहू थाना प्रभारी सुनील कुमार पटेल डंडई मुखिया धनवंती देवी प्रमुख प्रतिनिधि घुरबिगन बैठा ने संयुक्त रूप से प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार का वितरण किया । इस बीच प्रतिभा खोज परीक्षा कार्यक्रम में प्रथम अंक लाने वाले प्रतिभागी आरजी एसएम पब्लिक स्कूल के छात्र सूरज कुमार मेहता को महंगी राशि की साईकल देकर पदाधिकारियों के द्वारा सम्मानित करने का काम किया गया ।उसके अलावा सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्कूल कीट देकर भी सम्मानित करने का काम किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंस्पेक्टर केके साहू ने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र के बच्चों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है । जरूरत है इसे तत्परता के साथ निखारने की। उन्होंने कहा कि दूरवर्ती क्षेत्रों में समय-समय पर अगर इस तरह का आयोजन होता रहे तो नौनिहाल बच्चों के बीच जो छुपी हुई प्रतिभा है वह बहुत जल्द नखरेगा । के के साहू ने प्रथम और तृतीय अंक लाने वाले आरजीएसएम पब्लिक स्कूल के दोनों छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की ।

शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा सह-रुद्र यज्ञ को लेकर कलश यात्रा

नवीन मेल संवाददाता। रमना
प्रखंड के रमना-डंडई मार्ग में चुंदी घाटी मे नवनिर्मित बाबा चुन्दीश्वरनाथ शिव मंदिर में स्थापित शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा सह -रुद्र यज्ञ को लेकर रविवार को वैदिक मंत्रोपचार के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई।इस यात्रा में काफी संख्या में महिलाएं व कन्या शामिल हुई।भवनाथपुर के पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव भी अन्य लोगों के साथ कलश यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान हर-हर महादेव के नारे से पूरा चुंदी गांव गूंज उठा। कलश यात्रा में शामिल महिलाए व श्रद्धालु मंदिर परिसर से चलकर चुंदी गांव होते हुए भागोडीह स्थित फटहा नदी पहुंचे।जहां यज्ञाचार्य के द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश मे जल भरा गया।इसके बाद श्रद्धांलु मंदिर परिसर में पहुंचे।जहां आचार्य अनंत श्री विभूषित प्रपन्नाचार्य जी महाराज के द्वारा यज्ञशाला मे कलश का स्थापना कराया गया।इसके साथ ही पांच दिवशीय यज्ञ आरंभ हो गया।यज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष साह ने बताया कि सोमवार को पंचांग पूजन तथा यज्ञशाला प्रवेश,24 जनवरी को अग्नि स्थापना,26 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा तथा 27 जनवरी को पूणार्हुति,महाभंडारा के साथ यज्ञ समाप्त हो जाएगा।

NEWS इन ब्रीफ

शिक्षा मंत्री का निर्णय स्वागतयोग्य : रमेश

रामगढ़। झारखंड प्रशिक्षित बेरोजगार शारीरिक शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव रमेश कुमार महतो ने रविवार को कहा कि राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो द्वारा लिया गया निर्णय स्वागत योग्य है। रमेश ने बताया कि शिक्षा मंत्री ने कहा कि बिहार की नियमावली में बिहार के लोग ही शिक्षक बन सकते हैं। तो झारखंड में सिर्फ झारखंड के निवासी ही शिक्षक बनें। इससे किसी को कोई परेशानी नही होनी चाहिए। बिहार में आवेदन के लिए बिहार का निवासी होना अनिवार्य है। तो झारखंड में भी यह नियम लागू करना चाहिए, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिल सके। कहा कि शिक्षा मंत्री के द्वारा बिहार, पश्चिम बंगाल, दिल्ली की शिक्षक नियुक्ति नियमावली की जानकारी जुटायी जा रही है। इसी माह के अंदर इस संबंध में निर्णय लिया जा सकता है। इसके बाद झारखंड में भी बिहार के तर्ज पर पंचायत स्तर पर 50 हजार पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो जायेगा। कहा कि बिहार में बिहारी तो झारखंड में भी झारखंडी जरूरी है।

रबी फसल को लेकर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला

केरेडारी। केरेडारी प्रखंड के सिंगल विंडो सेंटर में रबी फसल को लेकर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रमुख सुनीता देवी, उपप्रमुख अमेरिका महतो, बीईओ अनुज कुमार, तकनीकी प्रबंधक सुभाष कुमार, जनसेवक रवि राजा आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला में रबी फसल पर विस्तृत जनकारी दी गई। इस मौके पर मोहम्मद जेया, प्रशांत कुमार, तैयब हुसैन, सौरभ कुमार समेत कृषक मित्र उपस्थित थे।

माता शबरी की जयंती मनाने का निर्णय

हजारीबाग। अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति हजारीबाग की बैठक जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी की अध्यक्षता में कर्जन ग्राउंड में हुई। संचालन जिला महासचिव रंजीत कुमार ने किया। बैठक में 24 फरवरी को माता शबरी जयंती को लेकर चर्चा हुई। बैठक के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नुनुलाल भुइयां भी उपस्थित हुए। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी माता शबरी जयंती ग्राम वीरवीर प्रखंड सदर में धूमधाम से मनाई जाएगी। जयंती तैयारी को लेकर अंतिम बैठक 29 जनवरी को ग्राम वीरवीर प्रखंड सदर में की जाएगी।

कायस्थ महासभा की बैठक में एकजुटता पर बल दिया गया

दारू। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के कार्यकारी जिला अध्यक्ष बृजमोहन प्रसाद ने दारू बक्शीडीह में भैया सुमित के कार्यालय में चित्रांश परिवार के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में कायस्थ परिवार की एकजुटता और मजबूती पर बल दिया गया। अध्यक्ष ने बताया कि महिला चित्रांश समिति को गठित कर उन्हें भी एक मंच पर लाने का प्रयास किया जाएगा।

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा संपन्न, विधायक ने कहा

विकास की एकमात्र दवा है कांग्रेस

केंद्र पर बरसे कांग्रेसी, हजारों समर्थकों ने लिया हिस्सा

नवीन मेल संवाददाता

बरही। देश में कांग्रेसी बयार ने विपक्षियों के नींद हराम कर दिए हैं, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा ने एक बार फिर से पुराने और रूठे साथियों को अपने घर वापसी दिलाई है। पूरे देश में कांग्रेस एक बार फिर सशक्त हुआ है। बढ़ती लोकप्रियता ने आगामी लोकसभा चुनाव में दिल्ली जीतने की इशारा कर रहा है। कांग्रेस ही देश के विकास के एक मात्र दवा थी, है और रहेगा। उक्त बाते स्थानीय कांग्रेसी विधायक उमाशंकर अकेला ने भारत जोड़ो यात्रा पर बरही चौक परआयोजित आमसभा में कही। हजारों समर्थकों के साथ यादव धर्मशाला से प्रारंभ हुई भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम धनबाद रोड होते हुए बरही चौक पर आमसभा में तब्दील हो गई। कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से महिला, पुरुष और कार्यकर्ता शामिल हुए। सभा का संचालन प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने किया। जिसमे पार्टी के प्रदेश सचिव अवधेश कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, जिला महासचिव बिनोद यादव, झामुमो विस प्रभारी बिनोद विश्वकर्मा, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, बरही, पदमा, चौपारण और चंदवारा के 20सूत्री के अध्यक्ष, जिप सदस्य रविशंकर अकेला, विस विधायक प्रतिनिधि छट्टू यादव, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, 20 सूत्री सदस्य रघुवीर यादव आदि सहित कई लोग मौजूद थे।

दो ट्रकों की टक्कर में चालक की मौत

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत जमसोती नाला के पास रविवार की दोपहर दो ट्रकों की टक्कर में एक चालक की झुलसकर मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार गैस टैंकर बिहार से कोडरमा की तरफ आ रहा था। इसी दौरान कोडरमा घाटी में जमसोती नाला के पास कोडरमा की तरफ से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गयी। घटना के बाद गैस टैंकर के केबिन में आग लग गयी और चालक की मौके पर ही झुलसने से मौत हो गई। इससे रांची पटना रोड पर एक घंटे तक जाम लगा रहा। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन दल के कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

कोयला लोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलटने से दो घायल

कोडरमा। कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा घाटी नौवां माइल में रांची-पटना रोड पर कोयला लोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलट जाने से दो लोग घायल हो गए। घायल की पहचान इंद्रजीत सिंह, उम्र 29 साल, पिता- यशवंत सिंह, ग्राम तरनतारन, पंजाब और बृजेश यादव, उम्र 27 साल, पिता- देवराज यादव बलुवाही, यूपी के रूप में हुई है। घटना रविवार को पूर्वाह्न करीब 11 बजे की है। जानकारी के अनुसार ट्रक में धनबाद से कोयला लोड कर बिहार की तरफ ले जाने के दौरान कोडरमा घाटी के नौवां माइल के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे दो लोग घायल हो गए। इसकी सूचना पीसीआर को मिलने के बाद पहुंचकर घायल को सदर हॉस्पिटल लाया गया, जहां इलाज चल रहा है। दोनों घायल ड्राइवर और खलासी बताए जा रहे हैं।

मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

नवीन मेल संवाददाता

बरही। शनिवार को रसोईयाधमना के सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में आयोजित मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता कक्षा 4 से 10 तक के विद्यार्थियो के लिए आयोजित की गई थी जिसमे विद्यार्थियों ने फोटोसिंथेसिस, ह्यूमन स्केलेटन सिस्टम, सोलर सिस्टम, विंडमिल, समर सीजन विंटर सीजन, ह्यूमन एक्सक्रेटरी सिस्टम सेव वॉटर विषय पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बताते हुए प्राचार्य नितेश कुमार ने कहा कि उनका विद्यालय शिक्षा को दिलचस्प बनाने के लिए सदैव खेल और कला का सहारा लिया है। इसी के तहत मॉडल मेकिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। निदेशक टूकलाल साहू ने बताया कि मॉडल प्रदर्शन संबंधित विषय के हरेक पहलू और उसकी गतिविधि को वैचारिक और सैद्धांतिक ज्ञान बढ़ाने में सहायक होते है। जिससे बच्चो में रचनात्मक और कलात्मक दोनो प्रतिभाए निखरते है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करनेवाले विद्यार्थियो को पुरस्कृत भी किया गया। विद्यालय के सलाहकार राजेंद्र प्रसाद ने बच्चो को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इस प्रकार के कार्यक्रम को बराबर आयोजित करने की सलाह दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीसीए विभाग की शिक्षिका विभा शर्मा, श्वेता राजलक्ष्मी ,अजय कुमार, नरेश कुमार, अरुण कुमार, शिबू कुमार, अमर प्रकाश रवि, कल्पना कुमारी, प्रियंका कुमारी, नूरेसा खातून, अनामिका कुमारी इत्यादि शिक्षक शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग की हुई मौत

चंदवा। थाना क्षेत्र अंतर्गत डेढ़टंगवा घाटी में रविवार सुबह हुई सड़क दुर्घटना में घायल एक बुजुर्ग की इलाज के लिए रांची ले जाने के क्रम में रास्ते में ही मौत हो गई।मृतक की पहचान बालूमाथ निवासी हसीबुल्ला पिता अब्दुल रशीद 58 (वर्ष) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार एक सोलह चक्का ट्रेलर आरजे 31जीए 9253 उड़ीसा से गोरखपुर जा रही थी इसी ट्रेलर में हसीबुल्ला भी गुमला से लिफ्ट लेकर बालूमाथ जा रहे थे ट्रेलर डेढ़टंगवा घाटी में एक वाहन को बचाने के क्रम में सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक में जा टकराई टक्कर इतनी जोरदार थी कि हसीबुल्ला वाहन में ही फंस गए इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह उन्हें गाड़ी से बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

नगर परिषद के वार्ड नंबर 32 कुरूम में आजसू की बैठक

रामगढ़ को पुनः विकास के मामले में अव्वल स्थान पर लाना है : चंद्रप्रकाश

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत नगर परिषद के वार्ड नंबर 32 कुरूम में रविवार को आजसू की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए। मौके पर अपने संबोधन में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि पिछले 3 वर्षों में रामगढ़ विकास के मामले में पीछे चला गया है। चौधरी ने लोगों से कहा कि आगामी होनेवाले रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव आप सभी आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी को विजय बनाएं। आजसू हमेशा आप सबों के साथ खड़ी रहेगी। कहा कि

आजसू लोगों से विकास के लिए समर्थन मांगती है। क्योंकि आजसू का लक्ष्य विकास को प्राथमिकता देना और समाज के सभी वर्ग के लोगों की मदद करना है। वहीं, नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने कहा कि पूरे नगर परिषद क्षेत्र में लगातार विकास के कार्य हो रहे हैं।

उन्होंने लोगों से कहा कि आप आजसू प्रत्याशी को विधानसभा उपचुनाव में समर्थन दें विकास का पहिया तेजी के साथ बढ़ेगा। मौके पर मुख्य रूप से लालबिहारी महतो,आजसू पार्टी नगर परिषद अध्यक्ष राजेश महतो, सचिव राजेन्द्र महतो,संतोष मानकी, दयासागर महतो, ललन सिंह, अवधेश सिंह, सीताराम सिंह, मंटू सिंह, मनोज कुमार, कामेश्वर सिंह, नागेश्वर सिंह, सदानन्द सिंह, कारीनाथ मुंडा, उदय मुंडा, दिलीप मुंडा, पंकज सिंह, उज्ज्वल सिंह, शैलेश सिंह आदि मौजूद थे।

पिकनिक मनाने गए पुत्र की हत्या, मामला दर्ज

चतरा। जिले के हंटरगंज निवासी शैलेंद्र मिश्रा ने रविवार को स्थानीय बरियातू थाना में इकलौते बेटे शिवम की हत्या का मामला दर्ज कराया है। उन्होंने हत्या का आरोप डिजिटल आईटी कंप्यूटर सेंटर, हरमू मुक्तिधाम के कोचिंग संस्थान की शिक्षिका प्रिया गुप्ता, छात्र मोहम्मद इरफान आलम, मीना मांझी, ममता हेंब्रम और निकिता कुमारी पर लगाया है। शैलेंद्र मिश्रा वर्तमान में हरमू के साकेत नगर में रंजय कुमार ओझा के मकान में किराए पर रहते हैं। उल्लेखनीय है कि शनिवार को कोचिंग संस्थान के द्वारा सभी छात्रों को पिकनिक के लिए खूंटी के तपकरा प्रखंड स्थित पंडुपुडिंग फॉल ले जाया गया था। शैलेंद्र मिश्रा ने कहा कि शिवम जाने से मना कर रहा था। बावजूद इसके कोचिंग की संचालिका प्रिया गुप्ता ने यह कहते हुए उसे साथ चलने का दबाव दिया कि यदि तुम नहीं जाओगे, तो कोचिंग के तीन-चार लोग भी पिकनिक पर नहीं जाएंगे।

कोडरमा में पॉक्सो एक्ट व किशोर न्याय अधिनियम पर जिला स्तरीय कार्यशाला

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में फरेन्दा में पॉक्सो एक्ट एवं किशोर न्याय अधिनियम पर आधारित जिला स्तरीय डिस्ट्रिक्ट लेवल मल्टी स्टेक होल्डर्स कंसल्टेशन प्रोग्राम के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विरेन्द्र कुमार तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि कोडरमा के पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, जिला जज प्रथम मोहम्मद गुलाम हैदर, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी वैशाली श्रीवास्तव, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदीश सलूजा, महासचिव मनीष कुमार सिंह एवं वरीय अधिवक्ता किरण कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराया। मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि पॉक्सो एक्ट एवं किशोर न्याय अधिनियम की बेहतर एवं अद्यतन जानकारी प्रदान करने की दिशा में यह कार्यशाला मील का पत्थर साबित होगा। प्रथम सत्र में जिला जज प्रथम गुलाम हैदर एवं सीजेएम वैशाली श्रीवास्तव ने पॉक्सो एक्ट की विस्तृत जानकारी दी। गुलाम हैदर ने कहा कि पॉक्सो एक्ट एवं किशोर न्याय अधिनियम के कानूनी प्रावधानों का पालन करने की सबसे जिम्मेवारी पुलिस अनुसंधानकर्ता की है। उन्हें पॉक्सो पीड़ितों के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार करना चाहिए। दूसरे सत्र में सीजेएम वैशाली श्रीवास्तव एवं झारखंड विधि महाविद्यालय की प्रोफेसर सुमन कुमारी ने किशोर न्याय अधिनियम की कानूनी प्रावधानों को विस्तार से बताया। साथ ही 11 फरवरी को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की गई। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदीश सलूजा व महासचिव मनीष कुमार सिंह ने इस प्रकार के आयोजन के लिए न्याय प्रशासन को धन्यवाद दिया। कार्यशाला को वरीय अधिवक्ता किरण कुमारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह ने किया। राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

तालाब जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास

बड़गड़। प्रखंड अंतर्गत परसवार गांव में भूमि संरक्षक विभाग द्वारा स्वीकृत भीतियाही तालाब का जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश के द्वारा नारियल फोड़कर किया गया। बताया गया की कृषी पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड रांची के योजना अंतर्गत मृदा एवं जलसंरक्षण के उद्देश्य से क्षेत्रीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया के अनुसंसा पर तालाब का जीर्णोद्धार कार्य पानी पंचायत माध्यम से लगभग 16 लाख रु की राशि से कराया जायेगा। इस मौके पर विधायक के बड़गड़ भंडरिया प्रभारी रामकरेश चौरसिया, संसद प्रतिनिध आनंद सोनी, भंडरिया विधायक प्रतिनिधि बिरझु सिंह, आदि उपस्थित थे।

सहायक अध्यापकों का वनभोज सह सेवानिवृति सम्मान समारोह संपन्न

लड़कर लेंगे स्थाई वेतनमान : अध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता

बरही। पजवाहर घाट स्थित पिकनिक स्पॉट पर एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के बरही प्रखंड इकाई का वनभोज सह सेवानिवृति सम्मान समरोह शनिवार को संपन्न हुआ। जिसमे प्रखंड के सभी सहायक अध्यापक शामिल हुए। कार्यकर्म में बतौर मुख्यअतिथि बीईईओ रामसेवक दांगी शामिल हुए। मौके पर सेवानिवृत्त सरकारी शिक्षक सुधीर चौधरी, सहायक अध्यापक आशा देवी और झमन साव को शॉल और बुके देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सहायक

अध्यापकों को संबोधित करते हुए संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे ने कहा कि इस बार मोर्चा वेतनमान लेकर रहेगा। महासचिव सिंटू सिंह ने कहा कि जिस प्रकार हम लोगों ने हेमंत सरकार को बनाया, ठीक उसी प्रकार मांग पूरा नही होने पर सरकार को गिराने में राज्य के सहायक अध्यापक पीछे नही हटेंगे। मौके पर अजपता के जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया कि उनका संघ भी सहायक अध्यापको की लड़ाई को एकजुटता के साथ लड़ेगा। जिलाध्यक्ष चंदन मेहता ने डीईईओ से यथाशीघ्र आकलन फार्म भरवाने की मांग किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अजय प्रजापति, अजपता के जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार, महासचिव मथुरा प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष अरुण प्रसाद, चौपारण के जिप सदस्य आरती कौशल, सुधीर कौशल, रामअवतार प्रजापति आदि सहित कई शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सबोली एक साथ वनभोज का लुफ्त उठाया।

मरकच्चो गोलीकांड की 21वीं बरसी पर जनसंकल्प सभा

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। मरकच्चो गोलीकांड की 21वीं बरसी पर रविवार को मरकच्चो शहीद मैदान में शहीद वेदी पर पुष्प अर्पित कर माले कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर राजधनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव, राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव, झामुमो भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष एम चंद्रा, कोडरमा लोक सभा प्रभारी सितारा सिंह, ईश्वरी राणा मुख्य रूप से उपस्थित थे। इसके पूर्व कामरेड शहीद अशोक यादव के भाई सिताराम यादव व उनकी मां समेत उपस्थित

भाकपा माले के नेताओं ने झंडोत्तोलन किया। संकल्प सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि मरकच्चो गोली कांड बाबूलाल मरांडी के इशारे पर की गयी थी, जिसमें भाकपा माले के तीन साथी शहीद हो गए। आज भी कोडरमा की जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार कोडरमा में इंजन अलग और डिब्बा अलग हो गया है। विकास पूरी तरह ठप है। कार्यक्रम को कोडरमा जिला प्रभारी सिताराम सिंह, सबिता सिंह, जिला सचिव राजेंद्र मेहता, इब्राहिम अंसारी, विनोद पाण्डेय, विजय पासवान, बहादुर यादव, बसन्त साव, अशोक यादव, पार्वती देवी आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बहादुर यादव ने की जबकि संचालन अशोक यादव ने किया।

बैठक फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की छठी कार्यसमिति बैठक संपन्न

औद्योगिक विकास को मिलेगी गति : किशोर मंत्री

रामगढ़ जिले में पर्यटन एवं उद्योग की अपार संभावनाएं : अमित साहू

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ के जिमखाना क्लब में एफजेसीसीआई की छठी कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए एफजेसीसीआई के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि रामगढ़ में उद्योग व्यवसाय के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं और इसको लेकर एफजेसीसीआई सभी समस्याओं का समाधान करने के लिए तत्पर है। किशोर मंत्री ने कहा कि बाजार समिति शुल्क जो सरकार द्वारा फिर से एक बार लगाने का प्रयास

जारी है। एफजेसीसीआई लगातार इसका विरोध कर रहा है और जरूरत पड़ेगा तो आंदोलन की दिशा में भी कदम उठाया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि रामगढ़ जिले में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए एवं यहां उद्योग व्यापार के लिए असीम संभावनाएं हैं । उन्होंने कहा कि एफजेसीसीआई इसके लिए लगातार अपने प्रयास कर रही है। बैठक को संबोधित करते हुए रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी ने कहा कि रामगढ़ के उद्योग व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स की सराहनीय एवं सकारात्मक भूमिका है और उद्योग व्यवसाय के क्षेत्र में जो भी समस्याएं हैं उसका समाधान कराने के लिए रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स अग्रणी भूमिका में है।

बैठक में उपस्थित रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के सभी पूर्व अध्यक्षों को पुष्प गुच्छ और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बैठक में फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के महासचिव डॉक्टर अभिषेक रामधीन, अमित शर्मा, आदित्य मल्होत्रा, रोहित पोद्दार, शैलेंद्र अग्रवाल, सुनील केडिया, नवजोत अलंग, विकास विजयवर्गीय, प्रवीण लोहिया, नवीन गाड़ोदिया, मनोज नरेडी, ज्योति कुमारी, राजेश कुमार, रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के गोविंद अग्रवाल, अशोक जैन, रमन मेहरा, आनंद अग्रवाल, दुर्गा प्रसाद सिंह, प्रदीप सिंह, विनय कुमार अग्रवाल, मनजी सिंह, श्याम सुंदर परसुरामपुरिया , गोपाल शर्मा, इंद्रपाल सिंह सैनी, सतीश गुप्ता, कमल शर्मा, रमेश बौंदिया, मनोज बंसल, अखिलेश शर्मा, विनय सिंह, प्रदीप बरेलिया, रामप्रवेश गुप्ता, निलेश गुप्ता, रविंद्र साहू सहित कई समाज सेवी उपस्थित थे।

दो सहायक अध्यापिकाओं की मदद से चल रहे है उ.म.वि दौरवा

नवीन मेल संवाददाता

बरही। खोड़ाहरपंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय दौरवा मात्र दो सहायक अध्यापिकाओं के भरोसे संचालित हो रहा। इनमें एक विद्यालय संचालन में ही व्यस्त रहते हैं और दूसरा अध्यापन करती है। प्रभारी फूलमती देवी ने बताया कि उनके विद्यालय में 105 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। शिक्षकों की कमी के कारण अध्यापन कार्य प्रभावित होता है। उन्होंने शिक्षकों की पदस्थापना को लेकर वरीय पदाधिकारी से भी मांग किया है। परंतु अब तक कोई समाधान नहीं हो सका है। शुक्रवार को हो रहे अर्द्ध वार्षिक परीक्षा में बच्चो की संख्या भी कम देखी गई। विद्यार्थियो का पठन पाठन का स्तर भीं निम्न देखने को मिला।

बच्चे आसान सवालों के जवाब भी नही लिख पा रहे थे। पूछे जाने पर प्रभारी ने बताया कि कई ऐसे बच्चे है जो नियमित नहीबाते है। हालांकि कुछ बच्चो ने बताया कि विद्यालय में पढ़ाई नहीं होते है। बच्चे ज्यादातर खेलते रहते है। खाने के समय सभी आ जाते है। शिक्षिकाओं के द्वारा भी ध्यान नही दिया जाता है।

भाकपा माओवादी बंद कर मिलाजुला असर, नहीं चली यात्री बसें

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। रविवार को भाकपा माओवादियों द्वारा बुलाए गए एक दिवसीय बंद का जिला मुख्यालय सहीत प्रखंडों में मिलाजुला असर देखने को मिला। वहीं बंद के दौरान लंबी दूरी के यात्री बसें नहीं चली। जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।बताते चलें कि भाकपा माओवादी के रीजनल कमिटी मेम्बर कृष्णा हांसदा की गिरफ्तारी के विरोध में भाकपा माओवादियों द्वारा एक दिन का झारखंड बन्द बुलाया गया था। वहीं बंद के दौरान

पुलिस गश्त तेज देखने को मिली। बताते चलें कि आज यानी सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आगमन होना भी तय है जिसको लेकर पुलिस द्वारा जगह-जगह पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बंद के दौरान व्यावसायिक प्रतिष्ठान पूरी तरह से बंद रहे।वहीं मालवाहक वाहनों का परिचालन प्रतिदिन की भांति सामान्य रहा। वहीं सिमडेगा बस स्टैंड से यात्रियों को आवागमन के लिए यात्री ऑटो का सहारा लेना पड़ा।

इधर बानो, कुरडेग, जलडेगा, ठेठईटांगर एवं अन्य प्रखंडों में भी बन्द का मिला जुला असर देखने को मिला। बानो में ट्रेन से आने वाले यात्रियों को किसी प्रकार के वाहन ना मिलने पर इधर उधर भटकते हुए देखा गया। कुछ लोग ऑटो रिजर्व कर अपने अपने गंतव्य तक निकले। इधर कुरडेग में भी बन्द का असर देखने को मिला। बंद के दौरान व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। यात्री वाहनों का परिचालन बंद रहा। बंद को मदेनजर रखते हुए थाना प्रभारी मुन्ना रामाणी के द्वारा पुलिस बल के साथ गस्त करते देखा गया। इधर ठेठईटांगर थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश के द्वारा भी थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में पुलिस को बल की तैनाती करते हुए जगह जगह पर नजर बनाए रखे हुए थे। बंद के दौरान किसी भी प्रकार की कोई घटना की सूचना खबर लिखे जाने तक नहीं थी।

माओवादी बंदी से बस-ट्रक का परिचालन रहा ठप

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में माओवादी बंदी का मिलाजुला असर देखा गया। वहीं घाघरा क्षेत्र बिशनपुर क्षेत्र में माओवादी बंदी का विशेष असर देखा गया। माओवादी का एक दिवसीय झारखंड बंद का असर घाघरा थाना क्षेत्र में भी देखने को मिला। जहां व्यवसायियों ने सुबह से ही अपने दुकाने बंद रखे थे। इस क्षेत्र से चलने वाला सैकडो बस ट्रक का चकका जाम रहा। थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी ने कहा माओवादियों का एक दिवसीय झारखंड बंद को देखते हुए पुलिस की ओर से सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। सभी चौक चौराहे में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। वही समाचार लिखे जाने तक कोई अप्रिय घटना की जानकारी नही मिली थी।

एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया

कैरो/लोहरदगा। कुडू-चट्टी मुख्य पथ पर कैरो थाना क्षेत्र के खंडा के समीप रविवार को एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान दो पहिया, चार पहिया वाहनों की गहन जांच की गई। वाहन से संबंधित कागजात, हेलमेट व डिक्की आदि की भी जांच की गई। मौके पर एएसआई देवनाथ मरांडी व थाना के दलबल मौजूद थे।

NEWS इन ब्रीफ

सीएम के आगमन को लेकर किया गया प्रचार-प्रसार

बोलबा। बोलबा प्रखंड मुख्यालय के शमशेरा सहित विभिन्न गांव में मुख्यमंत्री आगमन को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने किया प्रचार प्रसार। इस मौके पर विभिन्न हाट बाजारों में डुगडुगी पिटवाकर प्रचार-प्रसार किया गया। वहीं दूसरी लौडीस्पीकर के द्वारा गांव गांव में घूम घूम कर प्रचार प्रसार किया गया।वहीं चौक चौराहों पर फ्लेक्स भी लगाया गया। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष क्लेमेंट बाड़ा ने बताया कि आज सीएम सिमडेगा में खतियानी जोहार यात्रा का कार्यक्रम तय है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गांव-गांव में प्रचार-प्रसार करके अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बताया जा रहा है। इस मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष क्लेमेंट बाड़ा, जैनुल अंसारी, दिलीप डुंग डुंग, बेनेदिक डुंग डुंग सहित कई लोग मौजूद थे।

राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट के समापन समारोह आयोजित

एकाग्रता से कार्य करने से मिलती है सफलता : बादल पत्रलेख

लोहरदगा में स्टेडियम निर्माण के लिए हर संभव सहयोग करूंगा : कृषिमंत्री

फुटबॉल और हॉकी के क्षेत्र में भी कार्य करूंगा : धीरज साहू

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, संजय साहू मौजूद थे। मौके पर मुख्य अतिथि कृषि मंत्री बादल पत्रलेख कृषि मंत्री कहा कि खेल मैदान में मुझे देखने को मिला की खिलाड़ी सारी शक्ति विजय होने में लगा देता है, वह राष्ट्र के लिए खेल रहा है इसी में स्वयं भी लाभान्वित हो रहा है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति कलाम साहब के कोटेशन

को याद करते हुए कहा कि सपने वह नहीं होते जो नींद में देखे जाते हैं, सपने वह होते हैं जो हमें सोने नहीं देते हैं। कोई भी काम एकाग्रचित्त होकर करता है तो उसे सफलता अवश्य मिलती है। साहू परिवार की प्रशंसा करते हुए बतलाया कि साहू परिवार सिर्फ लोहरदगा ही नही अपितु पूरे झारखंड में अपना योगदान देते रहा है। पूरे झारखंड में इनके योगदान को याद किया जाता है। लोहरदगा में स्टेडियम निर्माण हो या खेल के बढ़ावा देने के लिए कोई भी कार्य हो मैं उसके लिए हर संभव सहयोग करूंगा।

राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने बताया कि इस स्टेडियम में सन 1951 में मेरे पिताजी राय साहब बलदेव साहू ने पहली बार एथलेटिक्स मीट का आयोजन कराया था। उसके बाद लगातार आयोजन होता जा रहा है। एथलीट के अलावा क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए मैं कार्य कर रहा हूं। फुटबॉल और हॉकी के क्षेत्र में भी मैं कार्य करूंगा। इस स्टेडियम को कैसे कायाकल्प हो इसके लिए मेरे द्वारा राशि आवंटित कर दी गई है, कोर्ट का आदेश निर्गत होते हैं स्टेडियम को ठीक करा दिया जाएगा। बड़े भैया आदरणीय स्वर्गीय श्री शिव प्रसाद साहू के सपनों का आगे बढ़ाना हमारा प्राथमिकता है। इस मौके पर पत्रिका का भी लोकापर्ण अतिथियों के द्वारा किया गया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, शैफाली साहू, किरण माला साहू, उदय शंकर साहू, सबिता साहू, दुर्गेश साहू, राहुल साहू, हर्षित साहू, मनु साहू, वंदना साहू, रुचि साहू, एस डी सिंह रिटायर्ड प्रिंसिपल सेंट्रल अकेडमी रांची, राकेश रोशन, प्रभात पांडेय, कुमार आलोक, रायफल एसोसिएशन के अमर सिंह, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, सचिव सूखैर भगत, डॉ सुमंत, रमेश साहू, संजय बर्म्मन, निशिथ जायसवाल, प्रो लोहरा उरांव, हाजी शकील अहमद, आलोक साहू, नवीन गुप्ता, सुनील साहू, समेत बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद थे।

विधायक भूषण बाड़ा ने परकोलेशन टैंक निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

किसानों को समृद्ध और खुशहाल बनाने की दिशा में सरकार कृतसंकल्प : बाड़ा

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। विधायक भूषण बाड़ा ने सदर प्रखंड के बड़ाबड़पानी में परकोलेशन टैंक निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने टैंक का निर्माण शिलापट्ट का अनावरण कर एवं नारियल फोड़ कर किया। उन्होंने कहा कि परकोलेशन टैंक भूमिगत जलस्तर बढ़ाने के लिए सरकार का सराहनीय पहल है। परकोलेशन टैंक बन जाने से भूजल स्तर तो बढ़ेगा ही, साथ ही गर्मी के दिनों में पशु पक्षियों को पीने के पानी के लिए जल उपलब्ध रहेगा। उन्होंने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण तरीके से परकोलेशन टैंक का निर्माण कराने का निर्देश दिया। कहा कि सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है। हेमंत सोरेन की सरकार किसानों को समृद्ध और खुशहाल बनाने की दिशा में कृत संकल्प है। किसान भाई आगे बढ़ें और सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे बढ़ें। कार्यक्रम में जिप सदस्य जोसिमा खाखा, भूमि संरक्षण पदाधिकारी हिमांशु महाराणा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, उप प्रमुख सिलबेस्तर बाघवार, प्रदीप केसरी, रणधीर रंजन, शिशिर मिंज, अलेक्सन बरला, जयवंत, बीरु पंचायत अध्यक्ष हेमंत बखला, पिथरा पंचायत अध्यक्ष अनिल लकड़ा, सेवई पंचायत अध्यक्ष सलमोन, टैंसेरा पंचायत अध्यक्ष प्रदीप लकड़ा, बिरंजन बाड़ा, अंजली रानी डुंगडुंग, महिला मोर्चा की प्रखंड अध्यक्ष मंजू तिर्की, प्रकाश सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

किसानों के हित में लगातार कार्य कर रहे हैं विधायक : जोसिमा खाखा

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा और महागठबंधन की सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है। विधायक भूषण बाड़ा भी सत्र के माध्यम से किसानों के हित में लगातार आवाज उठाते रहे हैं। सालो भर खेती कराने के लिए पर्याप्त संसाधान उपलब्ध कराया जा रहा है। कहा कि किसान आगे आएं और सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे बढ़ें।

तिसिया में महायज्ञ के पहले दिन उमड़ा भक्तजनों का जनसैलाब

7 दिवसीय महायज्ञ कार्यक्रम का कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ भव्य आगाज

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पाखर के तिसिया ग्राम में पहली बार बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ विगत एक महीने से श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के सफल आयोजन हेतु किये गये संपूर्ण तैयारी पूरी होने के साथ ही सात दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार को कलश यात्रा के साथ भव्य रूप से किया गया। टोला मुहल्ला एवं किस्को रिचुघुटा मुख्य पथ को दुल्हन की तरह सजाई गई है। इधर झंडा बैनर पोस्टर से पूरा तिसिया क्षेत्र भगवामय हो गया है। रविवार को कलशधारी महिलाओं व भगवा रंग में रंगे पुरूष भक्तजन कलश यात्रा के दौरान जयघोष के नारे लगा रहे थे जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना हुआ है। कार्यक्रम को जिले में नया अध्याय देने के लिए आयोजन समिति की ओर से व्यापक रूप से तैयारी किया गया है। साथ ही प्रचार-प्रसार किया गया

है। महायज्ञ कार्यक्रम में लोहरदगा के अलावा दूसरे जिला, राज्य एवं देश के सभी क्षेत्र के लोगों को इस कार्यक्रम को ऐतिहसिक बनाने हेतु आमंत्रित भी किया गया है। इधर कलश यात्रा महायज्ञ कार्यक्रम स्थल से शुरू होकर हुटाप नदी से जल उठाव कर किया गया। इस दौरान कलश यात्रा में शामिल महिलाएं पुरूष व बच्चे पूरी तरह से भक्तिमय के सागर में डूबा हुआ दिखाई दे रहे थे। वहीं कार्यक्रम को लेकर सनातन धर्म के सभी उम्र के लोगों में काफी उमंग देखने को मिल रही है। महायज्ञ कार्यक्रम को लेकर आयोजन स्थल के समीप किस्को थाना पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद किया गया है। रविवार को शुरू हुई कलश यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की कमान एएसआई अविनाश कुमार सिंह की अगुवाई में किया गया था। मौके पर मुख्य संरक्षक जिप सदस्य संदीप गुप्ता, नीरू शांति भगत, पंचायत समिति सदस्य बीरेन्द्र उरांव, मुखिया फुलमनी देवी, विजय सिंह, राजेंद्र यादव, वैजनाथ प्रसाद, संजय यादव, सुचिता गुप्ता, रंथू उरांव, अंजू देवी, समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

घाघरा में घर का ताला तोड़कर नगदी जेवरात की चोरी

गुमला। घाघरा थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव निवासी जयपाल साहू के घर से शनिवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर गोदरेज में रखे जेवरात सहित 30,000 हजार रुपये नगद की चोरी कर लिया। इस संबंध में जयपाल साहू ने घाघरा थाने में लिखित शिकायत कर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में उन्होंने कहा है कि हम अपने परिवार और बच्चों के साथ शनिवार को गुमला गए हुए थे, रात अधिक हो जाने के कारण हम वापस नहीं लौट सके मेरे पिताजी घर का लाइट जलाकर व ताला लगाकर दूसरे घर पर जाकर सो गए, जब वह सुबह आए तो देखे की घर का मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ है। इसकी जानकारी मुझे मेरे पिता दूरभाष के माध्यम से दी।

कुडू बाईपास के लिए भू-स्वामी अपनी जमीन देने को तैयार नही

आदिवासी छात्र संघ की अगुवाई में सांसद सुदर्शन भगत को सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

कुडू - लोहरदगा। एनएच 75 कुडू से विडमगढ तक बनने वाली फोरलेन सड़क अंतर्गत प्रस्तावित कुडू बाईपास के लिए भु-स्वामी अपनी जमीन देने को तैयार नही हैं। आदिवासी छात्र की अगुवाई में भु-स्वामीयों ने स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत को ज्ञापन सौंप इसपर रोक लगाने की मांग की है। दिए गए ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि प्रस्तावित एनएच -75 के कुडू से बिढ़मगंज तक फोरलेन सड़क निर्माण के सर्वप्रथम योजना 2019 में बनी थी उसमें केवल 7 स्थानों पर लातेहार, मनिका सतबरवा मेदिनीनगर गढ़वा रमना और नगरउंटारी में ही बाईपास सड़क बनाने का निर्णय लिया गया था। लेकिन बीते वर्ष 20 जून को पंचायत भवन कुडू में भू-अर्जन पदाधिकारी लोहरदगा की

अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। ग्रामीण को इस बात का पता नहीं था और बैठक में शामिल होते हुए विरोध नहीं कर सके। लेकि जब कुंदो ग्राम में 4 अगस्त 2022 को भू सर्वेक्षण होने लगा तब लोगों को पता चला कि कृषि भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि एनएच 75 कुडू में सड़क से सटी सरकारी जमीन को छोड़कर कृषि भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। सभी ग्रामीणों का मांग है कि उसी पर फोरलेन सड़क बनाया जाए ताकि ग्रामीण किसानों का खेती योग्य जमीन बची रहे और आंदोलन करने के लिए बाध्य न हो, इस बाईपास के निर्माण में कुडू के जामुन टोली पिपरा टोली कुडू आदि ग्रामीणों की कृषि योग्य भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है इससे ग्रामीण काफी नाराज है। बताते चलें कि इसके पूर्व उपायुक्त के माध्यम से अविलंब रोक के लिए केंद्रीय पथमंत्री नितिन गडकरी को ज्ञापन देकर इसे अविलंब रोकने की मांग की गई थी साथ ही नहीं रुकने पर उच्च न्यायालय की शरण में जाने एवं आंदोलन की चेतावनी दी गयी थी। ज्ञापन सौंपने वालों में गीता देवी, गंदोरी देवी, सोमरा मुंडा, चुमनू उरांव, बुधैन उरांव, सालो देवी, सिवा लोहरा, बिफाई उरांव, हीरालाल, सूरज उरांव, बाल्कू उरांव, दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

बाजार शेड से गिरने पर युवक की मौत

सेन्हा-लोहरदगा। पूसो थाना क्षेत्र के लरंगो बाजार में शेड से गिरने पर सेन्हा निवासी राधेश्याम ठाकुर उर्फ बबलु ठाकुर का शनिवार देर शाम घटने स्थल पर ही मृत्यु हो गई। बताया जाता है कि लोहरदगा जिला अन्तर्गत सेन्हा निवासी रामदास ठाकुर का पुत्र राधेश्याम ठाकुर गांव के ही किसान के साथ धनिया बेचने गुमला जिला अन्तर्गत पुसो थाना क्षेत्र के लरंगो बाजार गया हुआ था। वही धनिया बेचना छोड़ कर शराब पीने चला गया। देर शाम घर लौटने के समय सेन्हा निवासी चन्द्रशेखर महतो व उसके साथी खोजने लगें तो राधेश्याम ठाकुर का कही पता नही चला जिसके बाद चन्द्रशेखर महतो और अन्य साथी घर लौट कर परिजनों को बताया कि राधेश्याम कही शराब पीने चला गया था। जिसे काफी खोजे परन्तु वह नही मिला जिस पर परिजन भी खोज बिन में जुट गये। वही ग्रामीणों द्वारा रविवार को शव मिलने की सूचना पर पुसो पुलिस घटना स्थल पंहुच शव को कब्जे लेते हुए शिनाख्त कराने में जुट गई।

सौन्डीक समाज की बैठक आयोजित

ठेठईटांगर। सौन्डीक भवन टुकुपानी में सौन्डीक संघ सिमडेगा जिला की बैठक दिनेश्वर प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमे जिला कमिटि का पुनर्गठन करते हुए अरविन्द कुमार को अध्यक्ष, हलधर प्रसाद को कार्यकारी अध्यक्ष, अनुप प्रसाद को महासचिव, अमित रंजन को सचिव, कुलदीप प्रसाद को कोषाध्यक्ष, अनिल प्रसाद को संगठन मंत्री, समुद्रगुप्त प्रसाद को स्वागत अध्यक्ष, सौन्डीक जिला महिला समिति के लिए रेखारानी प्रसाद को अध्यक्ष, बिद्या देबी को उपाध्यक्ष, शोभा गुप्ता को सचिव, दिपा देबी को कोषाध्यक्ष सर्व समत्ति से चुना गया मौके पर प्रोफेसर देवराज प्रसाद ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज की एकता के लिए संगठन की मजबूती जरूरी है।

किल्लत

बालू की परेशानी जल्द दूर नहीं की गई तो जदयू करेगा राज्यव्यापी आंदोलन

राज्य में बालू को लेकर हाहाकार, बेरोजगार हो रहे मजदूर

एक तरफ सरकार ने बालू उठाव पर रोक लगा रखी है, तो दूसरी तरफ बड़े-बड़े निर्माण कार्य के टेंडर निकालने की प्रक्रिया जारी हैं

सरकारी निर्माण कार्य के साथ-साथ आम लोग जो घर बनाने के लिए बालू खरीदना चाह रहे हैं उन्हें भी परेशानी हो रही है

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश

महासचिव अभय महतो ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि लोहरदगा जिला सहित पूरे राज्य में बालू को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। सालाना करीब 300 करोड़ से अधिक का राजस्व देने वाले इस सेक्टर पर माफिया राज कायम है। यही वजह है कि हर दिन बालू के दामों में मनमाने ढंग से बढ़ोतरी किये जा रहे हैं। किल्लत के बीच मनमाने दामों पर बिक रहे बालू के कारण निर्माण कार्य खासा प्रभावित हुआ है। सरकारी निर्माण कार्य के साथ-साथ आम लोग जो घर बनाने के लिए बालू खरीदना चाह रहे हैं उन्हें भी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार बालू उठाव पर रोक लगा रखी है, तो दूसरी तरफ बड़े-बड़े निर्माण कार्य के टेंडर निकालने की प्रक्रिया जारी हैं। बालू की इस किल्लत का असर सरकारी निर्माण कार्य पर भी पड़ा है। सिर्फ इतना ही नहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे गरीबों के आसियाने के निर्माण बाधित हो गए हैं। सरकारी आंकड़ों में राज्यभर में कुछ बालू घाट ही वैध रूप से चल रहे हैं, जबकि राज्य में अनाधिकृत रूप से इनकी संख्या हजारों में हैं। अनाधिकृत रूप से हो रहे बालू खनन में दलाल और माफिया की मिलीभगत का खामियाजा आम जनता उठा रही है।

हालत यह है कि 90 सीएफटी का एक ट्रैक्टर बालू 7 से 8 हजार रुपए तक में मिल रहा है। सरकार ने इसपर रोकथाम लगाने के लिए सभी बालू घाटों का जिले के माध्यम से टेंडर निकालकर नीलाम करने का फैसला तो लिया है, लेकिन अब भी अधर में लटके हैं। जदयू महासचिव श्री महतो ने कहा है कि बालू संकट से मजदूर बेरोजगार हो रहे हैं। निर्माण क्षेत्र सर्वाधिक रोजगार देने वाला क्षेत्र है। झारखंड में 15 लाख से अधिक दैनिक मजदूर और कारीगर इस क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। बालू संकट की वजह से एक के बाद एक बंद हो रहे प्रोजेक्ट का असर मजदूरों पर भी पड़ा है। काम बंद होने से मजदूरों को खाली हाथ घर लौटना पड़ रहा है। लोहरदगा समेत रांची के करीबी क्षेत्र से प्रतिदिन रांची इस उम्मीद से हजारों मजदूर आते हैं कि उन्हें जरूर काम मिलेगा। मगर उनकी उम्मीद रांची में सड़क किनारे घंटों खड़े रहने के बाद टूट जाती है। कई अपने घर निर्माण कराने वाले मालिकों ने बालू नहीं मिलने की वजह से काम बंद करने की बात कहकर मजदूरों को वापस जाने को कह दिया है।

इन सबके बीच बालू को लेकर मचे हाहाकार पर सरकार व विभाग अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं कर पायी है। विभाग के गलत नीतियों के कारण बेरोजगारी में अथाह बढ़ोतरी हुई है। साथ ही निर्माण कार्य खासा प्रभावित हुए हैं। श्री महतो ने भी सरकार व विभाग को चेतावनी देते हुए कहा है कि बालू को लेकर हो रही परेशानी को जल्द दूर नहीं की गई, तो राज्य व्यापी आंदोलन होगा।

NEWS इन ब्रीफ

सदर अस्पताल में अज्ञात व्यक्ति की मौत

मेदिनीनगर। सदर अस्पताल में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार इस अज्ञात व्यक्ति को किसी व्यक्ति के द्वारा रविवार को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कुछ देर पहले एक महिला दुलारी देवी उस अज्ञात व्यक्ति को देखने पहुंची। महिला पंजाब की रहने वाली है । वह कुछ वर्षों पहले पलामू आकर पांकी में कबाड़ा चुनने का काम करती थी। इसी दौरान मृतक अज्ञात व्यक्ति से उसे प्रेम हो गया था और दोनों साथ रहते थे,और कबाड़ा चुनकर अपना भरण-पोषण करते थे।। यहां ना महिला दुलारी देवी का कोई है और ना ही मृतक का कोई। दोपहर से लाश यहां सदर अस्पताल में पड़ा हुआ है।

बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने नियुक्ति को लेकर की बैठक

मेदिनीनगर। बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक 22 जनवरी दिन रविवार को कचहरी परिसर में की गई । जिसकी अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की । बैठक में सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति की मांग को लेकर समीक्षा की गई । ज्ञात हो कि 17 जनवरी 2023 को विधायक आलोक चौरसिया के नेतृत्व में बेरोजगारों का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिल ज्ञापन सौंपा था । जिसमें नियुक्ति के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई थी। विधायक ने उपायुक्त से कहा कि बेरोजगारों की निर्धारित उम्र सीमा समाप्त हो गया है और कितनों की समाप्ति के कगार पर है । नियुक्ति नहीं होने से बेरोजगारो में असंतोष है। उपायुक्त ने सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति करने का आश्वासन दिया हैं। बैठक में आदिल हयात, रूपेश कुमार, दीपक कुमार ,संजय मिस्त्री मथुरा मिस्त्री ,अजीत कुमार, मोहम्मद जुबेर ,मनोज सिंह ,जलील अंसारी, मुन्ना कुमार रवि ,संतोष कुमार ,उपेंद्र कुमार ,रजक उपेंद्र तिवारी ,सनी कुमार पासवान, जय किशन कुमार, सफीक अंसारी, सुधीर सिंह ,विश्वनाथ प्रसाद सिंह, संजीत कुमार उपस्थित हुए।

आनंदमार्ग जागृति का सेमिनार दूसरे दिन भी जारी

मेदिनीनगर। आनंद मार्ग जागृति परिसर में प्रथम फेज प्रथम डायोसिस सेमिनार के दूसरे दिन ट्रेनर आचार्य सिद्धविद्यानंद अवधूत के द्वारा शिव की शिक्षा पर विस्तार रूप से लोगों को इसकी जानकारी दी गई। शिव की 12 शिक्षा पर मुख्य रूप से प्रकाश डाला गया। पहली शिक्षा है वर्तमानेषू वर्तेत यानी मनुष्य को वर्तमान की भीति पर खड़े होकर अपने वर्तमान के समृद्धि में लगाना है और भविष्य की परिकल्पना इस तरीके से करना है कि मानवीक ऐश्वर्य ठोस रूप ग्रहण कर सके। दूसरी शिक्षा है कर्मणा बद्धते जीवः विद्या तू प्रमुच्यते अर्थात मनुष्य के द्वारा कोई भी कार्य बिना प्रज्ञा समर्थन के बिना नहीं करना चाहिए। तीसरी शिक्षा में शिव में स्त्री को कलत्र का दर्जा दिया है। कलत्र के मन में अपने पति के प्रति हित की भावना होगी तभी परिवार में मधुरता रहेगी और फूस जैसे घर में सोने का संसार होगा। चौथी शिक्षा है क्रोध मनुष्य का महान शत्रु है। पांचवी शिक्षा है लोभ पाप का जन्मदाता है। छठी शिक्षा है अहंकार पतन का मूल कारण है। सातवीं शिक्षा है बिना परिश्रम के कोई भी कार्य संभव होना दुर्लभ है। आठवीं शिक्षा है जहां धर्म है ,वही सत्य का वास होता है। नवीं शिक्षा है मिथ्यावादी सदा दुखी होते हैं। दशवीं शिक्षा है पाप की गति कुटिल होती है। ग्यारवीं शिक्षा है जो धर्म की रक्षा करता है ,धर्म उसकी रक्षा अवश्य ही करता है। परमात्मा को पाने का प्रयास करना ही मनुष्य का वास्तविक धर्म है। बारवीं शिक्षा है, अपनी मुक्ति एवं मोक्ष के लिए प्रयास करना एवं जगत के हित के लिए हमेशा तत्पर रहना। मौके प्र आचार्य ब्रजगोपालानंद अवधूत (डीएस गया) भुक्ति प्रधान महेश्वर देव, वरिष्ठ आनंद मार्गी बैजनाथ, जगरनाथ, विश्वनाथ, गोपाल, सोनू, सरोज, चंदन, मणि, पूनम, रेनू, शारदा समेत अन्य लोग भी शामिल हुए।

पलामू : एफसीआई गोदाम से हजारों क्विंटल अनाज गायब

प्रबंधकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज, घोटाले का पर्दाफाश होगा

नवीन मेल संवाददाता

मेदनीनगर। पलामू फूड कॉपोर्रेशन ऑफ इंडिया के गोदाम में बड़ा घोटाला सामने आया है। गोदाम से हजारों क्विंटल अनाज गायब है। यह घोटाला मई-जून 2022 में हुआ है। पूरे मामले का खुलासा फूड कॉपोर्रेशन ऑफ इंडिया के अधिकारियों की जांच में सामने आया है।

पूरे मामले में आरोपी गोदाम प्रबंधकों के खिलाफ मेदिनीनगर टाउन थाना में एफआईआर दर्ज करायी गई है। एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस ने पूरे मामले में जांच शुरू कर दी है। जांच की जिम्मेदारी एक सब-इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारी को दी गई है। यह पूरा घोटाला फूड कॉपोर्रेशन ऑफ इंडिया के मेदिनीनगर स्थित गोदाम में अंजाम दिया गया है।

टाउन थाना में गोदाम प्रबंधकों के खिलाफ एफआईआर

सोमवार तक एफसीआई का कार्यालय बंद है। मंगलवार से पुलिस पूरे मामले में जांच को आगे बढ़ायेगी। फूड कॉपोर्रेशन ऑफ इंडिया की एक टीम ने भारतीय खाद निगम के पलामू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय का 17 जून 2022 से सात अगस्त 2022 तक निरीक्षण किया था। इस दौरान एफसीआई की टीम ने विभिन्न गोदामों में अनाज के स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया था। सत्यापन के बाद यह पाया गया कि गोदाम से 1481 क्विंटल चावल और 255 क्विंटल गेहूं गायब हैं। पूरे मामले में एफसीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक शतानीक ने रविवार को मेदिनीनगर टाउन थाना में आवेदन देकर गोदाम, प्रबंधकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है।

कहां से कितना अनाज हुआ गायब

एफसीआई के मेदिनीनगर स्थित गोदाम के शेड एक के ए, बी, सी से नौ क्विंटल गेहूं, 123 क्विंटल चावल, शेड दो के डी, ई, एफ से पांच क्विंटल गेहूं और 1339 क्विंटल चावल, शेड 3 के जी, एच, एम और मिनी शेड चार पांच से 239 क्विंटल गेहूं और 18 क्विंटल चावल गायब हुआ है। विभाग के पदाधिकारियों का कहना है कि अनाज का घोटाला किया गया है। जांच के दौरान अनाज का स्टॉक कम पाया गया है।

पलामू में दिल दहलाने वाली घटना

मां ने बच्चों संग लगाई फांसी

लाश के साथ पूरी रात सोता रहा मासूम

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर/मनातू। पलामू जिला में एक दिल दहला देने वाली वारदात ने सभी को अंदर से झकझोर कर रख दिया है। इस घटना में एक मां ने अपनी ही दो मासूमों को जान से मारने की कोशिश की और खुद भी आत्महत्या कर ली। हालांकि महिला का 10 साल का बेटा खुद को बचाने में कामयाब रहा। इसके बाद उसने अपने छोटे भाई और मां के शव को बेड पर रखा, उनके साथ ही रात भर सोता रहा। ये घटना पलामू प्रमंडल के मुख्यालय मेदिनीनगर से करीब 90 किलोमीटर दूर मनातू थाना क्षेत्र के रंगेया गांव की है। यह इलाका बिहार गया के इमामगंज से सटा हुआ है। शांति रोज रोज के झगड़े से तंग आ चुकी थी, अपने पति की दूसरी शादी से वो काफी नाराज थी। हाल के दिनों में उसकी सौतन इसी घर में कुछ वक्त बिताकर गयी थी। वह इस वाकये को भूल नहीं पा रही थी, रह- रहकर उसे गुस्सा आ रहा था और उसके सिर पर खून सवार था। उसके इरादे क्या थे, इसके लिए शायद वो हद से भी गुजर जाएगी। शनिवार की रात, शांति अपने दोनों बच्चों को खाना खिलाकर खुद भी तैयारी में लग गयी।

वर्चुअल युवा संसद चयन के लिये आवेदन की प्रक्रिया शुरू

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। आगामी फरवरी माह में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा संसद हेतु प्रतिभागियों के चयन के लिये नेहरू युवा केन्द्र पलामू द्वारा इच्छुक प्रतिभागियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। इस वर्ष के राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव का थीम बेहतर कल के लिये विचार विश्व के लिये भारत रखा गया है। नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि पिछले वर्षों में आयोजित हो चुके राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव में राष्ट्रीय स्तर के विजेता इस वर्ष के युवा संसद में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे। भाग लेने वाले युवाओं की आयु 24 जनवरी को 18-25 वर्ष के बीच होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर वर्चुअल माध्यम से जिला युवा संसद का संचालन किया जाएगा और इसमें भाग लेने की भाषा हिंदी, अंग्रेजी या राज्य की राजभाषा होगी। जिला युवा संसद में बोली जाने वाली विषयों की जानकारी 24 जनवरी के बाद दी जाएगी। जिला युवा संसद में भाग लेने हेतु पंजीयन की आखिरी तिथि 24 जनवरी है। नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी अजीत कुमार ने जिला के सभी इच्छुक प्रतिभागी को पंजीयन प्रारूप को भरकर आखिरी तिथि तक नेहरू युवा केन्द्र के जिला कार्यालय में जमा करने के लिये अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय युवा संसद में चयनित प्रतिभागी नोडल स्तर पर, फिर यहां से राज्य स्तर और यहां से चयनित होकर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले युवा संसद में भाग लेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर तीन सर्वश्रेष्ठ वक्ताओं को क्रमशः 2 लाख रुपये, 1.50 लाख रुपये और 1 लाख रुपये तथा अन्य 2 प्रतिभागी, यदि आवश्यक हो, को प्रत्येक को 50,000 रुपए के सांत्वना पुरस्कार व योग्यता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

विकास संग दूर होगा प्रदूषण : कौशल

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। छतरपुर अनुमंडल के चराई पंचायत के केरकी खुर्द में राजमाता साप्ताहिक बाजार का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत फीता जोड़कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को श्री कौशल ने पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए कहा कि देश में पश्चिमी सभ्यता हावी होते जा रहा है । हमारी वैदिक परंपरा में जिस तरह धार्मिक अनुष्ठान व शादी - विवाह के शुभ मुहूर्त पर गांठ जोड़ने का विधान है। ठीक उसी परंपरा के तहत गांठ जोड़कर राजमाता साप्ताहिक बाजार का उद्घाटन किया जा रहा है। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि पिछले 23 वर्षों से यहां प्रतिवर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि साप्ताहिक बाजार से क्षेत्र में विकास के साथ सामाजिक व आर्थिक प्रदूषण भी दूर होते हैं।

उन्होंने बाजार परिसर में शेड निर्माण कराने और पेयजल की मुकम्मल व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। भक्ति जागरण में प्रसिद्ध चंदन व्यास, रामप्रवेश रीखीमुनी समेत बिहार से आए ब्यास गुड्डू यादव ने श्रोताओं के मांग के अनुरूप कई गीत संगीत प्रस्तुत कर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं में संस्था के गढ़वा जिला अध्यक्ष अरुण प्रसाद गुप्ता,पलामू जिला अध्यक्ष सुभाष प्रसाद गुप्ता ,कमेटी के अध्यक्ष बलराम सिंह, मुरुमदाग के मुखिया भोला सिंह,मनोज प्रसाद गुप्ता, समिति मानिकचंद राम, पूर्व प्रमुख,जगनारायण सिंह, पूर्व समिति कपिल सिंह ,ने पर्यावरणविद कौशल और छतरपुर पूर्वी जिला परिषद अमित कुमार जायसवाल के कार्यों की जमकर सराहना की। मौके पर बसंत गुप्ता, सूर्य देव यादव, संतोष यादव, बाबूराम,शिवनाथ राम, नागेश्वर सिंह, रामजी सिंह, बुधन सिंह, कपिल यादव,चुल्हन सिंह समेत काफी संख्या में महिला भी उपस्थित थे।

युवाओं को समर्पित स्वामी विवेकानंद की जयंती : सुनील

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। स्वामी विवेकानंद अलग तरह के सन्यासी थे । जिन्होंने युवाओं को विशेष तौर पर प्रेरित करने का कार्य किया। उनके विचार बहुत ही सरल और जोश भरने वाले थे। उक्त बातें अधिवक्ता और आरएसएस के नगर संघ चालक सुनील मिश्र ने अधिवक्ता परिषद द्वारा आयोजित विवेकानंद जयंती पखवारा कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि स्वामी जी युवा शक्ति को हमेशा से ही सबसे अधिक महत्व दिया है। उनका मानना था कि युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण में प्रमुख भूमिका निभा सकती हैं। युवा अधिवक्तागण को भी उनके आदर्श को मानते हुए उनके संदेश को अपने जीवन में उतारना चाहिए। अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष उमेश्वर प्रसाद सिन्हा स्वामी जी की पृष्ठभूमि अधिवक्ता परिवार की रही है। उनके कृत्य एवं शिकागो प्रसंग सनातन धर्म को ताकतवर बनाता है। कभी कभी विपरीत माहौल में ईश्वर ऐसे महामानव को पृथ्वी पर भेजते हैं। सभा को राहुल सत्यार्थी,सिकंदर दूबे,सुधा पांडेय, दीपक कुमार, गोरखनाथ पाण्डेय, पायल लाठ जैसे युवा अधिवक्ताओं ने भी स्वामी जी के विचार पर प्रकाश डाले। इसके पूर्व स्वामी जी के तस्वीर पर पुष्पांजली की गई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए परिषद के महासचिव राजीव प्रताप सिंह ने भी स्वामी जी से प्रेरणा लेने की जरूरत बताई। मौके पर मनोज प्रजापति, नागेंद्र पांडेय, विनोद राम, रमण रूद्रेश, सुरेंद्र शुक्ला, अंजनी पाठक समेत अनेक अधिवक्ता मौजूद थे।

हम पिछड़े नहीं सिर्फ बिछड़े हैं : महापौर

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। होटल शिवाय ब्लू में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन पलामू द्वारा प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर कई समाज के प्रमुख लोग उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए श्री शंकर ने कहा कि हमारी ताकत आपसी छोटी-छोटी चीजों के कारण बट जाती है। अगर हम बड़े लक्ष्य को लेकर चलेंगे तो छोटी-छोटी कमियों को भूलना होगा । प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर ने कहा यह सम्मान समारोह नहीं मेरे लिए आशीर्वाद समारोह है। मैं प्रयास करूंगा हमेशा आप सबके बीच बना रहूं और यथासंभव समाज के लिए कार्य करूं । महापौर ने कहा हर क्षेत्र में वैश्य आगे आए उनके नेतृत्व की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन झारखंड के महामंत्री संजय चौधरी का भी जोरदार स्वागत किया गया । समारोह की अध्यक्षता प्रोफेसर युगल किशोर ने की और संचालन देवेंद्र प्रसाद ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन अरविंद गुप्ता द्वारा किया गया। मौके पर प्रमुख प्रमोद अग्रवाल, नवल तुलस्यान, सुरेश सतीश प्रसाद, सरस जैन ,सोंडिक समाज भवन हेतु भूमि दाता टिंकू ,रामनरेश सोनी ,लव चौरसिया, शिवनाथ अग्रवाल, विनोद उदयपुरिया प्रेम जयसवाल, छोटे लाल गुप्ता ,कमल गुप्ता, विक्रांत सिंघानिया, पांकी के युवा प्रमुख पंचम गुप्ता ,अहिल्या गुप्ता, मीना गुप्ता, तरहसी जिला परिषद सदस्य रूपवती देवी, शोभा देवी प्रमुख पाटन, अरविंद साहू मुखिया कसमार, प्रमिला देवी मुखिया नूरु, प्रेम प्रकाश मुखिया पाकी पूर्वी, किशुनपुर मुखिया सुमन गुप्ता, तथा कार्यक्रम में चैनपुर, शाहपुर ,रेड़मा ,बैरिया, डाल्टनगंज बाजार, पुलिस लाइन ,जीएलए कॉलेज रोड एवं अन्य जगह से काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए ।

'सदानी झंडा, अभिमान और स्वाभिमान का प्रतीक है'

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रविवार को होटल ग्रैंड ओकेजन, कोकर में मूलवासी सदान मोर्चा का महजुटान हुआ। वीर शहीदों को नमन करते हुए मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने सभी सदानों का अभिनंदन करते हुए बताया कि सदान झारखंड के प्राचीन वासिन्दा है। सदानी झंडा,सदानों की आस्था और पहचान का प्रतीक है सदानी झंडा की विशेषताओं का वर्णन करते हुए बताया, कि झंडा में 3 रंगों में यथा लाल, पीला, हरा का प्रयोग किया गया है, झंडे के मध्यवर्ती भाग में उगते हुए सूरज एवं नीले रंग से मूलवासी सदान शब्द लिखा हुआ है। जिसमें लाल रंग शौर्य एवं विजय का प्रतीक है ,पीला रंग आत्मविश्वास एवं आशावादी का प्रतीक है, तथा हरा रंग प्राकृतिक हरियाली एवं खुशहाली का प्रतीक है, नीला रंग धैर्य एवं सहनशीलता का प्रतीक है जबकि उगता हुआ सूर्य निरंतर प्रगतिशीलता का प्रतीक है। इस प्रकार यह सभी रंग सदानों के रहन सहन, जीवन शैली, सभ्यता एवं संस्कृति को प्रदर्शित करते हैं। मोर्चा अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने झंडा के महत्व और रंगों के संदर्भ में उल्लेख करते हुए बताया कि सदानी झंडा को प्रत्येक गांव-शहर के हर घर में लगाया जाएगा सदानों के हर रंग के संदर्भ में उन्होंने विस्तृत जानकारी दी। बैठक में मंच संचालन करते हुए डॉ सुदेश साहू के द्वारा बताया गया कि झारखंड में सदानों का देश के स्वतंत्रता तथा राज्य के नवनिर्माण में बहुत योगदान है। झारखंड में सदान प्राचीन काल से ही निवासी हैं ।राज्य के नवनिर्माण में यहां के सदान वर्ग का अथक योगदान रहा। इस अवसर पर प्रसिद्ध गायक और संस्कृतिकर्मी क्षितिश कुमार राय ने कहा कि आज सरकार उन तमाम सदानों के योगदान को भूल गयी, सरकार की नीयत और नियति के कारण सदानों की पहचान मिटती जा रही है।जैसे हम राष्ट्रीय झंडा का सम्मान करते हैं वैसे ही सदान का झंडा को भी प्रतीक रूप में सम्मान करेंगे। संथाल परगना के प्रभारी रंजीत जसवाल ने कहा 2014 में मूलवासी सदानों के सहयोग से ही झारखंड में भाजपा की सरकार बनी थी। डॉ.उमेश नंद तिवारी के द्वारा बताया गया कि सदानी झंडा,अभिमान और स्वाभिमान का प्रतीक है।

जयंती **आज मनाई जायेगी सुभाष चंद्र बोस की 126 वीं जयंती**

10 फरवरी 1940 को नेता जी पलामू आए थे

गांधी, मालवीय, जेपी, महादेवी वर्मा का आगमन हुआ है

पलामू के स्वतंत्रता सेनानियों में अब कोई भी जीवित नहीं

अमरनाथ सोनी

मेदिनीनगर। पलामू की धरती इतिहास के वीर सपूतों से भरी पड़ी है। इनकी तपस्या, त्याग बलिदान से ही आज हम जश्न-ए-आजादी को महसूस कर रहे हैं। पलामू की धरती पर गांधी जी, मदन मोहन मालवीय, जयप्रकाश नारायण, महादेवी वर्मा, जैसे राष्ट्रीय स्तर के नेताओं और कवियों का आगमन हो चुका है। वहीं, इस धरती पर नेताजी के नाम से विश्व में मशहूर सुभाष चंद्र बोस का भी आगमन हो चुका है। राष्ट्रीय स्तर पर स्वतंत्रता आंदोलन की अगुआई कर रहे महान नेताओं को प्रेरणा मानकर उनके साथ कदम से कदम मिला कर चलने में पलामू के धरती पुत्र भी पीछे नहीं रहे थे। स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में शरीक होने वाले पलामू के स्वतंत्रता सेनानियों में अब कोई भी जीवित नही है।

लेकिन उनके संस्मरण आज भी युवाओं में राष्ट्रीय भावना का संचार कराने के लिए प्रार्याप्त हैं। अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई में देश भर में बिगुल फूंकने के लिए गरम दल के नेता नेताजी सुभाषचंद्र बोस भी कांग्रेस के 53 वाँ अधिवेशन में शामिल होने पलामू आये। 10 फरवरी 1940 को ऐतिहासिक शिवाजी के मैदान में विशाल जन सभा को संबोधित किया था। इसमें उस समय युवा क्रांतिकारी अनुशीलन पार्टी के कमांडो सुकोमल दत्त की अहम भूमिका रही थी। यह बड़ा अवसर था जब पलामू के युवा क्रांतिकारी देश भक्त राष्ट्रीय आंदोलन के गरम दल के नेता के भाषण सुने थे। इससे पलामू के युवाओं को अंग्रजों के खिलाफ गोलबंद करने में बड़ी सफलता मिली थी। नेताजी ने शाहपुर में भी एक सभा किया था। फिर वे दूसरे दिन मोटर में रामगढ़ अधिवेशन के लिए कूच कर गए। पलामू वासियों में नेताजी के भाषण का इतना असर हुआ की उस समय कई छात्र युवा राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में कूद गए। सुकोमल दत्त के अलावा ओमियो कुमार जैसे रीखे कई युवा आंदोलन में शामिल हुए। ओमियो कुमार बाद में एमएलसी भी चुने गए। महान क्रांतिकारी देशभक्त सुकोमल दत्त आज हमारे बीच नहीं है। लेकिन जीवन पर्यंत उनके दिलो जान में भारत माता के लिए जो जज्बा था वह कम नहीं हुआ। नेताजी के लिए झारखंड का मेदनीनगर जिसे तत्कालीन डाल्टनगंज के नाम से जाना जाता था के साथ-साथ जपला, रामगढ़, गोमो आदि स्थानों पर भी प्रभाव रहा। 18 से 20 मार्च 1940 में कांग्रेस के रामगढ़ अधिवेशन में भाग लेने के लिए सुभाष चंद्र बोस एकीकृत बिहार की धरती पर आये। इससे पूर्व भी नेताजी इस धरती पर अपने पैर रख चुके थे।

रामगढ़ अधिवेशन के बाद पलामू आये नेताजी

कांग्रेस के रामगढ़ अधिवेशन के बारे में पलामू के स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय नीलकंठ सहाय बताते थे कि कांग्रेस के रामगढ़ अधिवेशन में वे सेवा दल की ओर से गये थे और स्वयंसेवक की भूमिका में थे। यह अधिवेशन काफी बड़ा और अनोखा था क्योंकि इसमें एक तरफ महात्मा गांधी का नेतृत्व का कांग्रेस था तो दूसरी और सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में फॉरवर्ड ब्लॉक का अधिवेशन। अधिवेशन में जिधर देखने पर केवल लोगों के सिर ही दिखाई देते थे । अधिवेशन के दौरान बारिश भी हुई थी और कई टेंट भी गिर गए थे परंतु जनता के उत्साह में कोई कमी नहीं देखी गई थी। अधिवेशन के बाद सुभाष चंद्र बोस रामगढ़ होते हुए पलामू की धरती पर भी आए। जहां उनका प्रवास के दौरान आज के स्थानीय सेवा सदन में रहा। उनकी एक झलक पाने के लिए सड़कों के किनारे लोगों की लंबी लाइनें लगी हुई थी। स्थानीय निवासी अरविंद साहू ने बताया कि नेताजी के पलामू आने की खबर मिलते ही चारों तरफ उत्साह का माहौल बन गया था । सभी लोग उस एक बार मिलना चाहते थे परंतु अंग्रेजों का खुफिया विभाग भी उनके पीछे पड़ा हुआ था इसलिए वह गुप्त रूप से ही आए और गुप्त रूप से ही बिना किसी से मिले हुए चले गए। आज के समय का सेवा सदन उस समय प्रकाश चंद्र का एक आवास हुआ करता था जहां पर नेताजी को ठहराया गया था।

स्वतंत्रता सेनानी आशीर्वाद टाना भगत की मनी जयंती

कुडू : कुडू प्रखण्ड के बन्दुवा गाव निवासी जननायक स्वतंत्रता सेनानी आशीर्वाद टाना भगत की जयंती मनाई गई। रविवार को आजसू पार्टी की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आजसू पार्टी की केंद्रीय उपाध्यक्ष नीरू शांति भगत सहित आजसू नेताओं ने बन्दुवा मोड़ स्थित स्थापित शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया साथ ही उनके परिवार के लोगों को भी माला पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर नीरू शांति भगत ने कहा कि आशीर्वाद टाना भगत ने ब्रिटिश हुकुमत से देश को स्वतन्त्रता दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया, ताकि हम अपने मुल्क में स्वतन्त्र होकर रह सकें। हमें इनकी कुर्बानियों एवं बलिदान से हमे प्रेरणा लेनी चाहिए।

भाकपा ने पारा मेडिकल कर्मियों के हड़ताल का किया समर्थन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह, राज्य परिषद सदस्य सुरेश ठाकुर,ललन कुमार सिन्हा,बबन राम,नसीम राइन, सोनू खान ने प्रेस बयान जारी कर पारा मेडिकल नर्स एवं स्टाफ के द्वारा लगातार चल रहे हड़ताल का समर्थन किया एवं उनकी मांगों को जायज ठहराया है। भाकपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य श्री तिवारी ने कहा कि भाजपा के रघुवर सरकार के कार्यकाल में बहुत सारे पारा मेडिकल स्टाफ और पारा पुलिसकर्मियों का बहाली पूरे झारखंड में किया गया था। जो बहुत ही कम मानदेय पर उनको खटना पड़ता है और उनकी नौकरी भी स्थाई नहीं है । आज हेमंत सरकार को इन पारा स्टाफ को नियमित करना चाहिए । क्योंकि जिस प्रकार से कोरोना काल में आम आवाम की सेवा इन लोगों ने किया है । वह बहुत ही सराहनीय रहा है और राज्य सरकार को चाहिए कि किसी भी तरह की बहाली अनुबंध पर ना करा कर सीधे सरकारी बहाली किया जाए । जिससे आम आवाम को परेशानियों का सामना न करना पड़े। इनके हड़ताल के कारण पूरे झारखंड प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। उनके पास कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है और वापस लौट कर अपने घर जा रहे हैं । मेदनी राय सदर अस्पताल का भी यही हाल है।

ज्ञान की बात

वंश मैने स्वयं नहीं चुना, यह इस समाज की व्यवस्था थी। मुझे अपने वंश और जन्म पर लज्जित अथवा संकुचित होने की कोई आवश्यकता नहीं है। यदि किसी को लज्जित होना ही है तो, स्वयं समाज लज्जित हो। जो काम मैंने किया ही नहीं, जिसमें मेरा कोई योगदान ही नहीं है, उसके लिए मैं लज्जित क्योंकर रहूं भला? – *ठाकुर जी*

शिक्षा व्यवस्था में सुधार

झारखंड के स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति का आंकड़ा घटना यह दर्शाता है कि कहीं न कहीं हमारी शिक्षा व्यवस्था में गिरावट आयी है। कुछ आंकड़े पर गौर करें,तो हाई स्कूल में 58 और प्राइमरी स्कूलों में 68 फीसदी रह गये हैं बच्चे। कोरोना महामारी के बाद झारखंड के स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति काफी घट गयी है। पुनः इसकी गूंज सुनाई पड़ने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन हाल के दिनों में कोरोना की उपस्थिति ने पुनः लोगों के माथे पर एक बार सिलवटें पैदा कर दी है। ऐसी स्थिति में अलर्ट रहने की जरूरत है। हाई स्कूलों छठी से आठवीं तक की कक्षा और प्राथमिक विद्यालयों में उपस्थिति का दर चौंकाने वाला है। अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज द्वारा तैयार की गई एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। यह रिपोर्ट राज्य सरकार द्वारा 16 जिलों में संचालित 138 स्कूलों में किये गये एक सर्वे पर आधारित है। द्रेज की मानें तो यह सर्वेक्षण से यह प्रदर्शित होता है कि वंचित और आदिवासी बच्चे शिक्षा विभाग द्वारा असहाय छोड़ दिये गये हैं। स्कूल दो साल बंद रहे, लेकिन बच्चों के लिए जितना किया जाना चाहिए नहीं हो सका। जिस कारण यह स्थिति सामने आयी है। इस अवधि के दौरान ऑनलाइन शिक्षा केवल मजाक बन कर रह गई, क्योंकि सरकारी स्कूलों में 87 प्रतिशत छात्रों की पहुंच स्मार्टफोन तक नहीं थी। हालांकि सरकार के द्वारा यह व्यवस्था की गई है,लेकिन वह नाकाफी है। ऐसे में हमारी यात्रा की पगडंडियों में आज भी कई रोढ़े अटके हुए हैं। शिक्षा विभाग द्वारा वंचित और आदिवासी बच्चों को असहाय अवस्था में छोड़ा जाना भविष्य के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं। महामारी के बाद छात्रों की सीखने की क्षमता और स्कूलों में उपस्थिति में कमी आई है। जो आज भी बरकरार है। ऐसी स्थिति में खेल को बढ़ावा देकर और मनोरंजन गतिविधियों को बढ़ाकर छात्रों की उपस्थिति बढ़ाई जा सकती है। हालांकि पहले की अपेक्षा छात्रों को स्कूलों में वापस लाया जा रहा है। लेकिन यह पर्याप्त नहीं माना जा सकता है। यह चर्चा यहां इसलिए जरूरी हो जाती है कि कोरोना पूरी तरह गया नहीं है। कभी भी इसकी वापसी हो सकती है। ऐसी स्थिति में इसकी तैयारी अभी से शुरू कर देनी चाहिए। दूसरी बात यह कि झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण के लिए झारखंड सरकार द्वारा स्थापित एक स्वायत्त निकाय है। जबकि कक्षा एक से पांच तक प्राथमिक स्तर की शिक्षा है। कक्षा 06 से 08 में उच्च-प्राथमिक स्तर शामिल है। लगभग 40 प्रतिशत प्राथमिक विद्यालयों का सर्वेक्षण किया गया। ये सभी अस्थायी शिक्षकों द्वारा चलाए जा रहे हैं। पारा शिक्षकों के पास नियमित शिक्षकों की तुलना में कम योग्यता और कम प्रशिक्षण है, और यह संदेहास्पद है कि क्या वे अधिक जवाबदेह हैं।

महामारी के बाद छात्रों की सीखने की क्षमता और स्कूलों में उपस्थिति में कमी आई है। ऐसी स्थिति में खेल को बढ़ावा देकर और मनोरंजन गतिविधियों को बढ़ाकर छात्रों की उपस्थिति बढ़ाई जा सकती है।

..ताकि वह 'खबर' ही रहे, सनसनी न बने

निशिकांत ठाकुर

औपनिवेशिक काल में सूचना का तंत्र टेलीग्राम और टेलेक्स हुआ करता था और वर्ष 1919 भारतीय शासन अधिनियम पहला कानूनी दस्तावेज था जिसमें केंद्रीय सेवा का उल्लेख किया गया है और जिसके तहत कई और विभागों के साथ-साथ रेलवे और डाक-तार विभाग को भी रखा गया। औपनिवेशिक काल में लोक प्रशासन में कुशलता और अनुशासन के गुण विद्यमान थे। आदेशों की अवहेलना नहीं होती थी, उच्चाधिकारियों का चरित्र संदेश से परे था। कुशलता की दृष्टि से औपनिवेशिक कालीन भारतीय प्रशासन को विश्व में सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था। इससे पहले मुगल साम्राज्य में सूचना के आदान-प्रदान के लिए खबरनवीस हुआ करते थे, जो चार भागों में बंटे थे- वाक-ए-नवीस, सबानह-ए-निगार, खुफिया-ए-नवीस तथा हरकारह। आज की 21वीं सदी में संचार साधनों के बिना जीवन की कल्पना असंभव है। आदिकाल में कबूतरों, बाजों के माध्यम से संदेहवाहक घोड़ों की सवारी करके संदेश लेकर जाता था जिसमें कई दिन लग जाते थे। अब विज्ञान ने विकास कर लिया है जिसके कारण विश्व में किसी भी व्यक्ति से तुरंत बात की जा सकती है। इतना ही नहीं, वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आमने-सामने बात की जाती है जिसे भारत में सूचना क्रांति का नाम दिया गया है और इसके जनक पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी को माना जाता है। संचार और सूचना के इन माध्यमों को स्थान दिया जाता है, जैसे- रेडियो, टेलीविजन, इंटरनेट, ई-मेल, लैंडलाइन, टेलेक्स, मोबाइल फोन, टेलीग्राम, पेजर फैक्स आदि। यह जानकारी इसलिए, क्योंकि हम कितने विकसित हुए और इस विकास में कितना समय लगा, इसकी जानकारी देना एकमात्र उद्देश्य था। दरअसल, अब आज सूचना तंत्र विश्व सहित भारत में इतना विकसित हो गया है कि जिस क्रांति की शुरूआत पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के कार्यकाल में हुई थी, अब सुप्रीम कोर्ट को भी न्यूज टेलीविजन चैनलों की बुराइयों की रोकथाम के लिए हस्तक्षेप करना पड़ा; क्योंकि उसे भी ऐसा लगने लगा, जैसे आज वह अभिशाप हो गया हो। सूचना तंत्र इतना विकसित होगा, यह सोचा तो जरूर था, लेकिन इतना भी नहीं सोचा था कि इस विकास का अर्थ यह होगा कि वह समाज में घृणा पैदा करने लगे तथा देशहित में सूचना के नाम पर देश को बांटने का काम करने लग जाए। इसी हालत को देखते हुए पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट को टेलीविजन न्यूज चैनल पर कड़ी टिप्पणी करनी पड़ी। सुप्रीम कोर्ट ने टीवी चैनलों पर होने वाली बहसों में नफरती व भड़काऊ बयानों पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि टेलीविजन चैनल अपने एजेंडे पर चलते हैं, प्रतिस्पर्धा में खबरों को सनसनीखेज बनाते हैं और समाज को बांटते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अफसोस जाहिर करते हुए कहा कि चैनलों के लिए नियमन और नियंत्रण नहीं है, हमें स्वतंत्र और संतुलित प्रेस चाहिए। जस्टिस के एम जोसेफ, जय बीबी नागरत्न ने टेलीविजन चैनलों के रवैये पर टिप्पणी करते हुए कहा कि आजकल सब कुछ टेलीविजन रेटिंग प्वाइंट से चलता है। वे एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा कर समाज को बांट रहे हैं। बात 1990 के दशक की है। दिल्ली में पत्रकारिता की साख पर आयोजित सेमिनार में एक मीडिया गुरु का अपने संबोधन में कहना था कि टेलीविजन के आने से प्रिंट मीडिया का हाल बुरा होगा। ज्ञात हो उसी काल में टेलीविजन का धीरे-धीरे जन-जन में प्रवेश हो रहा था। प्रिंट के सभी सदस्य निराश हो चुके थे कि जीवनभर प्रिंट की पत्रकारिता करने के बाद अब क्या ऐसा होगा, जब प्रिंट के सारे पत्रकार बेरोजगारी के कारण भुखमरी के कगार पर पहुंच जायेंगे? स्थिति काफी गंभीर थी, लेकिन दैनिक जागरण के प्रधान संपादक नरेंद्र मोहन (अब स्वर्गीय) ने मोर्चा संभालते हुए कहा, जो लोग टेलीविजन के नाम पर इतना डर आपके दिल-ओ-दिमाग में पैदा कर रहे हैं, वह सही नहीं हैं। समाचार-पत्र एक लिखित प्रपत्र (डॉक्यूमेंट) है, जिसे आप झुठला नहीं सकते, लेकिन टेलीविजन पर चले समाचारों को उस तरह का विश्वसनीय इसलिए नहीं मान सकते, क्योंकि यदि समाचारों के चलने के बाद कोई गलत समाचार चैनल चला रहा है, तो गलती का अहसास होने पर वह उसे तत्काल बदल सकता है, जबकि प्रिंट के मामले में ऐसा नहीं हो सकता। प्रिंट वाले इस बात का ध्यान रखें कि खबरों के एक-एक शब्द का महत्व होता है, क्योंकि एक शब्द के द्वारा आप किसी को कितना आघात पहुंचा देते हैं, इसका एहसास आपको करना ही होगा, आपको संवेदनशील बनना ही होगा। अखबारी साख क्या चीज है, इसे समझाते हुए उनका कहना था कि जिस प्रकार अखबार का मत्था (मास्ट हेड्स) इस बात को दर्शाता है कि यह इस नाम का अखबार है, जिस प्रकार उस मास्ट हेड्स के नीचे तारीख होती, वह यह दर्शाती है कि यह आज का अखबार है; क्योंकि अखबार पर लिखा हुआ है कि यह आज की तारीख का अखबार है, इसलिए आज यही तारीख है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रिंट मीडिया की तरह न्यूज चैनल के लिए प्रेस काउंसिल जैसी चीज नहीं है।

आदिकाल में कबूतरों, बाजों के माध्यम से संदेहवाहक घोड़ों की सवारी करके संदेश लेकर जाता था जिसमें कई दिन लग जाते थे। अब विज्ञान ने विकास कर लिया है जिसके कारण विश्व में किसी भी व्यक्ति से तुरंत बात की जा सकती है।

इन दिनों

बोधि वृक्ष

आईए सुनें विष्णु जी की कहानी

एक बार भृगु ऋषि ने जानना चाहा कि ब्रह्मा, विष्णु और महेश में कौन सबसे सर्वश्रेष्ठ हैं? वह बारी-बारी सबके पास गये। ब्रह्मा और महेश ने भृगु को पहचाना तक नही, न ही आदर किया। इसके बाद भृगु विष्णु जी के पास गए। विष्णु भगवान विश्राम कर रहे थे और माता लक्ष्मी उनके पैर दबा रही थी। भृगु ने पहुंचते ही न कुछ कहा, न सुना और भगवान विष्णु की छाती पर पैर से प्रहार कर दिया। लक्ष्मी जी यह सब देखकर चकित रह गयी किन्तु विष्णु भगवान ने भृगु का पैर पकड़कर विनीत भाव से कहा-मुनिवर! आपके कोमल पैर में चोट लगी होगी। इसके लिए क्षमा करें। लक्ष्मी जी को भगवान विष्णु की इस विन्रमता पर बड़ा क्रोध आया। वह भगवान विष्णु से नाराज होकर भू-लोक में आ गयी तथा कोल्हापुर में रहने लगीं। लक्ष्मी जी के चले जाने से विष्णु भगवान को लगा कि उनका श्री और वैभव ही नष्ट हो गया और उनका मन बड़ा अशांत रहने लगा। लक्ष्मी जी को ढूंढने के लिए वह श्रीनिवास के नाम से भू-लोक आये। घूमते-घुमाते वेंकटचल पर्वत क्षेत्र में बकुलामाई के आश्रम में पहुंचे। बकुलामाई ने उनकी बड़ी आवाभगत की। उन्हें आश्रम में ही रहने को कहा। एक दिन जंगल में एक मतवाला हाथी आ गया। आश्रमवासी डरकर इधर-उधर भागने लगे। श्री निवास ने यह देखा तो धनुष-बाण लेकर हाथी का पीछा किया।हाथी डरकर भागा और घने जंगल में अदृश्य हो गया। श्री निवास उसका पीछा करते-करते थक गये थे।

(क्रमशः)

दूसरों की खुशी के लिए खुद कष्ट सहते थे सुभाष बाबू

योगेश कुमार गोयल

जयंती विशेष

महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस दूसरों के दुख-दर्द को अपना दुख-दर्द समझने वाले संवेदनशील शख्स तो थे ही, साथ ही एक वीर सैनिक, एक महान सेनापति और राजनीति के अद्भुत खिलाड़ी भी थे। उनसे जीवन से जुड़े अनेक ऐसे प्रसंग हैं, जिनसे उनकी उदारता, मित्रता, संवेदनशीलता, दूरदर्शिता स्पष्ट परिलक्षित होती है। भारत की आजादी के संघर्ष में उनके नेतृत्व में आजाद हिन्द फौज के योगदान को सदैव सराहा जाता है लेकिन एक बार उनकी इसी फौज में एक साम्प्रदायिक विवाद ने जन्म ले लिया था। दरअसल फौज के मुस्लिम भाईयों का विरोध था कि मैस में सूअर का मांस नहीं बनेगा जबकि ह्यआजाद हिन्द फौजह्न के हिन्दू साथी गाय का मांस इस्तेमाल करने का प्रखर विरोध कर रहे थे। विवाद बढ़ने पर जब यह सारा वाकया नेताजी के समक्ष आया तो उन्होंने सारे प्रकरण को गहराई से समझते हुए अगले दिन इस पर अपना फैसला सुनाने को कहा। चूंकि वे फौज के सर्वेसर्वा थे तो स्पष्ट था कि उनका निर्णय ही अंतिम निर्णय होना था। अंततः दूरदर्शिता का परिचय देते हुए उन्होंने अगले दिन ऐसा निर्णय सुनाया कि हिन्दुओं तथा मुसलमानों के बीच पनपा विवाद स्वतः ही खत्म हो गया। अपने फैसले में उन्होंने कहा कि भविष्य में 'आजाद हिन्द फौज' की मैस में न तो गाय का मांस पकेगा, न ही सूअर का। जब सुभाष स्कूल में पढ़ने जाया करते थे, तब उनके स्कूल के पास ही एक असहाय वृद्ध महिला रहती थी। सुभाष से उसका दुख देखा नहीं गया और प्रतिदिन स्कूल में वे लंच के लिए अपना जो टिफिन लेकर जाते थे, उसमें से आधा उन्होंने उस वृद्ध महिला को देना शुरू कर दिया। एक दिन उन्होंने देखा कि वह महिला बहुत बीमार है। करीब 10 दिनों तक उन्होंने उस वृद्ध महिला की सेवा कर उसे ठीक कर दिया। इसी प्रकार जब वे कॉलेज जाया करते थे, उन दिनों उनके घर के ही सामने एक वृद्ध भिखारिन रहती थी। फटे-पुराने चीथड़ों में उसे भीख मांगते देख सुभाष का हृदय रोजाना यह सोचकर दहल उठता कि कैसे यह महिला सर्दी हो या बरसात अथवा तूफान या कड़कती धूप, खुले में बैठकर भीख मांगती है और फिर भी उसे दो जून की रोटी भी नसीब नहीं होती। यह सब देखकर उनका हृदय ग्लानि से भर उठता। घर से उनका कॉलेज करीब तीन किलोमिटर दूर था। आखिकार प्रतिदिन बस किराये और जेब खर्च के लिए उन्हें जो भी पैसे मिलते, उन्होंने वो बचाने शुरू कर दिये और पैदल ही कॉलेज जाना शुरू कर दिया। इस प्रकार प्रतिदिन अपनी बचत के पैसे उन्होंने जीवनयापन के लिए उस बूढ़ी भिखारिन को देने शुरू कर दिये। सुभाष चंद्र बोस को लोगों का दुख-दर्द बर्दाश्त नहीं होता था। ऐसा ही एक वाकया उन दिनों का है, जब बंगाल में भारी बाढ़ आई हुई थी और गांव के गांव बाढ़ के पानी में समा गये थे। जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था। सुभाष तब कॉलेज में पढ़ते थे। उन्होंने अपने कुछ सहपाठियों के साथ मिलकर बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री एकत्रित करने का निश्चय किया और जी-जान से बाढ़ पीड़ितों की मदद में जुट गये। उसी दौरान एक दिन उनके पिता ने उनसे कहा कि बेटा, मानव सेवा तो ठीक है पर कभी अपने घर की ओर भी थोड़ा ध्यान दिया करो, गांव में ही मां दुर्गा की विशाल पूजा का आयोजन किया जा रहा है, जहां दूसरे लोगों के साथ तुम्हारा रहना बेहद जरूरी है, इसलिए तुम्हें मेरे साथ चलना होगा। इस पर सुभाष ने पिताजी से कहा कि आप सब लोग गांव जाकर मां दुर्गा की पूजा करें, वह उनके साथ नहीं चल सकता क्योंकि बाढ़ ने जो विनाश किया है, ऐसे में उससे लोगों का दर्द बर्दाश्त नहीं होता और ऐसे दीन-दुखियों की सेवा करके उसे दुर्गा मां की पूजा का पुण्य स्वतः ही मिल जायेगा। समाज के दीन-दुखियों के प्रति बेटे के इस तरह के भाव देखकर उनके पिता भाव-विभोर हो उठे और उन्होंने सुभाष को सीने से लगाते हुए कहा कि बेटा, मां दुर्गा की सच्ची पूजा तो वास्तव में तुम कर रहे हो। सुभाष चंद्र बोस जब कॉलेज में पढ़ते थे, उस समय उनका एक दोस्त था, जो बंगाल की ही किसी छोटी जाति से संबंध रखता था। हॉस्टल में रहते हुए उसे एक बार चेचक हो गया। छूत की बीमारी होने के कारण हॉस्टल के सभी साथी उसे उसके हाल पर अकेला छोड़ गये लेकिन सुभाष को यह बात पता चली तो उनसे यह सब देखा नहीं गया। वे उसके पास पहुंचे और स्वयं उसका इलाज शुरू कराया तथा प्रतिदिन उसे देखने जाने लगे। जब सुभाष के पिता को यह सब पता चला तो उन्होंने सुभाष को समझाया कि यह छूत की बीमारी है और तुम्हें भी लग सकती है, इसलिए उस लड़के से दूर रहा करो किन्तु सुभाष ने जवाब दिया कि उन्हें पता है कि यह छूत की बीमारी है किन्तु संकट की घड़ी में मित्र ही मित्र के काम आता है।

अपने बालपन में सुभाष चंद्र बोस एक असहाय वृद्ध महिला को अपने नाश्ते वाली टिफिन से रोटियां निकालकर न सिर्फ देते थे, बल्कि जब तक वह खा नहीं लेती थी थीं, तब तक वहीं रहते थे...ऐसे थे सुभाष बाबू...

फोटो की दुनिया

ट्वीट-ट्वीट

Pappu Yadav
@pappuyadavjapl

हे बागेश्वर जब रावण से बात कर सकते हो तो
जज लोया और हरेन पांड्या से बात कर बता दो उन्हें किसने मारा?

फेसबुक वॉल से

भाजपा के खिलाफ कितना मुफीद होगा गैर कांग्रेस गठबंधन?

यशोदा श्रीवास्तव

राजनीति

लोकसभा चुनाव में अभी वक्त है और तब तक राजनीतिक परिदृष्य क्या होता है, इस पर अभी से कयास लगाने का खास मतलब नहीं है, ऐसे में मोदी युग के भविष्य को लेकर भी दिमाग खपाना बेवकूफी के सिवा कुछ नहीं। हाल ही तेलंगाना में केसीआर के साथ अखिलेश यादव,भगवंत सिंह मान, अरविंद केजरीवाल,डी राजा आदि क्षेत्रीय क्षत्रपों की बैठक को गैर कांग्रेस नये मोर्चे के रूप में देखा जा रहा है। बाकी का तो पता नहीं लेकिन यूपी के क्षत्रप अखिलेश यादव का उस बैठक में शिरकत करना उनके ही तमाम निकटस्थों को अच्छा नहीं लगा। भारत के लोकतांत्रिक जनता का मूड जरा हटकर है और अलग अलग प्रदेशों में अलग अलग तरह का भी है, ऐसे में कुछ राजनीतिक दल यह कैसे तय कर सकते हैं कि फला व्यक्ति या फला राजनीतिक दल के नेतृत्व में एक जुट विपक्ष मोदी युग पर विराम लगा सकता है? यहां इस बात पर भी गौर करना होगा कि जनता जब सरकार को सबक सिखाने की ठान लेती है तब वह कोई मुखौटा या चेहरा नहीं निहारती। उसे सरकारी दल के खिलाफ वोट देना है तो देना है। आखिर 2004 और 2009 के लोकसभा चुनाव में देश के सामने कौन सा करिश्मायी चेहरा था? राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा समापन की ओर है। श्रीनगर के लाल चौक पर तिरंगा फहराने के साथ यात्रा के संपन्न होने की घोषणा होगी। उसके बाद भी वे शायद ही बैठे रहें। राहुल गांधी के इस यात्रा के परफार्मेंस को देखें तो जिन प्रदेशों से होकर यह यात्रा गुजरी है, वहां की जनता ने खुले दिल से वेलकम किया है। लेकिन भीड़ किसी बदलाव का न तो पैमाना है और न ही संकेत। अच्छी बात है कि स्वयं राहुल गांधी भी इस यात्रा को लेकर किसी निष्कर्ष तक पंहुचने का दावा नहीं करते लेकिन इस यात्रा ने एक बात जरूर साबित किया है कि कांग्रेस मुक्त भारत का सपना सिर्फ दिवा स्वप्न है। अंकगणित के हिसाब से वेशक कांग्रेस की सरकार बहुत कम प्रदेशों में है लेकिन यह भी सच है कि 2014 से 2022 के बीच भाजपा द्वारा छः प्रदेशों की सरकार जोर जबरदस्ती कर कांग्रेस से ही छीनी हुई है। अब अकेले दम पर सरकारों का दौर नहीं रह गया। भाजपा केंद्र में अकेले पूर्ण बहुमत में हैं फिर भी उसके साथ गठबंधन के कई साथी हैं। यूपी में योगी सरकार भी गठबंधन से चल रही है। ऐसे में आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलें भी मजबूत गठबंधन की रस्साकसी में है लेकिन यह गठबंधन किसके नेतृत्व में हो इसे लेकर सबके अपने अपने अहम है। कांग्रेस गई बीती हाल में भी सबसे बड़ा विपक्ष है। यूपी विधानसभा चुनाव में उसे बुरी हार का सामना करना पड़ा लेकिन इस आधार पर उसे एकदम से खारिज किया जाना उचित नहीं है। जैसा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव यदा कदा कहते रहते हैं कि कांग्रेस बहुत छोटी पार्टी रह गई। ठीक ऐसे ही प.बंगाल की सीएम ममता बनर्जी भी कहती रही हैं। वे तो इतनी उत्साहित थीं कि भाजपा के खिलाफ अपने नेतृत्व में ही विपक्षी गठबंधन की ख्वाहिश मंद हो उठीं थीं। वे इधर शांत हुई तो अखिलेश यादव में विपक्षी गठबंधन के नेतृत्व का शौक चर्रा गया। केसीआर की राय है कि क्यों न गैर कांग्रेस गठबंधन के तले एक जुट हुआ जाय। इस बैठक में अखिलेश यादव राहुल गांधी के कश्मीर में पंहुचने के आमंत्रण को इग्नोर कर पंहुचे थे। बताने की जरूरत नहीं कि अखिलेश यादव का राजनीतिक फैलाव यूपी से आगे नहीं है और यहां भी उनके राजनीति का आधार यादव और मुस्लिम ही हैं। विधानसभा चुनाव में यादवों का तो नहीं कह सकते लेकिन मुसलमानों ने 90 प्रतिशत तक सपा को वोट दिया। यहां तक कि उनके तमाम बाहरी अपरचित उम्मीदवारों को भी जमकर वोट दिया। उनके समर्थक अल्पसंख्यक वोटर मान रहे हैं कि अखिलेश यादव सरकार नहीं बना पाए इसके लिए वे खुद जिम्मेदार हैं। सपा समर्थक अल्पसंख्यक वोटरों का मिजाज बदल रहा है। लोकसभा चुनाव में सपा को आंख मूंद कर इनका समर्थन नहीं मिलने वाला। केजरीवाल की महत्वाकांक्षा को समझा जा सकता है। देश में गैर भाजपा वोटरों का विशाल भंडार है। केंद्र सरकार के खिलाफ सर्वाधिक हमलावर कोई है तो वह राहुल गांधी हैं। वोटरों का यह वर्ग इस बात की भी नोटिस कर रहा है। ध्यान रहे अखिलेश यादव, केसीआर, केजरीवाल या विपक्ष के कुछ अन्य क्षत्रपों के पहले पीके नामधारी प्रशांत किशोर भी देश भर में घूम कर गैरकांग्रेसी विपक्षी गठबंधन की कसरत कर चुके हैं। लेकिन जब नेतृत्व की बात आई तो यह सवाल भी उठा कि विपक्ष की आखिर कौन सी पार्टी है जिसका उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक जनाधार या प्रभाव है?

यूपी विधानसभा चुनाव में उसे बुरी हार का सामना करना पड़ा लेकिन इस आधार पर उसे एकदम से खारिज किया जाना उचित नहीं है, जैसा कि सपा मुखिया यदा-कदा कहते रहते हैं कि कांग्रेस बहुत छोटी पार्टी रह गई।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

NEWS इन ब्रीफ

तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, तीन की मौत

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही। जिले के रतनपुर थानांतर्गत भीषण सड़क हादसे में कार सवार तीन की जलकर मौत हो गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई, जिससे कार में आग गई। वहीं कार के सभी दरवाजे लॉक हो गए। अंदर बैठे तीन सवार किसी भी तरह से बाहर नहीं निकल सके। सभी कार सवारों की जलने से मौत हो गई।

सोन नदी में दो नावों के बीच टक्कर, 12 से अधिक मजदूर लापता

पटना। पटना के मनेर थाना क्षेत्र के रामपुर दियारा सोन नदी में रविवार को दो नावों के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गयी। इस हादसे में एक नाव गोता खाकर मजदूरों के साथ नदी में डूब गई। घटना में नाव पर सवार 12 से अधिक मजदूर पानी में डूब गये। सभी मजदूर लापता हैं। ग्रामीणों के अनुसार कि रामपुर दियारा के सोन नदी में दो नावों के बीच रविवार की अहले सुबह टक्कर हुई है। एक नाव पर बालू लदा हुआ था जबकि दूसरे नाव पर 12 से अधिक मजदूर सवार थे। घटना में बालू लदी नाव डूबने से बच गयी जबकि मजदूरों से भरी नाव सोन नदी की धारा में डूब गयी। फिलहाल, नाव पर सवार सभी मजदूर लापता हैं। सभी मजदूर सारण जिले के छपरा के रहने वाले हैं। घटना की जानकारी अबतक स्थानीय पुलिस प्रशासन को नहीं है।

उज्जैन में निकली दिव्यांग तिरंगा यात्रा

उज्जैन। शहर में रविवार सुबह दिव्यांग तिरंगा यात्रा निकली। दिव्यांगजनों ने इस यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा समापन के बाद दिव्यांगजनों के लिए खेल स्पधाएं भी आयोजित हुई। यात्रा का आयोजन शंकरलाल माहेश्वरी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा किया गया। आगर मार्ग स्थित सामाजिक न्याय परिसर से प्रारंभ यात्रा क्षीरसागर, कण्ठाल, नई सड़क, दौलतगंज, मालीपुरा, देवासगेट, चामुण्डा माता मंदिर चौराहा, फ्रीगंज ओव्हरब्रीज, फ्रीगंज होकर दशहरा मैदान पहुंची। यात्रा का मार्ग में जगह-जगह स्वागत किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष सत्यनारायण माहेश्वरी ने बताया कि दशहरा मैदान पर दिव्यांगजन हेतु खेल महोत्सव में क्रिकेट, कबड्डी, सायकल रेस, महिला एवं पुरुष रस्सा खेंच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पश्चात विजेता प्रतियोगियों को पुरस्कार वितरण किया गया।

यूपी में धर्मांतरण मामले में पादरी को जमानत

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने धर्मांतरण के मामले में प्रयागराज के एक पादरी को जमानत दे दी है। उस पर 90 हिंदुओं को जबरन ईसाई बनाने का आरोप है। कोर्ट ने कहा कि मामले में आरोपी 35 लोगों में से, छह को पहले ही जमानत मिल चुकी है, इसलिए पादरी भी जमानत पाने का हकदार है। मामले में फतेहपुर थाने में पादरी और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसमें 36 लोगों को नामजद किया गया था और 20 पर हिंदुओं का जबरन धर्मांतरण करने का मामला दर्ज किया गया था। पादरी समेत अन्य पर 90 लोगों का जबरन धर्मांतरण कराने का आरोप है।

30 महीने जेल में रहने के बाद खुशी दुबे रिहा

कानपुर। बिकरू हत्याकांड की आरोपी और मारे गए गैंगस्टर अमर दुबे की विधवा खुशी दुबे को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर शनिवार देर रात जेल से रिहा कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने 4 जनवरी को खुशी दुबे को जमानत दी थी। उस पर मामले के मुख्य आरोपी की मदद करने का आरोप है। नाबालिग के रूप में गिरफ्तार वह 30 महीने से अधिक समय तक कानपुर देहात जेल में बंद रही। इससे पहले खुशी ने इस मामले में जमानत से इनकार करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी। शीर्ष अदालत ने खुशी को जमानत देते हुए कहा कि जुलाई 2020 में घटना के वक्त वह नाबालिग थी।

यूपी :12 निमार्णाधीन मेडिकल कालेजों में प्रधानाचार्यों की नियुक्ति

नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ

प्रदेश सरकार ने प्रदेश के 12 निमार्णाधीन मेडिकल कालेजों में प्रधानाचार्यों की नियुक्ति कर दी है। प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार ने ट्वीट कर इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि ₹12 निमार्णाधीन मेडिकल कालेजों में प्रधानाचार्यों की नियुक्ति कर दी गई है। ये मेडिकल कॉलेज 2023-24 अकादमिक सत्र से संचालित कर दिए जाएंगे।

जिन जिलों में प्रधानाचार्यों की नियुक्ति की गई है उनमें अमेठी, औरैया, कानपुर देहात, कुशीनगर, गोंडा, पीलीभीत, बुलंदशहर, बिजनौर, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, सुल्तानपुर और सोनभद्र शामिल हैं। अभी इन जिलों में मेडिकल कॉलेज निमार्णाधीन हैं, जो इसी अकादमिक सत्र में संचालित हो जाएंगे।

आचार्य, आब्स एण्ड गायनी, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या में तैनात डा. रीना शर्मा को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अमेठी का प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया है। आचार्य, कम्यूनिटी मेडिसिन, एम्स नागपुर में तैनात डा. अरविन्द सिंह कुशवाहा को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, औरैया का प्रधानाचार्य बनाया गया है। वहीं आचार्य, फिजियोलाजी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया में तैनात डा. सज्जन लाल वर्मा को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, कानपुर देहात का प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया है। आचार्य, सामान्य मेडिसिन, राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज में तैनात डा. राकेश कुमार को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, कुशीनगर का प्रधानाचार्य बनाया गया है।

आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, पैथालाजी, हेरीटेज इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेस, वाराणसी (अराजकीय) में तैनात डा. धनंजय श्रीकान्त कोटास्थानें को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, गोण्डा का प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया है। वहीं आचार्य, कम्यूनिटी मेडिसिन, आर्मी कालेज ऑफ मेडिकल सांइसेज, दिल्ली कैन्ट, दिल्ली में तैनात डा. कर्नल रजत श्रीवास्तव को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, पीलीभीत का प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया है।आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, फिजियोलाजी, स्कूल ऑफ मेडिकल सांइसेज एण्ड रिसर्च, शारदा विश्वविद्यालय, नोएडा (अराजकीय) में तैनात डा. मनीषा जिन्दल को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बुलंदशहर का प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया है। आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, आब्स एण्ड गायनी, एलएलआरएम मेडिकल कालेज, मेरठ की डा. उर्मिला कार्या को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बिजनौर का प्रधानाचार्य बनाया गया है। वहीं आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, एसपीएम, डा. बीएसए मेडिकल कालेज, रोहिणी, दिल्ली में तैनात डा. शैलेश कुमार गोयल को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, लखीमपुर खीरी में प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया है।

आचार्य, पैथालाजी, एलएमबी मेडिकल कालेज झांसी, राजकीय मेडिकल कॉलेज में कार्यवाहक प्रधानाचार्य के पद पर तैनात डा. द्विजेन्द्र नाथ को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, ललितपुर का प्रधानाचार्य बनाया गया है। आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, फामाकोलोजी, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, प्रतापगढ/कार्यवाहक प्रधानाचार्य 'स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, प्रतापगढ़ में तैनात डा. शैलेश कुमार गोयल को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, सुल्तानपुर का प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया है। वहीं आचार्य, कम्यूनिटी मेडिसिन, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बस्ती में तैनात डा. सुरेश कुमार सिंह को सोनभद्र मेडिकल कॉलेज का प्रधानाचार्य बनाया गया है।

समाधान यात्रा : नीतीश कुमार ने नवनिर्मित कर्पूरी छात्रावास का किया उद्घाटन

ये यात्रा बिहार के गुणवत्तापूर्ण विकास में मील का पत्थर साबित होगी : नीतीश

एजेंसी। नवादा

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को नवादा जिले के सदर प्रखंड के भगवानपुर ग्राम पंचायत के कबीरपुर महादलित टोले में समाधान यात्रा के तहत पहुंचकर घर- घर नल का जल, स्कूलों व आंगनबाड़ी की स्थिति, महा दलितों के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जमीनी की स्थिति सहित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया।

उन्होंने जीर्णोद्धार किए गए तालाब में भी मछली पालन की बात कही। धरोहरों के रूप में संरक्षित किए गए कुएं का जीर्णोद्धार को भी उन्होंने इतिहास को संरक्षित रखने का एक बेहतर तरीका बताएं ।उन्होंने महादलित विकास मिशन के द्वारा किए गए कार्यों का भी निरीक्षण किया। नवादा जिले में उत्पादित जीविका के माध्यम से कई वस्तुओं के लगाए स्टॉल का भी मुख्यमंत्री ने निरीक्षण कर इसकी सराहना की।

नवादा के तहत रेशम उद्योग के माध्यम से बनाए गए रेशमी कपड़े का भी निरीक्षण कर उन्होंने कारीगरों के बेहतर युक्तियों की सराहना की। शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव दीपक कुमार के नेतृत्व में उन्होंने रविवार को भी खोल कर रखे गए स्कूलों का निरीक्षण किया। महादलित विकास मिशन के कार्यों का निरीक्षण वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी दिवेश सेहरा ने कराया। चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच ग्रामीणों को बैरिकेडिंग में रखे जाने के बावजूद ग्रामीणों ने कई विकास के मुद्दों को हंगामा कर उठाया। इसे मुख्यमंत्री ने बेहतर तरीके से कराने की बात कही।

सिसवा ग्राम पंचायत के मुखिया विपिन कुमार सिंह ने कई मुद्दे उठाकर सरकार को ग्रामीण विकास के क्षेत्र में बेहतर ध्यान देने की मांग की। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा घोषित योजनाओं तथा कराए जा रहे विकास कार्यों की जमीनी स्थिति क्या है, इसका क्या समाधान हो सकता है। इन्ही उद्देश्यों को लेकर मैंने समाधान यात्रा शुरू की है। ताकि जो भी ग्रामीण इलाकों में छूटे कार्य हैं। इससे बेहतर क्या हो सकता है, उसका समाधान कराया जा सके। उन्होंने कहा कि समाधान यात्रा बिहार के गुणवता पूर्ण विकास में मील का पत्थर साबित होगी। नवादा के डीएम उदिता सिंह ने मुख्यमंत्री की अगवानी कर विकास कार्यों को दिखाकर उन्हें विकास की विवरण पेश की। अधिकारियों की व्यवस्था से मुख्यमंत्री गदगद दिखे। मुख्यमंत्री नवनिर्मित कपूर्री छात्रावास का भी उद्घाटन किया। उन्होंने जीविका दीदियों के साथ बैठक कर उनके द्वारा किए गए कार्यों का भी अवलोकन करते हुए उन्हें बेहतर करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने नवादा समाहरणालय में पहुंचकर जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ शिक्षा, बाल विकास, जन वितरण, स्वास्थ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को भी आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के साथ सिंचाई मंत्री संजय झा तथा नवादा के प्रभारी मंत्री समीर महासेठ भी उपस्थित थे।

अधिकारियों ने कई जगह जनता को उनकी बात कहने तक नहीं दी। चाक-चौबंद व्यवस्था के दौरान ही खड़े भीड़ को मुख्यमंत्री ने हाथ हिलाकर अभिवादन किया। पत्रकारों द्वारा दो बार ककोलत आकर विकास की घोषणा के बावजूद अब तक विकास नहीं होने के सवालों को मुख्यमंत्री ताल कर आगे बढ़ गए। ककोलत जलप्रपात के विकास की घोषणा की विफलता पर एचपी साधा जैसे स्थानीय लोगों में भी छोभ देखी गई।

गिरिराज ने राहुल गांधी की यात्रा पर कसा तंज, कहा

अभी भी समझ नहीं पाये हैं कि वह करना क्या चाहते हैं

एजेंसी। पटना

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुक अब्दुला की टिप्पणी पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा है कि फारुख अब्दुल्ला को तो अपनी हकीकत मालूम हो गई है। लेकिन, राहुल गांधी को अभी भी समझ नहीं आ रहा है कि वो करना क्या चाहते हैं। गिरिराज सिंह रविवार को पटना में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि फारुक अब्दुला ने राहुल गांधी की तुलना शंकराचार्य से करते हुए कहा था कि सदियों पहले जब सड़क नहीं थी तो शंकराचार्य ऐसी ही यात्रा पर निकले थे। अब उनके बाद राहुल गांधी ऐसे नेता हैं जो इस तरह की यात्रा पर निकले हैं। इसी को लेकर जब भाजपा नेता और केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि फारूक अब्दुल्ला को काफी समय से राजनीति और उम्र का तजुर्बा है। लेकिन राहुल गांधी को अभी समझ नहीं आया है कि वह शंकराचार्य के मठ पर जाएंगे या अपने दादाजी के इलाहाबाद वाले मजार पर। गुजरात दंगों पर बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री पर केंद्र सरकार की ओर से रोक लगाए जाने पर कांग्रेस के विरोध को लेकर गिरिराज सिंह ने कहा कि देश में अब एक नई संस्कृति पैदा हुई है। मोदी को गाली देते- देते लोग अब देश की संस्कृति पर भी सवाल उठाने लगे हैं। अब ये लोग टुकड़े-टुकड़े गैंग को भी गाली दे रहे हैं। वहीं, राजद कोटे के मंत्री के तरफ से सवर्णों को लेकर दिए गए विवादित बयान पर उन्होंने कहा कि वह(आलोक मेहता) जिस राजनितिक दल(राजद) में हैं, उसका इतिहास रहा है वोट के लिए समाज को तोड़ना, तो वो ऐसा काम हमेशा करते रहते हैं। इसमें कोई भी नयी बात नहीं है।

राजनाथ ने सिंगरौली में हितग्राहियों को वितरित किए गए भूखंड के पट्टे

एजेंसी। सिंगरौली

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार दोपहर एक दिवसीय प्रवास पर सिंगरौली पहुंचे। यहां उन्होंने मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना में जिले की पंचायत क्षेत्रों के 25 हजार 412 हितग्राहियों को भूखंड के पट्टे वितरित किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित रहे। राजनाथ सिंह के सिंरगौली पहुंचने पर मुख्यमंत्री मंत्री शिवराज सिंह चौहान, जिले के प्रभारी बृजेंद्र प्रताप सिंह और क्षेत्रीय सांसद रीति पाठक ने उनका स्वागत कर अगवानी की। इसके बाद केन्द्रीय मंत्री गड़हरा में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे, जहां हितग्राहियों को मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना अंतर्गत हितग्राहियों को भूखंड के पट्टे भेंटकर शुभकामनाएं दी। इससे पहले शिवराज ने कहा कि मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना में 25 हजार से अधिक जरूरतमंद लोगों को आवास के लिए एक साथ निःशुल्क भूखण्ड आवंटित करना राज्य सरकार का क्रांतिकारी कदम है। इससे इन परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा और स्वयं के आवास के लिए भूमि का अधिकार मिलने से परिवारों का आत्म-विश्वास भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सिंगरौली से ही रीवा संभाग के चार जिलों के किसानों के खाते में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की राशि भी सिंगल क्लिक से अंतरित की जाएगी। साथ ही सिंगरौली में मेडिकल कॉलेज, माइनिंग इंजीनियरिंग कॉलेज और सीएम राइज स्कूल हिर्रवाह (बैढ़न) एवं चकारिया का शिलान्यास भी होगा।

भाजपा के लिए संजीवनी साबित होंगे विवादास्पद बयान

मनोज पाठक। पटना

सात दलों के महागठबंधन की बिहार में सरकार बनने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज्य में जहां खुद की सरकार बनाने के लिए कठिन परिश्रम कर रही है, वहीं अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में प्रदेश की 40 सीटों में से 36 से अधिक पर जीत दर्ज करने को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। फिलहाल, भाजपा बिना किसी अन्य पार्टी के साथ गठबंधन के आगे बढ़ रही है। ऐसे में भाजपा के हक में जहां परिस्थितियां अनुकूल देखी जा रही हैं, वहीं महागठबंधन के नेता जिस तरह राष्ट्रवाद और हिंदुत्व को उभारने वाली बयानबाजी कर रहे हैं, उससे भाजपा की बांछे भी खिल गई हैं। कहा जा रहा है कि भाजपा के नेता से लेकर कार्यकर्ता तक राज्य के लोगों को यह दिखाने या बताने में सफल नजर आ रहे हैं कि भले ही नीतीश कुमार की सरकार में भाजपा शामिल रही हो, लेकिन नीतीश कुमार के कारण बहुत सारी नीतियों को लागू नहीं कर सकी। ऐसे में एंटी इनकंबेंसी की स्थिति में घाटा भी नीतीश को ही उठाना पड़ेगा। इसमें कोई शक नहीं कि भाजपा हिंदुत्व के मुद्दे को हवा देकर वोटों को अपने साथ जोड़ती रही है। ऐसे में हाल के दिनों में शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर द्वारा एक शिक्षण संस्थान में रामचरितमानस को लेकर अपमानजनक टिप्पणी और जदयू के एमएलसी गुलाम रसूल वालियावी के द्वारा झारखंड में 'शहर को कर्बला बना' देने वाला बयान को लेकर भाजपा के नेता अचानक मुखर हो गए। बिहार की राजनीतिक को नजदीक से समझने वाले राजनीतिक विश्लेषक मणिकांत ठाकुर भी कहते हैं कि यह बेवजह मामलों को उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजद और जदयू के नेताओं के ऐसे बयानों से निश्चित तौर पर भाजपा को लाभ मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जदयू और राजद के नेता भले ही ऐसे बयान मुसलमानों को खुश करने के लिए देकर खुद लाभ उठाने की सोच रहे हों, लेकिन इसका अधिकांश लाभ भाजपा को होगा। उन्होंने कहा कि मुस्लिम तो जदयू और राजद के साथ है ही, ऐसे में ऐसे गड़े मुद्दों को उठाने का कोई मतलब नहीं। इधर, महागठबंधन की सरकार बनने के बाद हुए उपचुनावों के परिणाम पर भी नजर डालें तो उसमे भी लाभ की स्थिति में भाजपा ही रही है। राजनीति के जानकार अजय कुमार भी साफ शब्दों में कहते हैं कि बिहार में इन दिनों हिंदू भावना को लेकर बयानबाजी की जा रही है। भारतीय सेना के ऊपर टिप्पणी की जा रही है। आगामी चुनाव में इसका खामियाजा महागठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों को उठाना पड़ेगा। ठाकुर हालांकि इससे इत्तेफाक नहीं रखते। ठाकुर कहते हैं कि चुनाव में अभी देर है और लोग उस समय तक इन बयानों को याद रख पायेंगे इसमें शक है। वे यह भी कहते हैं कि चुनाव में अगर भाजपा इन बयानों को उभार सकी तो लाभ हो जाएगा। कहा यह भी जा रहा है कि नीतीश कुमार राजनीति के माहिर खिलाड़ी माने जाते हैं। यही कारण है कि उन्होंने शिक्षा मंत्री के बयान को राजद के पाले में डाल दिया है। नीतीश ने यह भी कहा कि किसी भी धर्म में हस्तक्षेप नहीं किया जाना चाहिए।

जुबानी जंग **कमलनाथ की अधिकारियों को चेतावनी, शिवराज का पलटवार**

ये कोई सीनियर नेता बोलता है क्या?

एजेंसी। भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने एक दिन पहले निवाड़ी में अधिकारियों से हिसाब लेने की चेतावनी थी। इस पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पलटवार किया है। उन्होंने रविवार को अपने नियमित पौधरोपण के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि यह उनकी कुंठा बोल रही है। एक कुंठित व्यक्ति ही ऐसी भाषा बोल सकता है- देख लूंगा, निपटा दूंगा, पीस दूंगा। उन्होंने कमलनाथ को बुजुर्ग नेता बताते हुए कहा कि वे भाषा का संयम रखें।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह अपने प्रतिदिन पौधरोपण करने के संकल्प के क्रम में रविवार को राजधानी भोपाल के स्मार्ट उद्यान में पौध लगाने पहुंचे। यहां उन्होंने पौधरोपण करने के बाद कमलनाथ के बयान पर कहा कि मुझे लगता है कि कभी वे खुद को भावी मुख्यमंत्री बताते हैं। कभी भविष्य वक्ता बताते हैं, कभी पंचांग पढ़ने लगते हैं। एक कुंठित व्यक्ति ही ऐसी भाषा बोल सकता है। कमलनाथ जी, आप बुजुर्ग नेता हैं। कम से कम संयम का परिचय दीजिए। गली में खड़ा कोई कार्यकर्ता ऐसी भाषा बोल दे, तो ठीक लगता है, लेकिन मैं देख लूंगा, निपटा दूंगा, ये कोई सीनियर नेता बोलता है क्या?

मुख्यमंत्री चौहान ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस का वचन पत्र ढोंग पत्र है। आजकल कमलनाथ रोज एक ट्वीट कर देते हैं। कर्जा माफ, सबको रोजगार...। उन्होंने अपने वचन पत्र के वादे पूरे नहीं किए और अब ढोंग कर रहे हैं। सपने दिखा रहे हैं। सपनों के लिए कौन-क्या लिख सकता है, लिख दो। करना तो कुछ है नहीं, लेकिन काठ की हांडी एक बार चढ़ती है बार-बार नहीं चढ़ती।

उन्होंने शनिवार को उमा भारती से हुई मुलाकात को लेकर कहा कि उमा जी मेरी बहन हैं। सम्मानित नेता हैं। सामाजिक कार्यकर्ता हैं। उनसे चर्चा और परामर्श निरंतर जारी रहता है। कल मैंने सीहोर में ये ऐलान किया था कि कर्मचारियों का चार प्रतिशत डीए (महंगाई भत्ता) बढ़ाया जाएगा। सीहोर में शिक्षकों ने स्मार्ट क्लास बनाकर शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा काम किया है।

बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने शनिवार को निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर में कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रदेश की शिवराज सरकार निरंतर झूठे वादे कर रही है और इनके पास पुलिस, पैसा और प्रशासन के दबाव में लोगों को परेशान करने में लगे हुए है। उन्होंने अधिकारी कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि कान खोल के सुन लें, आठ माह बाद उनका अच्छा हिसाब लिया जाएगा।

मां सरस्वती की प्रतिमा निर्माण में लगे मूर्तिकार

एजेंसी। भागलपुर

कड़कड़ाती ठंड में लोगों का दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ऐसे समय में आगामी 26 जनवरी को होने वाली सरस्वती पूजा के लिए मूर्तिकारों दिन रात एक कर मां सरस्वती की प्रतिमा निर्माण में लगे हैं। पुष्पराज मूर्ति कला केन्द्र नारायणपुर के कलाकार सुधांशु ने बताया कि मां सरस्वती विद्या की देवी हैं। जिसे खासकर छात्र लोग पूजा करते हैं। जिनकी मांग पर हम वर्षों से मूर्ति बनाते हैं। क्षेत्र में बलाहा, मधुरापुर, नारायणपुर, जेपी कालेज रोड में मूर्तिकार प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। यहां की प्रतिमाएं प्रखंड क्षेत्र के अलावे बिहपुर, कटरिया, पसराहा, गोगरी, पैंकांत, रंगरा, भरत खंड आदि जगह के लोग ले जाते हैं। कलाकार सुधांशु बताते हैं कि हमें अगर सरकारी सहयोग मिले तो हम अपनी कला को और अधिक निखारते हुए ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को मूर्ति निर्माण कला का प्रशिक्षण दे सकते हैं। जिससे कला सम्वर्धन के साथ साथ स्वरोजगार का भी सृजन होगा। उल्लेखनीय है कि सुधांशु कुमार मूर्ति निर्माण कला के क्षेत्र में काफी प्रसिद्ध हो चुके हैं। उन्होंने किसी भी तरह की कच्ची पक्की मूर्ति निर्माण में महारथ हासिल कर ली है।

NEWS इन ब्रीफ

सानिया मिर्जा दूसरे दौर से बाहर

मेलबर्न। भारत की सानिया मिर्जा और उनकी कजाख जोड़ीदार अन्ना दानीलिना का ऑस्ट्रेलियन ओपन में अभियान रविवार को महिला युगल में दूसरे दौर की हार के साथ समाप्त हो गया। सानिया और दानीलिना को एलिसन वान युतवान्क और अनहेलिना कलिनीना की यूक्रेन-बेल्जियन जोड़ी के हाथों 4-6, 6-4, 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय स्टार अपना आखिरी ग्रैंड स्लैम खेल रही हैं और मिश्रित युगल में हमवतन रोहन बोपन्ना के साथ मौजूद हैं।

सूर्यकुमार, बटलर जैसे खिलाड़ी शॉट खेलने से नहीं डरते : बॉन्ड

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज शेन बॉन्ड का मानना है कि एक खिलाड़ी के रूप में उनके संन्यास और कोचिंग क्षेत्र में प्रवेश के बाद से खेल इतना उन्नत हो गया है कि भारत के सूर्यकुमार यादव और इंग्लैंड के जोस बटलर अपनी 360 डिग्री की शैली के माध्यम से स्टेडियम में हर जगह स्कोर करने और अपने अलग-अलग शॉट खेलने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा : सूर्यकुमार, बटलर जैसे खिलाड़ी हर जगह स्कोर करने और शॉट खेलने से डरते नहीं हैं।

ऑस्ट्रेलिया के टी-20 मैच के कार्यक्रम की आलोचना

नई दिल्ली। हरफनमौला एश्ले गार्डनर ने 26 जनवरी को पाकिस्तान के खिलाफ आस्ट्रेलिया की महिलाओं के दूसरे टी-20 मैच को शेड्यूल करने के लिए क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) की आलोचना की है, जिसमें कहा गया है कि यह स्वदेशी समुदाय के लिए एक असहज स्थिति है। एश्ले ने कहा कि 26 जनवरी को होबार्ट में पाकिस्तान के खिलाफ दूसरा टी-20 मैच खेलना टीम के लिए उचित नहीं था, जिसे आस्ट्रेलिया दिवस के रूप में भी जाना जाता है।

जीत की लय बरकरार रखने उतरेंगी भारतीय महिलाएं

लंदन। भारतीय महिला टीम सोमवार रात ईस्ट लंदन के बफेलो पार्क स्टेडियम में महिला टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला के तीसरे मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत की लय को जारी रखने का लक्ष्य रखेगी। पूजा वस्त्रकर, रेणुका ठाकुर और शिखा पांडे के अलावा बीमार रहीं कप्तान हरमनप्रीत कौर की सेवाओं से बाहर रहने के बावजूद, भारत त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच में मेजबान दक्षिण अफ्रीका पर 27 रन से जीत हासिल करने में सफल रहा।

जॉबर्ग ने आखिरी गेंद पर दर्ज की जीत

नई दिल्ली। एसए-20 में एक बार फिर रोमांचक मैच देखा गया, जब जॉबर्ग सुपर किंग्स सेंट जॉर्ज पार्क में सनराइजर्स ईस्टर्न केप के खिलाफ आखिरी गेंद पर जीत के साथ तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंच गए। यह घरेलू टीम थी, जिसने लगातार तीन जीत के साथ इस मुकाबले में प्रवेश किया, लेकिन इसके बजाय यह सुपर किंग्स था जो आखिरकार फॉर्म में आ गया।

आईसीसी महिला अंडर-19 वर्ल्ड कप

सुपर सिक्स मुकाबले में भारत की खराब शुरुआत

ग्रुप-1 में ऑस्ट्रेलिया के हाथों भारत को शिकस्त का करना पड़ा सामना

एजेंसी। बेनोनी/दक्षिण अफ्रीका

दक्षिण अफ्रीका में शनिवार से आईसीसी महिला अंडर-19 वर्ल्ड कप के सुपर सिक्स मुकाबले शुरू हुए। इस मुकाबले में भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। ग्रुप-1 में ऑस्ट्रेलिया के हाथों भारत को सात विकेट की करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी का आमंत्रण स्वीकार किया और पूरी टीम 18.5 ओवर में केवल 87 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 13.5 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया।

ऑस्ट्रेलिया की सियाना जिंजर ने 13 रन देकर सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए, लेकिन 12 रन देकर शुरुआत में दो अहम विकेट लेने वालीं मिली इलिंगवर्थ को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उल्लेखनीय है कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी महिला अंडर-19 वर्ल्ड कप के सुपर सिक्स राउंड में धमाकेदार एंट्री की थी। शेफाली वर्मा के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने ग्रुप चरण के अपने सभी मुकाबले जीतकर सुपर सिक्स राउंड में प्रवेश किया।

भारत-न्यूजीलैंड के बीच तीसरा वनडे कल, इंदौर पहुंचीं दोनों टीमें

एजेंसी। इंदौर

भारत-न्यूजीलैंड के बीच चल रही तीन मैचों की एक दिवसीय श्रृंखला का तीसरा एवं अंतिम मैच मंगलवार, 24 जनवरी को इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच के लिए भारत और न्यूजीलैंड की टीमें विमान से इंदौर पहुंच गई हैं। दोनों टीमों के सदस्यों केलिए सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है। तीसरे एक दिवसीय मैच के लिए नगर में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

रविवार दोपहर पौने दो बजे दोनों टीमें विमान से इंदौर एयरपोर्ट पहुंचीं और यहां से विशेष बसों के माध्यम से दोनों टीमों को उनके होटलों तक पहुंचाया गया है। भारतीय टीम को रेडिसन होटल और न्यूजीलैंड की टीम होटल मेरियट में ठहराया गया है। एयरपोर्ट पर खिलाड़ियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक पहुंचे थे, लेकिन कड़ी सुरक्षा के बीच खिलाड़ियों की बस सीधे होटल में चली गई, जिससे प्रशंसक निराश नजर आए। इसके बाद खिलाड़ियों को देखने के लिए लोग होटलों के बाहर जमा हो गए। होटलों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात किया गया।

बताया गया है कि कुछ खिलाड़ी शाम को यहां अभ्यास कर सकते हैं, जबकि टीमों का ऑफिशियल प्रैक्टिस सेशन सोमवार, 23 जनवरी को होगा। प्रैक्टिस के लिए गेल पवेलियन की ओर तीन-तीन प्रैक्टिस विकेट तैयार किए जाएंगे। भारतीय क्रिकेट टीम ने पहले दोनों एक दिवसीय मुकाबले जीतकर श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। इससे भारतीय टीम के हौसले बुलंद हैं, जबकि न्यूजीलैंड की टीम श्रृंखला में क्लीन स्वीप पर बचने का प्रयास करेगी।

एमपीसीए ने पूरे इलाके में सीसीटीवी का किया प्रबंध

उन्होंने बताया कि एमपीसीए ने सुरक्षा की दृष्टि से कई चीजों पर प्रतिबंध लगाया है, इसलिए दर्शक ऐसी चीजें ले जाने से बचें। साथ ही एमपीसीए ने पूरे इलाके में सीसीटीवी का प्रबंध किया है। पुलिस के घुड़सवार पुलिसकर्मी भी यहां सुरक्षा व्यवस्था में रहेंगे। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों सहित अग्निशमन यंत्र भी रहेंगे।

मैच को लेकर इंदौर पुलिस की तैयारियां जोरों पर

मैच को लेकर इंदौर पुलिस की तैयारियां भी जोरों पर हैं। मैच के दौरान दर्शकों को भटकना नहीं पड़े, इसके लिए एक हेल्पडेस्क बनाई जा रही है। मैच को लेकर पुलिस ने नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, रेवेन्यू विभाग, एमपीसीए सहित कई अन्य विभागों के साथ कोऑर्डिनेट कर लिया है। पुलिस अधिकारी स्टेडियम का निरीक्षण भी कर चुके हैं। इस निरीक्षण में देखा जा चुका है कि पार्किंग की व्यवस्था कहां रहेगी और पुलिस की बैरिकेडिंग कहां कहां रहेगी। इस संबंध में डीसीपी धर्मेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि देखने में आया है कि दर्शक को गेट की जानकारी नहीं होने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। वे कई बार एंट्री के लिए यहां वहां परेशान होते हैं। दर्शकों को संशय न हो, इसके लिए नई व्यवस्था के तहत पार्किंग में ही नए तरह का प्लान लगाया जाएगा, ताकि लोगों को पहले ही पता चल जाए कि उन्हें कहां से एंट्री लेना है।

डब्ल्यूएफआई की आम सभा रद्द

एजेंसी। नयी दिल्ली

केंद्रीय खेल मंत्रालय के भारतीय कुश्ती महासंघ की सभी मौजूदा गतिविधियों को निलंबित कर देने और उसकी रोजाना की कार्यशैली को देखने के लिए एक ओवरसाइट समिति नियुक्त कर देने के बाद महासंघ की रविवार को अयोध्या में होनेवाली आम सभा रद्द कर दी गयी है। समिति डब्ल्यूएफआई के प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ लगे यौन शोषण और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करेगी। जांच पूरी होने तक बृज भूषण अपने पद से अलग रहेंगे। मंत्रालय ने एक बयान में कहा : खेल मंत्रालय ने शनिवार को भारतीय कुश्ती महासंघ को बता दिया है कि सरकार के विभिन्न आरोपों की जांच के लिए ओवरसाइट समिति नियुक्त करने के फैसले के मद्देनजर डब्ल्यूएफआई अपनी सभी मौजूदा गतिविधियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करेगी जब तक ओवरसाइट समिति औपचारिक रूप से नियुक्त नहीं कर दी जाती और डब्ल्यूएफआई का रोजाना का कामकाज संभाल नहीं लेती। बयान में कहा गया है : खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई से उत्तर प्रदेश के गोंडा में मौजूदा रैंकिंग टूर्नामेंट को रद्द करने के लिए भी कहा है।

शुभमन गिल में पर्याप्त क्षमता है : रमीज राजा

एजेंसी। नई दिल्ली

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष रमीज राजा ने इस साल वनडे में अपने प्रदर्शन के लिए भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनमें सफल होने की पर्याप्त क्षमता है और यहां तक कि वह अपने सलामी जोड़ीदार भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की तरह ही दिखते हैं। रमीज ने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो में कहा : शुभमन गिल मिनी-रोहित शर्मा की तरह दिखते हैं। उनके पास अतिरिक्त समय है और शानदार बल्लेबाजी करते हैं। उनके पास पर्याप्त क्षमता है। उनमें समय के साथ आक्रामकता भी विकसित होगी। उन्हें कुछ भी बदलने की जरूरत नहीं है। उन्होंने हाल ही में दोहरा शतक बनाया है। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर राजा ने कहा : रायपुर में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के 109 रन के सफल पीछा में गिल 40 रन बनाकर नाबाद थे, जबकि रोहित ने सबसे ज्यादा 51 रन बनाए। भारत के लिए बल्लेबाजी आसान थी, क्योंकि उनके पास रोहित शर्मा जैसा शानदार बल्लेबाज है। वह हुक-एंड-पुल शॉट्स के एक अद्भुत खिलाड़ी हैं, इसलिए 108 रन का पीछा करना आसान हो गया।

शनिवार को शमी की अगुआई में भारत के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को 108 रन पर ऑलआउट कर मेजबान टीम की एक और सीरीज जीत का आधार तैयार किया। शमी (3/18) और सिराज ने सीम मूवमेंट से न्यूजीलैंड के शीर्ष और मध्य क्रम को उखाड़ कर 15/5 तक कर दिया।

हालांकि, ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल और मिशेल सेंटनर ने कुछ अच्छी पारियां खेलीं, लेकिन वे अपनी टीम को परेशानी से उबारने में असमर्थ रहे और हार्दिक पांड्या, शार्दुल ठाकुर, वाशिंगटन सुंदर और कुलदीप यादव ने दबाव बनाए रखा। राजा ने कहा : भारत ने न्यूजीलैंड को उनके ही खेल में हराया। यह उनका शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन था। उनकी लेंथ बॉलिंग, सीम पोजिशन बहुत अच्छी थी। भारतीय गेंदबाजों के पास बहुत अधिक गति नहीं थी, लेकिन एक स्थान पर गेंदबाजी करने की उनकी क्षमता ने उन्हें सबसे अलग कर दिया। रमीज ने यह भी बताया कि कैसे भारत घर पर हावी रहा और कहा कि अगर पाकिस्तान एक बेहतर क्रिकेट टीम बनना चाहता है, तो उन्हें अपने पड़ोसियों से सीखने की जरूरत है कि कैसे घर में एक मजबूत ताकत बनते हैं।

ऑस्ट्रेलियन ओपन : गॉफ को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची ओस्तापेंको

एजेंसी। मेलबर्न

17वीं सीड जेलेना ओस्तापेंको ने सातवीं सीड अमेरिका की कोको गॉफ पर रविवार को 7-5, 6-3 की सनसनीखेज जीत दर्ज करते हुए वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन के महिला एकल के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दौर में खेल रही ओस्तापेंको ने मार्गरेट कोर्ट एरेना में 93 मिनट में यह मुकाबला जीतकर गॉफ के खिलाफ अपना करियर रिकॉर्ड 1-1 कर लिया है। ओस्तापेंको 2018 के बाद से पहली बार ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं। लातवियाई खिलाड़ी का सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए मौजूदा विम्बलडन चैंपियन एलेना रिबाकिना से मुकाबला होगा जो चौथे दौर में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी पोलैंड की ईगा स्वीयाटेक को डेढ़ घंटे में 6-4, 6-4 से हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंची हैं। ओस्तापेंको का रिबाकिना के खिलाफ 2-0 का करियर रिकॉर्ड है।

रिबाकिना ने नंबर एक स्वीयाटेक को दी मात

मेलबर्न। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी पोलैंड की ईगा स्वीयाटेक को मौजूदा विम्बलडन चैंपियन एलेना रिबाकिना से लगातार सेटों में हारकर वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर हो जाना पड़ा। 23 वर्षीय ओस्तापेंको ने 2022 की विजेता स्वीयाटेक को 6-4 6-4 से शिकस्त दी। रिबाकिना ने अपना छठा एस लगाते हुए पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। 22वीं सीड अब चार मेजर में से तीन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुकी हैं। उन्होंने पहली बार ऐसा सेरेना विलियम्स को 2021 में फ्रेंच ओपन में हराकर किया था। उनका सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन जेलेना ओस्तापेंको से मुकाबला होगा।

रणजी ट्रॉफी खेलें प्रमुख खिलाड़ी : वसीम जाफर

नई दिल्ली। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वसीम जाफर का मानना है कि आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को ध्यान में रखते हुए टीम के प्रमुख खिलाड़ियों को मंगलवार को इंदौर के होल्कर स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी वनडे में खेलने के बजाय रणजी ट्रॉफी के अगले दौर के मैच में खेलना चाहिए। भारत के पास न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त है, जो मंगलवार के मैच को सामान्य मुकाबला बनाता है। संयोग से उसी दिन रणजी ट्रॉफी में लीग मैचों का फाइनल दौर शुरू होगा। जबकि विराट कोहली और केएल राहुल ने आखिरी बार बांग्लादेश के खिलाफ दिसम्बर 2022 में एक टेस्ट मैच खेला था, रोहित शर्मा को आखिरी बार मार्च 2022 में बेंगलुरु में श्रीलंका के खिलाफ लाल गेंद के प्रारूप में खेलते हुए देखा गया था। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज से पहले चेतेश्वर पुजारा और जयदेव उनादकट जैसे खिलाड़ी सौराष्ट्र के लिए रणजी ट्रॉफी में खेल रहे हैं।

शमी और सिराज ने हमें आसान स्कोरिंग विकल्प नहीं दिए : टॉम

न्यूजीलैंड के कप्तान ने भारतीय तेज गेंदबाजों की जमकर की तारीफ

एजेंसी। रायपुर

न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लाथम ने भारतीय तेज गेंदबाजों शमी और सिराज की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने कीवी बल्लेबाजों को स्कोरिंग करने के आसान मौके नहीं दिए।

लाथम ने मैच के बाद कहा : हमारी बल्लेबाजी अच्छी नहीं रही। भारत ने लंबे समय तक सही टप्पे पर गेंदबाजी की। यह वैसा दिन था जब कुछ भी हमारे पक्ष में नहीं गया। पिच पर टेनिस बॉल वाला उछाल था और गेंदबाजों के लिए मदद थी। दुर्भाग्य से हम शुरूआत में साझेदारी नहीं बना पाए। उन्होंने कहा कि जब आप कम स्कोर पर पांच विकेट गंवा देते हैं तब रन बनाना आसान नहीं होता है। हर मैच में आप अच्छा करना चाहते हैं। पिछले मैच और आज की पिच में बहुत अंतर था। हम अगले मैच में अच्छा करना चाहेंगे। भारतीय गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड का स्कोर 11 ओवर में 15/5 कर दिया था। शमी ने छह ओवर में मात्र 18 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि सिराज ने एक विकेट निकाला।

लाथम ने कहा : उन्होंने बेहतरीन गेंदबाजी की। उनकी लाइन लैंग्थ सटीक थी। उन्होंने हमें स्कोरिंग के आसान विकल्प नहीं दिए। 11वें ओवर तक आधी टीम गंवा देने के बाद वापसी करना बहुत मुश्किल था। लगातार पराजयों के बाद न्यूजीलैंड अपनी नंबर एक रैंकिंग गंवा चुका है। इंग्लैंड अब नंबर एक टीम बन गयी है। भारत इंदौर में सीरीज को क्लीन स्वीप करने उतरेगा। ऐसा करने पर वह वनडे रैंकिंग में नंबर एक टीम बन जाएगा।

अंडर-17 एशिया कप राष्ट्रीय टीम की मेजबानी करने के लिए मैदान तैयार

भारत की तैयारी के लिए उज्बेकिस्तान से मैत्री मैच

एजेंसी। नई दिल्ली

पिछले कुछ वर्षों में आईएसएल और आई-लीग के ढेर सारे मैचों की मेजबानी करने के बाद, तिलक मैदान अब भारत की अंडर-17 पुरुषों की राष्ट्रीय टीम की मेजबानी करने के लिए तैयार है, जो रविवार और मंगलवार को दो मैत्री मैचों में उज्बेकिस्तान अंडर-17 का सामना करेगी। बिबियानो फर्नांडीस द्वारा प्रशिक्षित, ब्लू कोल्ट्स ने अक्टूबर 2022 में सऊदी अरब में आयोजित क्वालिफिकेशन राउंड में ग्रुप डी उपविजेता के रूप में एएफसी अंडर-17 एशिया कप के लिए अपनी जगह बनाई। टीम ने नवम्बर में गोवा में राष्ट्रीय कैंप को फिर से शुरू किया।

इस महीने की शुरुआत में संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा की, जहां उन्होंने मेजबान अंडर-20 टीम के खिलाफ एक मैत्री मैच खेला, जिसमें 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा : यूएई का दौरा छोटा था लेकिन बेहद महत्वपूर्ण था। कठिन विरोधियों के खिलाफ हमारे स्तर की जांच करने के लिए यह यूएई अंडर-20 के खिलाफ एक अच्छी परीक्षा थी। और परिणाम के बावजूद, मैं लड़कों के प्रदर्शन से बेहद खुश हूं। हमने कई स्पष्ट कटौती की। अगर फिनिशिंग बेहतर होती तो मैच जीत भी सकते थे। मुझे यकीन है कि इस तरह के और मैचों से लड़कों का आत्मविश्वास बढ़ेगा। एएफसी अंडर-17 एशिया कप के लिए क्वालीफाई करनेवाली 16 टीमों में से एक के रूप में, उज्बेकिस्तान ब्लू कोल्ट्स के लिए मूल्यवान मैच अभ्यास प्रदान करने के लिए निश्चित है। वर्ष 2022 जामोलिद्दीन रखमतुल्लाएव की टीम के लिए एक उल्लेखनीय वर्ष था, क्योंकि उन्होंने ब्रुनेई दारुस्सलाम को 14-0 से हराकर एएफसी अंडर-17 एशिया कप के लिए क्वालीफाई किया, इसके बाद हैवीवेट कोरिया गणराज्य पर 3-2 की रोमांचक जीत दर्ज की।

फर्नांडीस ने कहा : हमने जो देखा है, उससे उज्बेकिस्तान एक बहुत अच्छी टीम है। वे तेज और शारीरिक रूप से बहुत प्रभावशाली हैं। यह एक अच्छा मुकाबला होगा और यह जांचने का एक अच्छा अवसर होगा कि हम इस समय कहां खड़े हैं। उन्होंने आगे कहा : एएफसी अंडर-17 एशियन कप में हमारी तैयारी के लिए इस तरह के अंतरराष्ट्रीय मैच बेहद महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे हमें उसी तरह की चुनौतियां देते हैं जिसकी हम फाइनल टूर्नामेंट में उम्मीद कर सकते हैं।

NEWS इन ब्रीफ

साउथ इंडियन बैंक दे रहा है एफडी पर जोरदार ब्याज

नई दिल्ली। साउथ इंडियन बैंक ने 2 करोड़ रुपये से कम की फिक्स्ड डिपॉजिट पर मिलने वाले ब्याज में इजाफा किया है। प्राइवेट सेक्टर के इस बैंक ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर कहा है कि 20 जनवरी 2023 से एफडी पर नई ब्याज दरें लागू हो चुकी हैं। बैंक सात दिनों से लेकर 10 साल तक में मेच्योर होने वाली फिक्स्ड डिपॉजिट पर ब्याज ऑफर कर रहा है। अगर इस अवधि के लिए कोई आम नागरिक एफडी करता है, तो उसे 2.65 फीसदी से लेकर 6.00 फीसदी तक का ब्याज मिलेगा।

सोने की कीमतों में उछाल, 56 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम

नई दिल्ली। इस सप्ताह भी सोने की कीमतों में तेजी दर्ज की गई। गोल्ड के भाव लगातार बढ़ रहे हैं। इस हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार, 20 जनवरी को सोना 56,990 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। वहीं, पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन 13 जनवरी को गोल्ड का भाव 56,254 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था। सोने की कीमतें लगातार नई ऊंचाई को छू रही हैं। पूरे सप्ताह सोने की कीमतें 56 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के ऊपर ही रहीं। आबीजेए रेट्स के अनुसार, इस सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सोने की कीमतें 56,814 रुपये प्रति 10 ग्राम पर क्लोज हुई थीं। मंगलवार को कीमतें बढ़कर 56,825 रुपये पर पहुंच गईं।

सिर्फ 1,705 रुपये में लें हवाई सफर का मजा

नई दिल्ली। क्या आप इस साल देश में कहीं घूमने का प्लान कर रहे हैं और सस्ते में हवाई टिकट चाहते हैं? क्या आप पहली बार हवाई यात्रा का आनंद लेना चाहते हैं, लेकिन टिकट महंगा होने से नहीं कर पा रहे? आपके लिए एक बढ़िया मौका है। एयर इंडिया रिपब्लिक डे सेल लेकर आया है। इस सेल में घरेलू हवाई यात्रा के टिकटों पर भारी डिस्काउंट ऑफर हो रहा है। एयर इंडिया की इस सेल का नाम फ्लाई ए आई है। इस सेल में आप सिर्फ 1,705 रुपये में भी हवाई टिकट खरीद सकते हैं।

इनकम टैक्स बचाने के लिए 31 मार्च से पहले टैक्स सेविंग इन्वेस्टमेंट जरूर करा लें

नई दिल्ली। अगर आपने अब तक फाइनेंशियल ईयर 2022-23 के लिए टैक्स सेविंग इन्वेस्टमेंट नहीं किया है तो 31 मार्च से पहले कुछ काम जरूर कर लें। जब इनकम बढ़ती है तो टैक्स का डर सताने लगता है। इनकम पर सरकार टैक्स लगाती है जो तय सीमा से ज्यादा आमदनी होने पर देना होता है। लेकिन इनकम टैक्स ऐक्ट में यह प्रावधान भी है कि हम कुछ स्कीम में पूंजी को निवेश करके टैक्स में कुछ छूट पा सकते हैं। इससे हमें थोड़ी-सी राहत मिल जाती है। इन्हें टैक्स सेविंग स्कीम कहा जाता है। यह निवेश कुछ अप्रूव्ड स्कीम्स पर ही हो सकता है।

अब डिफेंस के क्षेत्र में कूदे एशिया के सबसे धनी गौतम अडानी

अडानी की आर्मको जेएससी के साथ बड़ी डील

एजेंसी। नई दिल्ली

एशिया के सबसे अमीर अरबपति गौतम अडानी एक और सेक्टर में कदम रखने जा रहे हैं। अडानी इंटरप्राइजेज ने डिफेंस बिजनेस में हाथ आजमाने के लिए बुलगेरियन आर्मको जेएससी के साथ संयुक्त उद्यम की एक डील की है। अडानी ग्रुप ने कहा गया कि सब्सिडरी कंपनी आज्ञेय सिस्टम्स लिमिटेड (एएसएल) ने अर्माको जेएससी के साथ 56:44 के रेशियो में डील की है। अडानी ग्रुप ने कहा कि जहां एएसएल के पास 56 प्रतिशत हिस्सेदारी है, वहीं अमार्को जेएससी के पास शेष 44 प्रतिशत हिस्सेदारी है। रेगुलेटरिंग फाइलिंग में अडानी इंटरप्राइजेज ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत मिशन के तहत कंपनी भारतीय सेनाओं के लिए कई तरह के उत्पादी और पार्ट तैयार करेगी और देश को आत्मनिर्भर मिशन की ओर बढ़ाएगी। कंपनी की ओर से शेयर किए गए डाक्यूमेंट के मुताबिक, अडानी इंटरप्राइजेज ने इसमें 5600 इक्विटी शेयर 10 रुपये प्रति शेयर पर खरीदे हैं। कारोबार संयुक्त उद्यम में संचालित किया जाएगा। एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, कंपनी गुजरात में रजिस्टर्ड है और अहमदाबाद में इसका कारोबार है। अब ये कंपनी अडानी ग्रुप के साथ मिलकर कारोबार करेगी। दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति गौतम अडानी के स्वामित्व वाली अडानी इंटरप्राइजेज इस महीने के अंत में फॉलो-ऑन ऑफर के जरिए 2.5 अरब डॉलर जुटाने के लिए तैयार है। हालांकि इसके अभी तक तारीख सामने नहीं आई है, लेकिन उम्मीद की जा रही है कि यह एफपीओ बजट से पहले आ सकता है। ये देश का सबसे बड़ा एफपीओ होगा। डिफेंस सेक्टर में गौतम अडानी से पहले कई ग्रुप एंट्री ले चुका है, जिसमें टाटा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारत फोर्ज और अन्य जैसी कंपनियों में इस सेक्टर में कदम रखा है।

5 कंपनियों के 6 आईपीओ लॉन्च कर सकता है अडानी ग्रुप

अडानी ग्रुप कम से कम पांच कंपनियों के आईपीओ लॉन्च कर सकता है। गौतम अडानी साल 2026 और 2028 के बीच कम से कम पांच कंपनियों में जनता को शेयर बेचने की योजना बना रहे हैं। इससे अडानी ग्रुप को कर्ज कम करने और इन्वेस्टर बेस को बड़ा करने में मदद मिलेगी। अडानी ग्रुप के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर जुगशिंदर सिंह ने एक इंटरव्यू में कहा, 'अगले तीन से पांच साल में कम से कम 5 यूनिट्स मार्केट में जाने को तैयार होंगी।' उन्होंने कहा कि अडानी ग्रुप इंडस्ट्रीज, अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स, अडानी रोड ट्रांसपोर्ट, अडानी कॉनेक्स के साथ ही ग्रुप की मेटल और माइनिंग यूनिट अलग इकाइयां बनेंगी। श्री सिंह ने कहा कि एयरपोर्ट ऑपरेटर जैसे बिजनसेज ऐसे कंज्यूमर प्लेटफॉर्म्स हैं जो करीब 300 मिलियन ग्राहकों को सेवाएं दे रहे हैं। इन्हें स्वयं को खुद से ऑपरेट करने और आगे की ग्रोथ के लिए खुद से कैपिटल रिक्वायरमेंट मैनेज करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि औपचारिक डिमर्जर से पहले इन बिजनसेज को यह दिखाना होगा कि वे स्वतंत्र निष्पादन, संचालन और पूंजी प्रबंधन के बुनियादी परीक्षणों को पास कर सकते हैं। सिंह ने कहा, 'पांच यूनिट्स में पहले से ही स्केल काफी अच्छी है।

अब स्मॉल कैप कंपनी के शेयरों होगा बंटवारा

एजेंसी। नई दिल्ली

शेयर बाजार में किसी अच्छे स्टॉक पर पोजीशन लेने वाले निवेशकों को समय-समय पर डिविडेंड, बोनस, स्टॉक स्प्लिट आदि का फायदा मिलता रहता है। अपोलो माइक्रो सिस्टम्स लिमिटेड उन्हीं कंपनियों की लिस्ट में शामिल है। पिछले कुछ महीनों के दौरान इस स्मॉल कैप कंपनी ने निवेशकों को ताबड़तोड़ रिटर्न दिया है। बता दें, अपलो माइक्रो सिस्टम लि. के शेयरों का बंटवारा 10 हिस्सों में होने जा रहा है। अपलो माइक्रो सिस्टम लि. के बोर्ड की तरफ से दी गई जानकारी में कहा गया है कि 21 जनवरी 2023, दिन शनिवार को बोर्ड की मीटिंग में स्टॉक स्प्लिट की मंजूरी दी गई थी। यानी आने वाले समय में कंपनी के 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले शेयरों का बंटवारा 10 हिस्सों में हो जाएगा। जिसके बाद कंपनी के एक शेयर की फेस वैल्यू घटकर 1 रुपये हो जाएगी। बता दें, अभी कंपनी की तरफ से इस स्टॉक स्प्लिट के लिए रिकॉर्ड डेट का ऐलान नहीं किया गया है। शुक्रवार को कंपनी के शेयर 52 वीक हाई 368 रुपये के लेवल पर पहुंच गए थे। हालांकि, इसके बाद कंपनी के शेयरों में गिरावट देखने को मिली और एक शेयर का भाव लुढ़ककर 360 रुपये के लेवल पर आकर बंद हुआ। बीते एक महीने की बात करें तो अपलो माइक्रो सिस्टम लि. के शेयरों का भाव 40 प्रतिशत के करीब बढ़ गया है।

तिलहन की कीमतों में गिरावट बरकरार

एजेंसी। नयी दिल्ली

आयातित खाद्य तेलों के दाम टूटकर लगभग आधे रह जाने के कारण दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह लगभग सभी खाद्य तेल-तिलहन में चौतरफा गिरावट देखने को मिली। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि सस्ते आयातित तेलों से देश का बाजार अटा पड़ा है और अगर यही दशा बनी रही तो देश में हाल की पैदावार वाले सोयाबीन और आगामी सरसों की फसल किसी भी तरह खप नहीं पाएगी। यह स्थिति देश के तेल-तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने प्रयासों के प्रतिकूल है। सूत्रों ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में जो कोटा प्रणाली के तहत शुल्क-मुक्त आयात के आर्डर दिए गए हैं, उस सूरजमुखी और सोयाबीन तेल के भाव घटकर 100 रुपये प्रति लीटर (प्रसंस्करण के बाद थोक भाव) के आसपास रह गये हैं। सूरजमुखी और सोयाबीन तेल के भाव में बहुत मामूली सा अंतर है। छह महीने पहले जिस सूरजमुखी तेल का भाव 200 रुपये प्रति लीटर के आसपास था वह पिछले दो-चार दिन में घटकर 100 रुपये प्रति लीटर के आसपास रह गया है। सूत्रों ने कहा कि सरसों में लगभग 40-42 प्रतिशत तेल निकलता है और सस्ते आयातित तेलों से बाजार पटा रहा तो इस बार सरसों के लगभग 125 लाख टन की संभावित पैदावार की खपत कहां हो पाएगी। यह एक विडंबना है कि जो देश खाद्य तेलों की अपनी जरूरत के लिए 60 प्रतिशत आयात पर निर्भर हो, वहां देशी तेल-तिलहनों के स्टॉक बाजार में खपे नहीं। दूसरी ओर तेल कीमतें सस्ती होने पर खल कीमतें महंगी हो जाती हैं क्योंकि तेल कारोबारी तेल के घाटे को पूरा करने के लिए खल के दाम को बढ़ाकर पूरा करते हैं। खल, डीआयल्ड केक (डीओसी) के महंगा होने से पशु आहार महंगे होगा और दूध, दुग्ध उत्पादों के दाम बढ़ेंगे और अंडे, चिकन महंगे होंगे।

एक हफ्ते में 5 फीसद बढ़ गए सरिया के दाम

नई दिल्ली। अगर आप 2023 में घर बनाने की योजना बना रहे हैं, तो इस खबर से आपको बड़ा झटका लग सकता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि घर बनाने में इस्तेमाल होने वाले सबसे अहम चीजों में से एक सरिया की कीमत में इजाफा देखने को मिला है। लगभग देश के हर भाग में कीमत में बढ़ोतरी देखने मिली है। ये तेजी लगभग एक हफ्ते में आई है। नए साल की शुरूआत से ही इस बात की पहले से ही आशंका जताई जा रही थी कि जनवरी में ही सरिया की कीमतों में उछाल आ सकता है। ऐसा होने से आपके घर बनाने की लागत में इजाफा होगा। शहर दर शहर सरिया के दामों में बढ़ोतरी हुई है, जो कि 500 रुपये से 1000 रुपये के बीच है। सरिया की कीमतों में रोज बदलाव आता है।

बजट में बढ़ेगी होम लोन पर छूट निर्मला का पिटारा करेगा चमत्कार

एजेंसी। नई दिल्ली

बजट को लेकर ना सिर्फ होम बायर्स, बल्कि पूरे रियल एस्टेट सेक्टर को काफी उम्मीदें हैं। इसका फायदा इकोनॉमी को भी होगा। चलिए देखते हैं कि क्या डिमांड है बजट से घर खरीदारों और डेवलपर्स सभी की।

इन दिनों घर खरीदारों के लिए सबसे बड़ी दिक्कत होम लोन की किश्त का महंगा होता जाना है। ऐसे में बजट से होम बायर्स की सबसे बड़ी उम्मीद होम लोन के ब्याज और मूल धन पर छूट सीमा बढ़ाने की है। इस साल बजट 1 फरवरी 2023 को पेश होना है। मौजूदा समय में होम लोन पर टैक्स छूट की सीमा 2 लाख रुपये है। पिछले कई सालों से ये इसी पर फिक्स है। इसलिए एक्सपर्ट भी टैक्स छूट सीमा बढ़ाने की डिमांड सही मानते हैं। बेसिक होम लोन के सीईओ अतुल मोंगा का कहना है कि सरकार को इसे बढ़ाकर 5 लाख रुपये तक करना चाहिए, खासकर के अफॉर्डेबल हाउस के लिए ऐसा करने से मार्केट में तेजी आएगी और आवासों की बिक्री बढ़ेगी। इसी के साथ रियल एस्टेट सेक्टर चाहता है कि वित्त मंत्री को इस बार अपने बजट में दूसरा घर यानी सेकेंड प्रॉपर्टी की खरीद पर इनकम टैक्स छूट देनी चाहिए।

पाकिस्तान कंगाली से भारतीय कंपनियों के बिजनेस पर होगा असर

नई दिल्ली। महंगाई और सरकारी खजाना खाली होने से पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था बुरी तरह लड़खड़ाते हुए कंगाली की कगार पर पहुंच गई है। इस संकट से उभरने के लिए पाकिस्तानी सरकार विदेशी मुल्कों और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों से लोन के तौर पर आर्थिक सहायता मांग रही है लेकिन उसे कोई कर्ज देने को तैयार नहीं है। ऐसे में अगर हालात श्रीलंका जैसे होते हैं तो इससे सिर्फ पाकिस्तान को ही नहीं बल्कि भारतीय कंपनियों को भी होगा। दरअसल टाटा समेत कुछ कंपनियां ज्वाइंट वेंचर के साथ पाकिस्तान में कारोबार करती है। दोनों देशों के बीच सामानों का आयात-निर्यात होता है। ऐसे में लाजिमी है कि अगर पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था डुबती है तो इन भारतीय कंपनियों के कारोबार पर भी असर देखने को मिलेगा।

इलेक्ट्रिक वाहनों की पहुंच बढ़ाने के लिए अभी जारी रहें सरकार की योजनाएं : वाघ

एजेंसी। नयी दिल्ली।

देश में इलेक्ट्रिक और शून्य-उत्सर्जन वाहनों को बढ़ावा देने के लिए फेम-दो जैसी योजनाओं को तब तक जारी रखा जाना चाहिए जबतक कि ऐसे वाहनों की पहुंच बेहतर स्तर के स्थानीयकरण के साथ एक निश्चित सीमा तक नहीं पहुंच जाता। टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक गिरीश वाघ ने यह बात कही है। वाघ ने कहा कि फेम-दो योजना अगले साल समाप्त हो रही है इसलिए इसके विस्तार पर भी विचार किया जाना चाहिए। इसमें बड़ी इलेक्ट्रिक बसों को सब्सिडी का लाभ उठाने के लिए शामिल किया जाना चाहिए।

गौरतलब है कि देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के त्वरित अंगीकरण एवं विनिर्माण के दूसरे चरण (फेम -दो) को 2019 में मंजूरी दी गई थी। उन्होंने कहा, सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) या शून्य-उत्सर्जन वाहनों की मांग को बढ़ावा देने के लिए शानदार काम किया है। सरकार ने फेम चरण-एक हो, चरण दो हो, राज्य स्तर के प्रोत्साहन हों या उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के अलावा बहुत सारे नीतिगत उपाय किए हैं। वाघ ने कहा, हमारी सरकार से यह अपेक्षा है कि इसे तब तक जारी रखा जाए जब तक कि ईवी की पैठ एक विशेष सीमा को पार नहीं कर लेती है, जहां स्थानीयकरण का स्तर भी अच्छा हो। उन्होंने आगे कहा कि सरकार के इन उपायों से बड़े पैमाने पर ग्राहकों की चिंता के मुद्दों का भी समाधान हो जाएगा। वाघ ने कहा कि सरकार को उद्योग के साथ योजना को लेकर विचार-विमर्श करना चाहिए कि क्या इन वाहनों को फेम-दो योजना के तहत सब्सिडी के लिए शामिल करना उचित है। सरकार ने 2021 में 10,000 करोड़ रुपये की फेम-दो योजना को 31 मार्च, 2024 तक बढ़ा दिया था।

सेबी ने म्यूनिसिपल बॉन्ड पर जारी किया सूचनात्मक ब्योरा

नयी दिल्ली। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने स्थानीय निकायों की तरफ से जारी होने वाले म्यूनिसिपल बॉन्ड के बारे में एक सूचनात्मक डेटाबेस (ब्योरा) जारी किया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने रविवार को एक बयान में कहा कि बॉन्ड बाजार के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए 20-21 जनवरी को दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में म्यूनिसिपल बॉन्ड पर यह डेटाबेस जारी किया गया। इस डेटाबेस में म्यूनिसिपल बॉन्ड के बारे में तमाम जानकारियां एवं आंकड़े उपलब्ध कराए गए हैं। इसमें सेबी की तरफ से म्यूनिसिपल बॉन्ड के बारे में समय-समय पर जारी निदेशों एवं परिपत्रों का भी विवरण दिया गया है। इस मौके पर सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने ढांचागत विकास और राष्ट्र-निर्माण में म्यूनिसिपल बॉन्ड की भूमिका पर प्रकाश डाला।

अल्ट्राटेक सीमेंट के समेकित लाभ में गिरावट, 1062 करोड़ रुपए रहा

एजेंसी। नई दिल्ली।

आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में समेकित शुद्ध लाभ 37.9 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,062.58 करोड़ रुपए पर आ गया। अल्ट्राटेक सीमेंट ने शनिवार को शेयर बाजारों को दी गई एक सूचना में कहा कि एक साल पहले की समान तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 1,710.14 करोड़ रुपए रहा था। हालांकि अक्टूबर-दिसंबर 2022 की तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 19.53 प्रतिशत बढ़कर 15,520.93 करोड़ रुपए हो गई। एक साल पहले की समान तिमाही में उसकी आय 12,984.93 करोड़ रुपए रही थी। समीक्षाधीन अवधि में कंपनी का कुल व्यय भी 23.65 प्रतिशत बढ़कर 14,123.56 करोड़ रुपए हो गया जो एक साल पहले की समान अवधि में 11,422.05 करोड़ रुपए था। कंपनी ने कहा कि आलोच्य अवधि में ईंधन लागत 33 प्रतिशत और कच्चे माल की लागत 13 प्रतिशत तक बढ़ जाने से उसकी परिचालन लागत बढ़ गई।

पेज एक के शेष

सुप्रीम कोर्ट ने...

न्यायालय के न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय को देखना शुरू कर देते हैं और तब उसके अधीन हो जाते हैं। कानून मंत्री ने एक अन्य ट्वीट में कहा, वास्तव में अधिकांश लोगों के विचार समान हैं। यह केवल वे लोग हैं जो संविधान के प्रावधानों और लोगों के जनादेश की अवहेलना करते हैं और सोचते हैं कि वे भारत के संविधान से ऊपर हैं। अतीत में, कानून मंत्री ने कॉलेजियम प्रणाली की आलोचना की थी और इसे संविधान से अलग करार दिया था। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम (एनजेएसी) और संबंधित संविधान संशोधन को रद्द करने के शीर्ष अदालत के फैसले पर भी सवाल उठाया है। एनजेएसी लाकर सरकार ने 1992 में अस्तित्व में आई कॉलेजियम प्रणाली को उलटने की कोशिश की थी।

दूसरे कॉलेजों में...

का कहना है कि कि यदि नई गाइडलाइन के आधार पर किसी एक शहर के विभिन्न उच्च शिक्षण अपने संसाधनों का सांझा इस्तेमाल करते हैं, तो इससे निश्चित तौर पर छात्रों के साथ-साथ इन संस्थानों को भी फायदा होगा। यूजीसी चेयरमैन के मुताबिक किसी शहर का एक शिक्षण संस्थान अतिथि के रूप में वहां मौजूद संसाधन संपन्न किसी अन्य शिक्षण संस्थान के संसाधनों का इस्तेमाल सकता है। इस योजना से अतिथि संस्थानों के छात्रों को दूसरे विश्वविद्यालयों या कॉलेजों की लाइब्रेरी में भी पढ़ने का अवसर मिलेगा। छात्र वहां की प्रयोगशालाओं में जाकर शोध भी कर सकेंगे। केंद्रीय विश्वविद्यालयों के अलावा देश में इंजीनियरिंग समेत कई अन्य पाठ्यक्रमों के शीर्षस्थ संस्थान आईआईटी भी इस मामलों में छात्रों के लिए मददगार हो सकते हैं। वहीं, केंद्रीय विश्वविद्यालयों के अलावा भी कई विश्वविद्यालय एवं उच्च शिक्षण संस्थान हैं, जहां अन्य शिक्षण संस्थानों के मुकाबले अधिक साधन व संसाधन उपलब्ध हैं। इनमें कई राज्य स्तरीय कॉलेज व विश्वविद्यालय भी शामिल हैं।

रिटायर्ड जजों, नौकरशाहों...

बुनियाद पर सवाल उठाता है, एक ऐसा राष्ट्र जो भारत के लोगों की इच्छा के अनुसार चलता है। सीरीज में स्पष्ट रूप से तथ्यात्मक त्रुटियों के अलावा, 'कथित रूप से' और 'कथित तौर पर' शब्दों का बार-बार उपयोग किया गया है (तथ्यात्मक रूप से नहीं) - इससे प्रेरित विकृति की बू आती है जो निराधार है, क्योंकि यह है नापाक।

13 सेवानिवृत्त न्यायाधीशों, 133 सेवानिवृत्त नौकरशाहों और 156 सेवानिवृत्त सशस्त्र बलों के कर्मियों सहित कुल 302 प्रतिष्ठित नागरिकों ने पत्र पर हस्ताक्षर किए। हस्ताक्षर करनेवालों में पूर्व विदेश सचिव शशांक, पूर्व गृह सचिव एलसी. गोयल, रॉ के पूर्व प्रमुख संजीव त्रिपाठी, उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी ओपी सिंह सहित अन्य शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात दंगों की वर्षों की कड़ी जांच के बाद शीर्ष अदालत द्वारा नियुक्त विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा दाखिल क्लोजर रिपोर्ट को बरकरार रखा था।

पत्र में कहा गया है : तो अब हमारे पास एक ब्रिटिश मीडिया संगठन बीबीसी है, जो स्वाभाविक रूप से सनसनीखेज बातें फैलाता है, भले ही इसका आधार कितना भी झूठा क्यों न हो, खुद को दूसरे अनुमान के लिए स्थापित करता है और भारतीय सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को खारिज करता है। बीबीसी की दुर्भावना और इस सीरीज के पीछे की प्रेरणाओं पर सवाल उठाने के लिए हमें प्रेरित करती है। 'इंडिया : द मोदी क्वेश्चन' शीर्षक से एक डॉक्यूमेंट्री बनाने के बजाय, बीबीसी को प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपने स्वयं के पूर्वाग्रहों पर सवाल उठाना चाहिए और 'बीबीसी : द एथिकल क्वेश्चन' नामक एक डॉक्यूमेंट्री बनानी चाहिए। पत्र में लोगों से एक याचिका पर हस्ताक्षर करने का भी आग्रह किया गया है। पत्र के अंत में कहा गया है : बीबीसी की सीरीज के खिलाफ लड़ाई में इस याचिका पर हस्ताक्षर करके हमसे जुड़ें। हम इसे यहां से शुरू करते हैं और हम इसे अपने भारी 'सत्याग्रह' के माध्यम से प्रदर्शित करते हुए समाप्त करते हैं, हमारी सच्ची शक्ति : हमारी देशभक्ति।

बिजली बिल से छुटकारा पाने के लिए लगवा लें सोलर पैनल

नई दिल्ली। रोजमर्रा की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों ने आम लोगों का बजट बिगाड़ रखा है। दूध से लेकर आटे तक की बढ़ती कीमतों की वजह से लोगों का खर्च बढ़ गया है, जिसकी वजह से वो सेविंग नहीं कर पा रहे हैं। आपका भी अगर यही हाल है, तो एक तरीका अपनाकर आप अपने खर्च को कम कर सकते हैं। इससे आपको महंगी बिजली से छुटकारा मिल जाएगा। लेकिन इसके लिए एक बार आपको मोटी रकम खर्च करनी पड़ेगी। अगर आप अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवा लें, तो आपको बिजली बिल से छुटकारा मिल जाएगा। अपने घर की छत पर आप सोलर पैनल लगवाकर जरूरत भर की बिजली आसानी से पैदा कर सकते हैं। सरकार इसके लिए सब्सिडी देती है। सोलर पैनल लगवाने से पहले इस बात की जानकारी हासिल कर लें कि आपके घर में हर रोज बिजली की खपत कितनी है।

परियोजना 343 परियोजनाओं की लागत 4.5 लाख करोड़ तक बढ़ गई

भूमि अधिग्रहण में देरी बेहद नुकसानदेह

एजेंसी। नई दिल्ली

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक के खर्च वाली 343 परियोजनाओं की लागत तय अनुमान से 4.5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा बढ़ गई है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की दिसंबर, 2022 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,438 परियोजनाओं में से 343 की लागत बढ़ गई है, जबकि 835 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इन 1,438 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 20,35,794.75 करोड़ रुपए थी लेकिन अब इसके बढ़कर 24,86,069.52 करोड़ रुपए हो जाने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 22.12 प्रतिशत यानी 4,50,274.77 करोड़ रुपए बढ़ गई है।" रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर, 2022 तक इन परियोजनाओं पर 13,45,794.16 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 54.13 प्रतिशत है। हालांकि, मंत्रालय ने कहा है कि यदि परियोजनाओं के पूरा होने की हालिया समय सीमा के हिसाब से देखें तो देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या कम होकर 673 पर आ जाएगी। वैसे इस रिपोर्ट में 342 परियोजनाओं के चालू होने के साल के बारे में जानकारी नहीं दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी से चल रही 835 परियोजनाओं में से 160 परियोजनाएं एक महीने से 12 महीने, 134 परियोजनाएं 13 से 24 महीने की, 411 परियोजनाएं 25 से 60 महीने की और 130 परियोजनाएं 61 महीने या अधिक की देरी से चल रही हैं। इन 835 परियोजनाओं में हो रहे विलंब का औसत 40.5 महीने है। इन परियोजनाओं में देरी के कारणों में भूमि अधिग्रहण में विलंब, पर्यावरण और वन विभाग की मंजूरियां मिलने में देरी और बुनियादी संरचना की कमी प्रमुख है। इनके अलावा परियोजना का वित्तपोषण, विस्तृत अभियांत्रिकी को मूर्त रूप दिये जाने में विलंब, परियोजना की संभावनाओं में बदलाव, निविदा प्रक्रिया में देरी, ठेके देने व उपकरण मंगाने में देरी, कानूनी व अन्य दिक्कतें, अप्रत्याशित भू-परिवर्तन आदि की वजह से भी इन परियोजनाओं में विलंब हुआ है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

ब्रिटेन में एक सिख को चार बच्चों के पिता की हत्या का ठहराया दोषी

लंदन। इंग्लैंड में पिछले साल चार बच्चों के पिता की हत्या के मामले में 25 वर्षीय एक सिख समेत दो लोगों को दोषी ठहराया गया है। ब्लोअर्स ग्रीन रोड के गुरदीप संधू और डुडले में रिचमंड रोड के हसन तसलीम ने 39 वर्षीय टैक्सी फर्म के मैनेजर मोहम्मद हारून जेब को 31 जनवरी, 2021 को गोली मार दी। वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस ने एक बयान में कहा कि हारून की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई।

जापान में आग लगने से चार की मौत

टोक्यो। जापान के कोबे शहर में रविवार तड़के एक अपार्टमेंट में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोगों के मरने की आशंका है। क्योडो न्यूज ने बताया कि, अग्निशामकों को स्थानीय समयानुसार लगभग 1.35 बजे कॉल आया कि एक तीन मंजिला आवास परिसर की पहली मंजिल पर एक खिड़की से काला धुआं निकल रहा है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने क्योडो न्यूज के हवाले से बताया कि घटनास्थल पर चार लोगों की मौत की पुष्टि हुई।

तेलंगाना का अधिकारी महिला आईएएस अफसर के घर में घुसा

हैदराबाद। भारतीय प्रशासनिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी स्मिता सभरवाल के हैदराबाद स्थित घर में घुसने के आरोप में एक सरकारी अधिकारी को गिरफ्तार किया गया है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री की सचिव स्मिता, हैदराबाद के पॉश जुबली हिल्स में रहती हैं। अपने घर में घुसपैठिए को देख कर उन्होंने शोर मचाया। फिर सुरक्षा कर्मचारियों ने उस व्यक्ति को पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

क्रिस हिपकिंस होंगे न्यूजीलैंड के नए पीएम

वेलिंगटन। क्रिस हिपकिंस न्यूजीलैंड के 41वें प्रधानमंत्री बनेंगे। इसकी पुष्टि रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में न्यूजीलैंड लेबर पार्टी ने की। लेबर पार्टी कॉकस मीटिंग ने कॉकस सदस्य, शिक्षा, पुलिस और लोक सेवा मंत्री और सदन के नेता क्रिस हिपकिंस को नए पार्टी नेता के रूप में वोट दिया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जैकिंडा अर्डर्न की जगह लेने के लिए हिपकिंस एकमात्र नामांकित व्यक्ति थे।

पाक सीमा पर बीएसएफ ने शुरू किया 'ऑपरेशन अलर्ट'

एजेंसी। नई दिल्ली

देश भर में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। ऐसे में आतंकी सीमा पर अपने नापाक मंसूबों को अंजाम ना दे पाएं इसके लिए भारत की प्रथम रक्षा पंक्ति यानी सीमा सुरक्षा बल ने भी कमर कस ली है। इसी कड़ी में बीएसएफ ने गुजरात में पाकिस्तान से लगी अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर ऑपरेशन अलर्ट अभ्यास शुरू किया है। ये 21 जनवरी से 28 जनवरी 2023 तक 7 दिनों के लिए होगा। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि ऑपरेशन अलर्ट अभ्यास भारत-पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सर क्रीक से गुजरात के कच्छ के रण और राजस्थान के बाड़मेर जिले तक किया जा रहा है। बीएसएफ ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान राष्ट्र विरोधी तत्वों के किसी भी नापाक मंसूबों को विफल करने के लिए ऑपरेशन अलर्ट अभ्यास किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार इस अभ्यास के दौरान अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के आस-पास के क्षेत्रों के साथ-साथ क्रीक और हरामी नाला में विशेष अभियान चलाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, विभिन्न आपरेशनल कार्यपद्धतियों की सटीकता एवं वैधता की जांच के साथ-साथ इस अवधि में सीमावर्ती लोगों के साथ मेल मिलाप कार्यक्रम भी किए जाएंगे। बीएसएफ ने बताया कि हरामी नाला और क्रीक के इलाकों से अक्सर घुसपैठ की संभावना बनी रहती है। ऐसे में इन इलाकों में पेट्रोलिंग बढ़ाने के साथ साथ इन क्षेत्रों में इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस भी बढ़ा दिया गया है। वहीं इस दौरान सेक्टर हेड क्वार्टर के सभी अधिकारी 28 जनवरी तक बॉर्डर के नजदीक जवानों के साथ उनकी हौसला अफजाई करने के लिए तैनात रहेंगे। इधर, बीएसएफ ने राजस्थान की सीमा पर ऑपरेशन सर्द हवा की शुरुआत की है। दरअसल, सर्दियों के दिनों में कोहरे और धुंध की वजह से सीमा पार से घुसपैठ और किसी भी तरह की नापाक हरकत से निपटने के लिए सीमा सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर आ जाती है।

गणतंत्र दिवस को लेकर भारत की प्रथम रक्षा पंक्ति ने कसी कमर

21 जनवरी से 7 दिनों के लिए होगा ऑपरेशन अलर्ट

अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के आस-पास के क्षेत्रों में चलाए जाएंगे अभियान

धमाकों की जांच के लिए एनआईए की टीम पहुंची जम्मू

जम्मू। जम्मू के बजाल्टा इलाके में हुए तीन विस्फोटों के एक दिन बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एक टीम रविवार को घटनास्थल पर पहुंची। विस्फोटों में एक पुलिस कांस्टेबल सहित दस लोग घायल हो गए थे। फिलहाल मामले की जांच स्थानीय पुलिस कर रही है, लेकिन संभावना है कि इसे एनआईए को ट्रांसफर कर दिया जाएगा। जांच ने सुझाव दिया है कि यह सीमा पार आतंकवादियों द्वारा किया गया है। पाकिस्तान स्थित आकाओं की भूमिका की जांच की जा रही थी। अतिरिक्त डीजीपी (जम्मू जोन) मुकेश सिंह ने शनिवार को कहा था कि जम्मू शहर के नरवाल इलाके में दो वाहनों में हुए दो विस्फोटों में छह लोग घायल हो गए। बाद में एक और धमाके की सूचना मिली।

55 लाख की हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी। नई दिल्ली

नशीले पदार्थों की तस्करी के प्रयास को विफल करते हुए असम राइफल्स ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है और मिजोरम के चम्फाई इलाके से 55.50 लाख रुपये की हेरोइन बरामद की है। इस पूरी कार्यवाही को दो अलग अलग जगहों पर अंजाम दिया गया। असम राइफल्स की तरफ से ये जानकारी दी गयी है। असम राइफल्स ने रविवार को एक बयान में बताया कि एक खुफिया इनपुट के आधार पर 23 सेक्टर असम राइफल्स की सेरचिप बटालियन ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर मिजोरम के चम्फाई जिले के तलंगसम गांव के सामान्य इलाके में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान दो जगहों पर एक साथ कार्यवाही की गई और दो तस्करों को हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया। असम राइफल्स के मुताबिक बरामद हेरोइन की अनुमानित कीमत 55.50 लाख रुपये है। शुरुआती पूछताछ में पता चला कि ये ड्रग्स सीमा पार तस्करी के लिए भेजे जाने थे। फिलहाल जब्त की गई खेप व पकड़े गये व्यक्तियों को आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए चम्फाई पुलिस को सौंप दिया गया है। आगे की पूछताछ के आधार पर और कार्यवाही हो सकती है।

कैलिफोर्निया में गोलीबारी, 10 लोगों की मौत

एजेंसी। लॉस एंजलिस

कैलिफोर्निया के मोंटेरे पार्क शहर में शनिवार रात हुई गोलीबारी में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय पुलिस ने दी है। पुलिस के अनुसार, शहर में हजारों लोग चीन के चंद्र नववर्ष उत्सव के लिए एकत्र हुए थे। रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना रात करीब 10.20 बजे की है। मोंटेरी पार्क पुलिस विभाग के अधिकारियों ने लगभग 22:22 शहर में वेस्ट गारवे एवेन्यू पर एक स्थानीय व्यवसाय को गोली चलने की कॉल के बारे में जवाब दिया। जब अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे तो वे बड़ी संख्या में लोग और संरक्षक चिल्लाते हुए स्थान से बाहर निकल आए। लॉस एंजलिस कंट्री शेरिफ के कप्तान एंड्रयू मेयर ने कहा : अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और अतिरिक्त पीड़ितों का पता लगाया। गोलीबारी की घटना में दस लोगों की मौत हो गई है और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया। उन्होंने कहा : कम से कम दस अतिरिक्त पीड़ित थे जिन्हें कई स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया।

सुप्रीम कोर्ट के फैसलों की प्रति अब हिंदी सहित अन्य भाषा में भी उपलब्ध कराई जाएगी : चंद्रचूड़

- आरएनएम। नई दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने बार काउंसिल ऑफ महाराष्ट्र एंड गोवा (बीसीएमजी) की ओर से मुंबई के दादर स्थित योगी सभागृह में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों की प्रति (कॉपी) अब हिंदी सहित देश के अन्य क्षेत्रीय भाषा में भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके कारण लोगों को अपनी भाषा में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले की जानकारी मिलेगी।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि देश के अंतिम व्यक्ति को सस्ते में व तेजी से न्याय मिले, इसके हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। जब तक हमारे देश के नागरिक को, जिस भाषा को वह समझता है, उस भाषा में अदालत के फैसले की जानकारी नहीं मिलेगी, तब तक न्याय व्यवस्था की सार्थकता साबित नहीं होगी। उन्होंने कहा कि न्यायालय में तकनीक की मदद से व्यापक बदलाव लाया जा सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से सर्वोच्च न्यायालय के फैसले हर भाषा में उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य शुरू है। व्यवस्था को व्यक्ति के लिए बनाया गया है। इसलिए व्यवस्था व्यक्ति के ऊपर नहीं हो सकती है। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने अदालत की कार्यवाही के सीधे प्रसारण पर भी जोर दिया और कहा, मेरा मिशन है कि न्यायालय कागज रहित और तकनीक सुगम बने। उन्होंने न्यायपालिका में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ने की सराहना करते हुए युवा व नए वकीलों को ज्यादा अवसर देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा- मैं रोजाना आधे घंटे युवा वकीलों को सुनता हूं। इससे देश की नब्ज की जानकारी मिलती है।

ट्रेन रुकवाने के लिए बम होने की झूठी कॉल की, गिरफ्तार

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना में सार्जेंट के रूप में कार्यरत एक व्यक्ति ने मुंबई जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस को 'रुकवाने' के लिए पुलिस कंट्रोल रूम (पीसीआर) को कॉल कर ट्रेन में बम होने की झूठी बात कही, ताकि देर हो जाने के बावजूद ट्रेन पकड़ सके। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि शाम करीब 4.48 बजे एक कॉल आई। फोन करनेवाले ने कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से मुंबई जाने वाली नई दिल्ली-मुंबई राजधानी एक्सप्रेस में बम है। अधिकारी ने कहा, ट्रेन को रुकवाने के लिए पीसीआर को फोन कर झूठी बात कही। अधिकारी ने कहा, उसका पता लगाने के लिए पुलिस और आरपीएफ कर्मचारियों के बीच तस्वीर प्रसारित की गई थी। व्यक्ति की पहचान उसके एयरफोर्स आईडी कार्ड से हुई थी। उसने खुलासा किया कि उसे ट्रेन के लिए देर हो रही थी, क्योंकि उसे अपनी पोस्टिंग के स्थान सांताक्रूज, मुंबई में जाना था।

FILMY हलचल

प्रियंका चाहर चौधरी के साथ काम करना चाहेंगे सलमान

मुंबई। रियलिटी शो करियर बनाने में मदद कर सकते हैं। 'बिग बॉस 16' की प्रतियोगी प्रियंका चाहर चौधरी के लिए यह सच है, क्योंकि सुपरस्टार सलमान खान ने उनके साथ काम करने की इच्छा जताई है। विवादास्पद शो के नवीनतम एपिसोड में, सलमान ने साझा किया कि प्रियंका हिरोइन मैटेरियल हैं और वह भविष्य में उनके साथ काम कर सकते हैं। सलमान ने पूर्व प्रतियोगी साजिद खान से भी प्रियंका की प्रशंसा करवाई क्योंकि साजिद और अब्दू शो में उस वक्त मौजूद थे। कंटेस्टेंट निमृत कौर अहलूवालिया को भी विवादित रियलिटी शो का हिस्सा बनने के बाद एक फिल्म मिली है। निमृत को एकता कपूर की 2010 में आई फिल्म 'लव सेक्स और धोखा' के सीक्वल के लिए साइन किया गया है। अपनी अपकमिंग फिल्म 'एलएसडी 2' को प्रमोट करने के लिए एकता और दिबाकर बनर्जी ने बिग बॉस हाउस में एंट्री की थी। उन्होंने खुलासा किया कि 'एलएसडी 2' बिग बॉस जैसे रियलिटी शो पर आधारित है। 2011 में, सनी लियोन, जिन्हें 'बिग बॉस 5' में एक प्रतियोगी के रूप में देखा गया था, ने महेश भट्ट की 'जिस्म 2' के लिए साइन किया था।

प्रियंका के पति हर कदम पर उनके साथ...!

एजेंसी। लॉस एंजिलिस

भारतीय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस ने अपने अमेरिकी पॉप-स्टार पति निक जोनस की उम्र से ज्यादा बुद्धिमान होने के लिए प्रशंसा की। एसशोबिज डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, 2018 में निक से शादी करनेवाली अभिनेत्री ने खुलासा किया कि कैसे वह उनकी असुरक्षा को दूर करने में उनकी मदद करते हैं। अभिनेत्री ने कहा : वह एक बुद्धिमान व्यक्ति हैं, मुझे हर समय उसकी पुष्टि मिलती है, जब मैं भूल जाती हूं या जब मैं असुरक्षित हो जाती हूं तो वह मेरे जीवन में कोहरे को हटाने में मदद करते हैं, वह लोगों में सर्वश्रेष्ठ देखते हैं। प्रियंका और निक, दोनों अपने करियर में काफी सफल स्टार हैं। दोनों अपनी अपनी सफलता का आनंद ले रहे हैं। दोनों की एक बेटी मालती भी जो एक साल की है।

सुहाना खान और शनाया कपूर ने केंडल जेनर से की मुलाकात

एजेंसी। मुंबई

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की बेटी सुहाना और उनकी दोस्त शनाया कपूर ने दुबई में रियलिटी टीवी स्टार और सुपरमॉडल केंडल जेनर के साथ तस्वीर खिंचवाई। शनाया ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर तीनों की तस्वीरें शेयर की है। सुहाना सिल्वर हील्स के साथ पिंक मिनी ड्रेस में बहुत खूबसूरत लग रही हैं, जबकि शनाया एक लाल फिगर-हगिंग ड्रेस में स्टनिंग लग रही हैं। केंडल ने एक हरे रंग की पोशाक पहनी हुई है और तीनों ने कैमरे के सामने मुस्कुराते हुए पोज दिए। वर्कफ्रंट की बात करें तो, सुहाना नेटफ्लिक्स के लिए जोया अख्तर की 'द आर्चीज' में नजर आएंगी। वह खुशी कपूर, अगस्त्य नंदा, युवराज मेंडा, डॉट, मिहिर आहूजा और वेदांग रैना के साथ अभिनय करेंगी। शनाया कपूर 'बेधड़क' में गुरफतेह पीरजादा और लक्ष्य लालवानी के साथ नजर आएंगी। फिल्म का निर्माण धर्मा प्रोडक्शन कर रहा है और इसका निर्देशन शशांक खेतान कर रहे हैं।

चार साल बाद मंच पर बेयॉन्से की वापसी, दुबई में दी परफॉर्मेंस

एजेंसी। दुबई

चार साल बाद गायिका बियॉन्से ने दुबई में एक शानदार प्रदर्शन दिया। सितारों से सजे यह शो शनिवार रात आयोजित किया गया। वैराइटी की रिपोर्ट के अनुसार, मैटेलिक गोल्ड हेडपीस और चमकदार लाल स्कर्ट पहने हुए वायलिन वादकों ने सबसे पहले मंच पर धूम मचाई और इसके बाद बेयॉन्से ने अपना जादू दिखाया। जैसे ही शो शुरू हुआ वहां मौजूद दर्शकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बेयॉन्से ने अपनी आवाज से सबका दिल जीत लिया। इस दौरान गायिका ने काफी शानदार पोशाक पहनी हुई थी। इस शो के दौरान बेयॉन्से ने तीन अलग अलग तरह की ड्रेस का चुनाव किया। शो के लिए प्रत्येक पोशाक में एक नया वाइब था, जो 'फ्रीडम', 'स्पिरिट' और 'बी अलाइव' जैसे गाथागीतों की तर्ज पर था। लेकिन बियॉन्से ने 'ब्यूटीफुल लायर' और 'नॉटी गर्ल' के साथ सेट पर मस्ती की, जिसके लिए वह रात के अपने अंतिम लुक में नजर आईं। दिलचस्प बात यह है कि बेयॉन्से ने अपने ग्रैमी-नामांकित 2022 'पुनर्जागरण' एल्बम के किसी भी गाने का प्रदर्शन नहीं किया। शो खत्म करने के लिए, सुपरस्टार गायिका और उनके डांसर्स ने 'नॉटी गर्ल' गाना गाया जिस पर सब झूम उठे।

रणनीति

कर्नाटक में मोदी मैजिक, सोशल इंजीनियरिंग और येदुरप्पा फैक्टर

पीएम दौरा कर लगातार दे रहे सौगात

संतोष कुमार पाठक। नई दिल्ली

दक्षिण भारत के राज्य कर्नाटक में इसी वर्ष विधानसभा का चुनाव होना है। चुनाव होने में अब चार महीने से भी कम का समय बाकी रह गया है। भाजपा आलाकमान ने राज्य में फिर से कमल खिलाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। एक ओर जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार राज्य का दौरा कर जनता को सौगातें दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी लगातार राज्य का दौरा कर जातीय समीकरणों के साथ-साथ तमाम क्षेत्रीय समीकरणों को भाजपा के पक्ष में साधने की कोशिश कर रहे हैं। नड्डा मिशन कर्नाटक के तहत शनिवार को भी कर्नाटक में ही थे। कर्नाटक की सत्ता में फिर से वापसी के लिए भाजपा ने मेगा प्लान तैयार किया है। भाजपा की रणनीति इस बार राज्य के लिंगायत मतदाताओं के साथ-साथ वोक्कालिगा मतदाताओं को भी साधकर एक मजबूत सामाजिक समीकरण तैयार करना है।

कांग्रेस के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के गृह राज्य होने के कारण कांग्रेस भी जोर-शोर से विधान सभा चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है। वहीं, वोक्कालिगा समुदाय के समर्थन के बल पर राज्य की राजनीति में अब तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती आई पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा की पार्टी जनता दल-एस भी जोर-शोर से चुनाव की तैयारी कर रही है। भाजपा की रणनीति जहां एक तरफ अपने समर्थक लिंगायत मतदाताओं को पूरी तरह से पार्टी के पक्ष में एकजुट बनाए रखने की है, वहीं इसके साथ ही भाजपा जनता दल-एस के वोट बैंक वोक्कालिगा समुदाय में भी सेंध लगाने की पुरजोर कोशिश कर रही है।